# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 04 सितंबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 298 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ देश को संशय में डालती... ■ केरल ने खारिज की... 04
■ अफगानिस्तान आतंकवादियों के खिलाफ... ■ पूर्वी सीरिया में जानलेवा झड़पें खत्म हों... 09
■ आने वाले दशकों में भूजल की कमी की दर... ■ चंबल अंचल की नई छवि गढ़ेगा चंबल ... 11
■ भारत की निगाहें जीत के ... ■ मिराज-शान्तो के शतक... 10

## 'एक देश, एक चुनाव' पर रार शुरू

# कोविंद से मिले कानून मंत्रालय के अधिकारी, अधीर रंजन समिति से हटे, शाह को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** 'एक देश-एक चुनाव' के मुद्दे पर राजनीति गर्मा गई है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इंडिया यानी भारत, यह राज्यों का संघ है। 'वन नेशन-वन इलेक्शन' का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला है। सरकार का यह कदम पूरी तरह से देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर कमेटी बनाने की यह नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का हथकंडा है। 2024 में लोगों के पास 'वन नेशन वन सॉल्यूशन' है- भाजपा के कुशासन से छुटकारा पाना।

**मैं इस कमेटी में काम नहीं करूंगा: अधीर रंजन** -कमेटी में नाम आने के बाद अधीर रंजन ने गृहमंत्री अमित शाह को लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि मैं इस समिति में काम नहीं करूंगा। इसका गठन ऐसे किया गया है कि नतीजे पहले से तय हो सकें। आम चुनाव से पहले ऐसी समिति सरकार के गुप्त मंसूबों की ओर इशारा करती है, जिसमें संवैधानिक रूप से एक संदिग्ध व्यवस्था को लागू करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को शामिल नहीं करना संसदीय लोकतंत्र का अपमान है।

## लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहती है मोदी सरकार: खड़गे

## राहुल बोले- यह भारतीय संघ पर हमला है

**सरकार ने 18 से बुलाया है विशेष सत्र** -एक देश एक चुनाव की चर्चा के बीच केंद्र सरकार ने संसद का पांच दिन विशेष सत्र बुलाया है। यह 18 सितंबर से शुरू होकर 22 सितंबर तक चलेगा। यह 17वीं लोकसभा का 13वां और राज्यसभा का 261वां सत्र होगा। इसमें 5 बैठकें होंगी। इस सत्र को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं। यह सत्र क्यों बुलाया गया है, इसे लेकर सरकार की तरह से अभी कोई बयान नहीं आया है।

देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर बनाई गई समिति सक्रिय हो गई है। शीर्ष अधिकारियों ने समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को प्रारंभिक जानकारी दे दी है। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति से मुलाकात की।

कोविंद लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर और इस सिलसिले में सिफारिशों के लिए बनाई गई उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष हैं।

## खड़गे ने बुलाई विपक्षी दलों की बैठक

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच सितंबर को अहम बैठक बुलाई है। बैठक में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सांसदों को बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में विपक्षी दल 18 से 22 सितंबर तक होने वाले आगामी विशेष सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। बैठक खड़गे ने राजाजी मार्ग स्थित अपने आवास पर बुलाई है। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। हालांकि, यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है। जोशी ने कहा कि संसद के इस विशेष सत्र में पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अमृत काल के बीच आयोजित होने वाले इस विशेष सत्र के दौरान संसद में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं।

# ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से 10 की मौत



**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर हिस्से में बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तरीय प्रायद्वीप भारत, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में अगले चार दिन भारी से भारी बारिश हो सकती है। इस बीच ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग बुरी तरह झुलस गए। ओडिशा के लिए आईएमडी ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिन बचकर रहें।

ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त के कार्यालय ने कहा कि बिजली गिरने से खुर्दा जिले में चार, बोलांगीर में दो और अंगुल, बौध, जगतसिंहपुर और ढेंकनाल में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसमें कहा गया है कि बिजली गिरने से खुर्दा में भी तीन लोग घायल हो गए। भुवनेश्वर और कटक शहरों सहित ओडिशा के तटीय क्षेत्र में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार दिनों में राज्य के कई हिस्सों में इसी तरह की स्थिति की भविष्यवाणी की है। बयान में कहा गया है कि चक्रवाती परिसंचरण ने मानसून को सक्रिय कर दिया है जिससे पूरे राज्य में भारी बारिश हुई है।

## सार संक्षेप

### उड़ीसा, गौहाटी और केरल हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वकील सिबो शंकर मिश्रा और न्यायिक अधिकारी आनंद चंद्र बेहरा को उड़ीसा हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। इसके अलावा बुदी हाबुंग को गौहाटी हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश और जस्टिस सीएस सुधा को केरल हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया। नियुक्ति की घोषणा कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने की। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले महीने उड़ीसा हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए वकील सिबो शंकर मिश्रा और न्यायिक अधिकारी आनंद चंद्र बेहरा के नामों की सिफारिश की थी।

### सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को हल्के बुखार के लक्षणों के बाद दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उनकी हालत




फिलहाल स्थिर हैं। गंगाराम अस्पताल ने सोनिया गांधी की हेल्थ को लेकर बयान जारी किया है। अस्पताल ने अपने बयान में कहा, 'सोनिया गांधी को यह दिक्कत लंबे समय से है और वो एक रूटीन चेकअप के लिए भर्ती हुई हैं।' इससे पहले सोनिया गांधी को 2023 में दो बार अस्पताल में भर्ती हो चुकी हैं।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-अब एक देश एक कानून पर रार शुरू हो गई है।
**चुहिया- हां प्रिये**-राजनीति के दांव-पेंच असल मुद्दों को लील रहे हैं।




## सौर मिशन : आदित्य-एल-1 ने सफलतापूर्वक किया पहली कक्षा में बदलाव

**बेंगलुरु।** आदित्य-एल1 मिशन के सफल लॉन्चिंग के बाद इसरो ने एक नया अपडेट दिया है। दरअसल, रविवार को इसरो की ओर से जानकारी दी गई है कि देश के पहले सौर मिशन, आदित्य रु का पहला अर्थबाउंड मेन्यूवर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

**5 सितंबर को बदलेगा दूसरी कक्षा**-भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने यह भी कहा कि सैटेलाइट पूरी तरह से स्वस्थ है और संचालन भी काफी सही तरीके से हो रहा है। अगला मेन्यूवर 5 सितंबर, 2023 को लगभग 3.00 बजे के लिए निर्धारित है।

इसरो ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक अपडेट जारी करते हुए कहा, आदित्य-एल1 मिशन-उपग्रह स्वस्थ है और संचालन कर रहा है। पहला अर्थबाउंड मेन्यूवर (ईबीएनम्1) आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। यह कक्षा 245 किमी × 22459 किमी का है। अगला मेन्यूवर (ईबीएनम्2) 5 सितंबर, 2023 को लगभग 03 बजे के लिए निर्धारित है।

# आज मप्र विकसित प्रदेश के रूप में खड़ा हो गया है: नड्डा

## अगर हमारा काम अच्छा और सच्चा है तो आशीर्वाद मिलना चाहिए : शिवराज




### चित्रकूट से शुरू हुई भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा

**सतना, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में हुआ।

भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट के मिचकुरिन से यात्रा शुरू होने से पहले यहां एक सभा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, जनसम्पर्क मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, सांसद सतना गणेश सिंह, सांसद बांदा आरके पटेल, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, शंकर लाल तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, उमेश प्रताप सिंह समेत भाजपा संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा, आज मप्र विकसित प्रदेश के रूप में खड़ा हो गया है।

वर्ष 2002 में यहां 60 किमी की सड़कें बनीं थी, आज 5 लाख किमी हैं। तब 620 सीट मेडिकल में थीं और आज 4000 से ज्यादा छात्र पढ़ रहे हैं। 310 कॉलेज हुआ करते थे और अब 36 शिक्षण संस्थान बने हैं। उद्योग के नाम पर मप्र में कुछ भी नहीं था, आज 112 इंडस्ट्रियल एरिया में काम चल रहा है। स्वच्छता, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण में मप्र पहले नंबर पर खड़ा है। >>शेष पृष्ठ 2 पर

## 'प्रज्ञान' ने काम पूरा किया.. अब चैन की नींद लेगा

### चन्द्रयान-3- अगला अपडेट 22 सितंबर को मिलेगा



**श्रीहरिकोटा।** इसरो ने रोवर को स्लीप मोड में भेज दिया है। अगला अपडेट अब 22 सितंबर को मिलेगा। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी। इसरो ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, रोवर ने अपना कार्य पूरा कर लिया।

इसे अब सुरक्षित रूप से पार्क किया गया है और स्लीप मोड में सेट किया गया है। APXS और LIBS पेलोड बंद हैं। इन पेलोड से डेटा लैंडर के माध्यम से पृथ्वी पर प्रेषित किया जाता है। फिलहाल, बैटरी पूरी तरह चार्ज है। सौर पैनल 22 सितंबर, 2023 को अपेक्षित अगले सूर्योदय पर प्रकाश प्राप्त करने के लिए उन्मुख है। रिसीवर चालू रखा गया है। असाइनमेंट के दूसरे सेट के लिए सफल जागृति की आशा! अन्यथा, यह हमेशा भारत के चंद्र राजदूत के रूप में वहीं रहेगा। इससे पहले इसरो चीफ ने प्रमुख एस >>शेष पृष्ठ 2 पर

## भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाएगी कांग्रेस

### 7 सितंबर को देशभर में पदयात्रा निकाली जाएगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी अपनी भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन करेगी। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 7 सितंबर को शाम पांच बजे से छह बजे के बीच देशभर में पदयात्रा निकाली जाएगी। पिछले साल 7 सितंबर को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से भाजयुमो की यात्रा की थी और इस साल जनवरी में इसका समापन जम्मू-कश्मीर में किया था। कांग्रेस ने कहा कि यात्रा उसके सबसे निर्णायक जन संपर्क कार्यक्रमों में से एक थी।

## मणिपुर : इंफाल में अंतिम बचे 10 कुकी परिवारों को किया गया शिफ्ट, सामान पैक करने का भी नहीं दिया समय

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल में 10 कुकी परिवारों को कांगपोकपी में स्थानांतरित किया गया। चार महीने पहले राज्य मे जातीय हिंसा भड़कने के बावजूद वह अपने घरों को छोड़ कर कहीं नहीं गए थे।

एक अधिकारी ने बताया कि इन परिवारों को उत्तरी किनारे पर कुकी-प्रभुत्व वाले कांगपोकपी जिले में ले जाया गया, क्योंकि ये हमलावरों के टारगेट में बने हुए थे। 10 कुकी परिवारों को इंफाल से लगभग 25 किमी दूर कांगपोकपी जिले के मोटबुंग तक सुरक्षित मार्ग प्रदान किया गया।

**कुकी परिवार का आरोप**-इन सब के बीच कुकी परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें न्यू लाम्बुलेन क्षेत्र में मोटबुंग में उनके आवासों से जबरन बेदखल किया गया है। कुकी इलाके की सुरक्षा करने वाले स्वयंसेवकों में से एक एस प्राइम वैफेई ने दावा किया है कि कुछ वर्दीधारी सशस्त्र कर्मियों की एक टीम 1 सितंबर की रात इंफाल के न्यू लाम्बुलेन में आई और 2 सितंबर को इम्फाल में कुकी इलाके में बचे अंतिम निवासियों को उनके घरों से जबरन बेदखल कर दिया गया।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com



## समस्या चांद पर टूथब्रश, दस्ताना, मलबा

# चन्द्रमा पर इंसानों ने छोड़ा 200 टन कचरा, जिम्मेदारी किसकी?

**नई दिल्ली।** चांद हमेशा से अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। चांद के इस खूबसूरती का लोग दुहाई देते हैं। इस खूबसूरत गोले के बारे में जानने के लिए लोग चांद पर चढ़ाई कर रहे हैं। जहां भारत ने अभी चंद्रयान-3 को लॉन्च किया उसी तरह हर साल कई देश चांद के अध्ययन के लिए तेजी से उपग्रह लांच कर रहे हैं। इस वजह से अब चांद पर भी कचरे का अंबार बन रहा है।

कबाड़ के छोटे-छोटे टुकड़े शायद कोई बड़ा मुद्दा न लगें लेकिन वह मलबा 24,140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घूम रहा है जो एक गोली से 10 गुना तेज है। उस गति से पेंट का एक टुकड़ा भी एक स्पेससूट को छेद सकता है। टकराव की स्थिति में यह किसी उपग्रह या अंतरिक्ष यान को महत्वपूर्ण क्षति पहुंचा सकता है। 1978 में नासा के विज्ञानी डोनाल्ड केसलर के अनुसार परिक्रमा कर रहे मलबे के टुकड़ों के बीच टकराव से अधिक मलबा बनता है। इससे मलबे की मात्रा तेजी से बढ़ती है, जो संभावित रूप से पृथ्वी के निकट की कक्षा को अनुपयोगी बना सकती है। विशेषज्ञ इसे 'केसलर सिंड्रोम' कहते हैं।



विकासशील देशों में इंटरनेट पहुंचाने, पृथ्वी पर कृषि और जलवायु की निगरानी करने सहित कई जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से उपग्रह लांच किए जा रहे हैं। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए मानव अब पृथ्वी से परे अंतरिक्ष और दूसरे ग्रहों तक पहुंच बना रहा है। इससे अंतरिक्ष में भीड़ बढ़ने लगी है। इसकी वजह से अंतरिक्ष में कचरे का अंबार भी बढ़ रहा है जिसके लिए जवाबदेही किसी की तय नहीं है। पृथ्वी की कक्षा में अव्यवस्था में निष्क्रिय अंतरिक्ष यान, बेकार राकेट बूस्टर और अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा छोड़ी गई वस्तुएं जैसे दस्ताना, रिंच और टूथब्रश शामिल हैं। इसमें पेंट के टुकड़े जैसे मलबे के छोटे टुकड़े भी शामिल हैं। ये मलबा पृथ्वी से सैकड़ों मील ऊपर अंतरिक्ष में तैरते हैं। विशेषज्ञों ने इस कबाड़ से भविष्य में होने वाले खतरों के प्रति अगाह किया है।

**जिम्मेदारी किसी की तय नहीं**-1967 की संयुक्त राष्ट्र अंतरिक्ष संधि के अनुसार कोई भी देश चंद्रमा या उसके किसी भी हिस्से का स्वामित्व नहीं कर सकता है और आकाशीय पिंडों का उपयोग केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए। हालांकि संधि में इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है कि अंतरिक्ष संसाधनों का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे नहीं। 1979 के संयुक्त राष्ट्र चंद्रमा समझौते में माना गया कि चंद्रमा और उसके प्राकृतिक संसाधन मानवता की साझी विरासत हैं।

हालांकि अमेरिका, रूस और चीन ने इस पर कभी हस्ताक्षर नहीं किए। अंतरिक्ष कबाड़ से जुड़ी किसी व्यस्थित कानून का न होना और अंतरिक्ष अन्वेषण में आगे निकलने की होड़ का मतलब साफ है कि अंतरिक्ष कबाड़ और कचरा जमा होता रहेगा, साथ ही संबंधित समस्याएं और खतरे भी।

# देश-विदेश

## राहुल-प्रियंका का रिश्ता आम भाई-बहन जैसा नहीं: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राहुल और प्रियंका गांधी के रिश्ते पर तंज कसते हुए एक वीडियो जारी किया है। इसके कैप्शन में लिखा- राहुल गांधी और प्रियंका का रिश्ता एक आम भाई-बहन जैसा नहीं है। प्रियंका राहुल से तेज हैं, पर राहुल के इशारे पर ही पार्टी नाच रही है, सोनिया गांधी भी पूरी तरह राहुल के साथ हैं। घमंडिया गठबंधन की मीटिंग से प्रियंका का गायब होना यूं ही नहीं है। बहन का इस्तेमाल सिर्फ चुनाव प्रचार के लिए किया जा रहा है।

### मोदी ने यूएन में सुधार का किया आह्वान

## कहा- 20वीं सदी के मध्य का दृष्टिकोण अब दुनिया की सेवा नहीं कर सकता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 20वीं सदी के मध्य का दृष्टिकोण 21वीं सदी में दुनिया की सेवा नहीं कर सकता। इसलिए हमारे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को बदलती वास्तविकताओं को पहचानने, अपने निर्णय लेने वाले मंचों का विस्तार करने, अपनी प्राथमिकताओं पर फिर से विचार करने और उन आवाजों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की जरूरत है, जो मायने रखती हैं। जब यह समय पर नहीं किया जाता है तो छोटे या क्षेत्रीय मंचों को अधिक महत्व मिलना शुरू हो जाता है।



**जी-20 को आशा के साथ देख रहे कई देश- मोदी**-पीएम मोदी ने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में जी-20 को लेकर खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जी-20 उन संस्थानों में से एक है, जिसे कई देश आशा के साथ देख रहे हैं, क्योंकि दुनिया कार्यों और परिणामों की तलाश में है, चाहे वे कहीं से भी आएं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 ने भारत को अपनी मानव-केंद्रित दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया है और मानवता के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सहयोगात्मक रूप से काम किया है।गौरतलब है कि भारत इस समय त्20 का अध्यक्ष हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन राजधानी दिल्ली में नौ और 10 सितंबर को किया जाएगा, जिसमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष, शासनाध्यक्ष और प्रतिनिधि शामिल होंगे।

भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार के लिए दबाव डाल रहा है। वह सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतरसरकारी वार्ता (आईजीएन) में कोई सार्थक प्रगति नहीं होने से नाराज है। भारत को यूएनएससी में स्थायी सदस्यता का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।


**पांच देशों को मिला है वीटो पॉवर**-मौजूदा समय में यूएनएससी में पांच स्थायी सदस्य और 10 गैर-स्थायी सदस्य देश शामिल हैं। गैर-स्थायी सदस्य संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। पांच स्थायी सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका हैं। इनके पास वीटो पावर है। दुनिया के कई देश स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## दुनिया भर में मची है सूर्य की गुत्थी सुलझाने की होड़

**नई दिल्ली।** इसरो के अपने पहले सौर मिशन आदित्य-1 के सफल प्रक्षेपण के साथ ही दुनिया के विभिन्न देशों द्वारा चलाए जा रहे सूर्य अभियानों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अमेरिका, जापान, चीन समेत कई देश सूर्य के गूढ़ रहस्य को सुलझाने में जुटे हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजंसी नेशनल एरोनाटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने अगस्त 2018 में पार्कर सोलर प्रोब का प्रक्षेपण किया था।

दिसंबर 2021 में, पार्कर ने सूर्य के ऊपरी वायुमंडल 'कोरोना' से उड़ान भरी और वहां कणों और चुंबकीय क्षेत्रों की जानकारी लेने का प्रयास किया। नासा के अनुसार, यह पहली बार था कि किसी अंतरिक्ष यान ने सूर्य से संबंधित पहलुओं का अध्ययन किया। नासा ने फरवरी 2020 में यूरोपीय अंतरिक्ष एजंसी के साथ हाथ मिलाया और डेटा एकत्र करने के लिए 'सोलर आर्बिटर' का प्रक्षेपण किया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि सूर्य ने पूरे सौर मंडल में लगातार बदलते अंतरिक्ष वातावरण को कैसे निर्मित और नियंत्रित किया। नासा की ओर से अन्य सक्रिय सौर मिशन में अगस्त, 1997 में प्रक्षेपित 'एडवांस्ड कंपोजिशन एक्सप्लोरर', अक्तूबर, 2006 में प्रक्षेपित सोलर टेरेस्ट्रियल रिलेशंस आर्बजवेट्री, फरवरी, 2010 में प्रक्षेपित सोलर डायनेमिक्स वेधशाला, और जून 2013 में प्रक्षेपित इंटरफेस रीजन इमेजिंग स्पेक्ट्रोग्राफ शामिल हैं।

इसके अलावा, दिसंबर, 1995 में नासा, ईएसए और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजंसी (जेएएक्सए) ने संयुक्त रूप से सोलर एंड हेलिओस्फेरिक आब्जर्वेटरी (एसओएचओ) का प्रक्षेपण किया था। जापान की अंतरिक्ष एजंसी जेएएक्सए ने 1981 में अपना पहला सौर प्रेक्षण उपग्रह, हिनोटोरी (एस्ट्रो-ए) प्रक्षेपित किया। जेएएक्सए के अनुसार, इसका उद्देश्य कठोर एक्स-रे का इस्तेमाल करके सौर ज्वालाओं का अध्ययन करना था। जेएएक्सए के अन्य सौर अन्वेषण मिशन में 1991 में प्रक्षेपित योहकोह (सोलर-ए), 1995 में प्रक्षेपित



एसओएचओ (नासा और ईएसए के साथ), और 1998 में नासा के साथ ट्रांजिएंट रीजन एंड कोरोनल एक्सप्लोरर (ट्रेस) शामिल हैं।

वर्ष 2006 में, हिनोड (सोलर-बी) लांच किया गया था, जो परिक्रमा करने वाली सौर वेधशाला योहकोह (सोलर-ए) का उत्तराधिकारी था। जापान ने इसे अमेरिका और ब्रिटेन के साथ मिलकर प्रक्षेपित किया था। हिनोड का उद्देश्य पृथ्वी पर सूर्य के प्रभाव का अध्ययन करना है। योहकोह का उद्देश्य सौर ज्वालाओं और सौर कोरोना का निरीक्षण करना था। जेएएक्सए की वेबसाइट के अनुसार, यह लगभग पूरे 11 साल के सौर गतिविधि चक्र को ट्रैक करने वाला पहला उपग्रह था। अक्तूबर 1990 में, यूरोपीय एजंसी ने सूर्य के ध्रुवों के ऊपर और नीचे अंतरिक्ष के पर्यावरण का अध्ययन करने के लिए यूलिसिस का प्रक्षेपण किया, जिससे वैज्ञानिकों को सूर्य के आसपास के अंतरिक्ष पर पड़ने वाले परिवर्तनशील प्रभाव के बारे में जानकारी मिली। नासा और जेएएक्सए के सहयोग से प्रक्षेपित विभिन्न सौर मिशन के अलावा, ईएसए ने अक्टूबर, 2001 में प्रोजेक्ट फार आनबोर्ड आटोनोमी (प्रोबा)-2 प्रक्षेपित किया।

प्रोबा-2, प्रोबा श्रृंखला का दूसरा मिशन है, जो लगभग आठ वर्षों के प्रोबा-1 के सफल अनुभव पर आधारित है। यह बात और है कि प्रोबा-1 सौर अन्वेषण मिशन नहीं था। ईएसए के आगामी सौर मिशनों में 2024 के लिए निर्धारित प्रोबा-3 और 2025 के लिए निर्धारित स्माइल शामिल हैं।

चीन ने एडवांस्ड स्पेस-बेस्ड सोलर आब्जर्वेट्री (एएसओ-एस) को नेशनल स्पेस साइंस सेंटर, चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) द्वारा अक्तूबर, 2022 में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था। सेंटर की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, एएसओ-एस मिशन को सौर चुंबकीय क्षेत्र, सौर ज्वालाएं और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के बीच संबंधों की जानकारी हासिल करने के लिए डिजाइन किया गया है। सौर ज्वालाएं और सीएमई विस्फोटक सौर घटनाएं हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि ये सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र में परिवर्तन से प्रेरित होती हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### आज मध्यप्रदेश विकसित....

भाजपा के शासन में अति गरीबी कम हुई है। उन्होंने कहा, भाजपा ने जहां विकास किया, वहीं कांग्रेस ने विनाश में कसर नहीं छोड़ी थी। कांग्रेस पर निशाना साध उन्होंने कहा कि राहुल ये जो आपने मोहब्बत की दुकान चलाई है वह नफरत फैला रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा में भाजपा अपने रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से जनता को बताएगी कि 20 साल पहले मप्र क्या था और 20 साल बाद क्या है।

**राम कृपा बिनु सुलभ न सोई**-मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, बिनु सत्संग विवेक ना होई, राम कृपा बिनु सुलभ ना सोई। उन्होंने कहा, आज हम सबका सौभाग्य है जो चित्रकूट की जनता से आशीर्वाद लेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं। विधानसभा चित्रकूट से उम्मीदवार सुरेंद्र सिंह गहरवार के लिए भी मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद मांगा। अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री बोले, 2003 से अब तक विंध्य ने भरपूर आशीर्वाद दिया था। भरोसा है, एक बार फिर आपका आशीर्वाद मिलेगा।

**संकट के पार निकाल ले जाएंगे**-मुख्यमंत्री ने कहा, किसान संकट में हैं, एक महीने से पानी नहीं गिरा। चिंता मत करना, संकट के पार निकाल ले जाएंगे। पानी के लिए बांध बनाएंगे जिसमें नागौद के रास्ते नर्मदा का जल भी आएगा। कांग्रेस पर निशाना साधकर उन्होंने कहा, जब कांग्रेस थी तब चारों तरफ डाकुओं का आतंक रहता था। हमने कहा था, या तो डाकू रहेंगे या हम रहेंगे। एक तरफ आतंक का अंत हुआ दूसरी तरफ विकास के काम हुए। बेईमान कांग्रेस ने तीर्थ यात्रा के साथ जनकल्याण की सभी योजना बंद कर दी थीं। आज निवेदन करने आया हूं, अगर हमारा अच्छा और सच्चा है तो आशीर्वाद मिलना चाहिए। कांग्रेस की मायावी बातों में मत आना।

#### प्रज्ञान रोवर ने काम पूरा....

सोमनाथ ने कहा था कि- चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 के रोवर और लैंडर ठीक से काम कर रहे हैं और चूंकि चंद्रमा पर अब रात हो जाएगी इसलिए इन्हें ''निष्क्रिय किया जाएगा। सोमनाथ ने कहा कि लैंडर 'विक्रम और रोवर 'प्रज्ञान अब भी काम कर रहे हैं और ''हमारी टीम अब वैज्ञानिक साजो-सामान के साथ ढेर सारा काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''अच्छी खबर यह है कि लैंडर से रोवर कम से कम 100 मीटर दूर हो गया है और हम आने वाले एक या दो दिन में इन्हें निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं, क्योंकि वहां (चांद पर) रात होने वाली वाली है। अब तक चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान पर लगे एक उपकरण ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सतह में गंधक होने की स्पष्ट रूप से पुष्टि की है। इसरो ने यह भी कि कहा कि उपकरण ने उम्मीद के मुताबिक एल्युमीनियम, कैल्शियम, लौह,क्रोमियम, टाइटेनियम, मैंगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन का भी पता लगाया है।

इसरो ने 23 अगस्त की शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग कराकर इतिहास रच दिया। चांद पर पहुंचने वाला भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद चौथा देश बना। वहीं, दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बन गया। रूस ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना मिशन लूना 25 की सॉफ्ट लैंडिंग कराने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सका। रूस के लैंडर की चंद्रमा परक्रैश लैंडिंग हुई।

### आंध्र प्रदेश के बापटला में दर्दनाक सड़क हादसा

## लॉरी और ऑटो रिक्शा की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**बापटला।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। ऑटो रिक्शा और लॉरी के बीच हुई जोरदार टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक ये हादसा गुंटूर-कुर्नूल राजमार्ग पर हुआ।

दरअसल, ऑटो रिक्शा में करीब सात लोग सवार थे, जो एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ऑटो रिक्शा जब बापटला के गुंटूर-कुर्नूल राजमार्ग पर पहुंचा तो संथामागुलुरु गांव के पास उसकी टक्कर एक लॉरी से हो गई। दोनों के बीच भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि इस हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। ये हादसा सुबह करीब 4.30 के बीच हुआ।

### जी-20 बैठकों को लेकर चीन की आपत्ति खारिज

## प्रधानमंत्री मोदी बोले, देश के हर हिस्से में बैठक होना स्वभाविक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह स्वभाविक है कि जी-20 की बैठकें देश के हर हिस्से में आयोजित होंगी। प्रधानमंत्री ने चीन की उन आपत्तियों को खारिज कर दिया, जिनमें चीन ने अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर में जी-20 बैठकों का आयोजन होने पर नाराजगी जताई थी। भारत की अध्यक्षता में जम्मू कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश समेत कई जगहों पर जी-20 की बैठकें आयोजित की गईं।

### पाक को भी था ऐतराज

भारत की संस्कृति और विविधता को दर्शाने के लिए सरकार ने देश के अलग-अलग हिस्सों में जी-20 की बैठकें आयोजित की थी। ये बैठकें अरुणाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में भी आयोजित की गईं थी। इस पर चीन और पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी क्योंकि चीन अरुणाचल प्रदेश को और पाकिस्तान जम्मू कश्मीर को 'विवादित' मानते हैं। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने चीन, पाकिस्तान की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि 'यह सवाल उस वक्त वैध होता अगर हमने उन जगहों पर बैठकें करने से परहेज किया होता।

हमारा देश विशाल और विविधताओं से भरा है। जब देश में जी20 बैठकें हो रही हैं तो ये स्वभाविक है कि यह देश के हर हिस्से में आयोजित की जाएंगी।' पर्यटन के मुद्दे पर जी-20 वर्किंग ग्रुप की तीन दिवसीय बैठक 22 मई को श्रीनगर में हुई थी। इस दौरान चीन को छोड़कर अन्य जी20 देशों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में शिरकत की थी। वहीं मार्च में अरुणाचल प्रदेश में भी जी-20 की बैठक हुई थी।

### अरुणाचल विधानसभा का सत्र आज से

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का सत्र चार दिवसीय बैठक के लिए सोमवार से शुरू होगा। राज्य सरकार द्वारा तीन महत्वपूर्ण विधेयक और एक विपक्षी विधायक द्वारा एक निजी विधेयक पेश किया जाएगा। सत्र की शुरुआत अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्रियों करदु ताइपोदिया, नीलम ताराम और चाउ तेवा मीन के सम्मान में श्रद्धांजलि के साथ होगी।


**PUBLIC NOTICE**

I hitherto known as THAMPI. S S/o Late. THANKCHAN Employed as Post ARMR. Section WSG, T.No. 665 at 506 Army Base WKSP, Jabalpur (M.P.), Residing at H.No.2889/2, Saket Nagar Chandra Shekhar Ward Ranjhi Near St. Joseph Convent School Monegaon, Khamaria, Jabalpur (M.P.) have changed my name shall hereafter be known as THAMPI. S. MATHEW

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

THAMPI. S
Signature (in existing old name)



**पुरुषार्थी गृह निर्माण समिति की साधारण/आमसभा सम्मिलित सदस्यों को सूचना**

**आम सूचना**

दिनांक 24/09/2023 दिन रविवार को प्रातः 11 बजे श्री हनुमान मंदिर, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर में पुरूषार्थी गृह निर्माण सहकारी समिति की वार्षिक आम/साधारण सभा आयोजित की जा रही है, सदस्यों को साधारण सूचना दी गई है, जिन्हें सूचना प्राप्त नहीं हुई है वे समिति के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देख सकते हैं। अतः सदस्यों से निवेदन है कि आवश्यक रूप से उपस्थित रहें।

जबलपुर
दिनांक - 04/09/2023

**अनिल ग्रोवर (अध्यक्ष)**
**पुरुषार्थी गृह निर्माण समिति, जबलपुर**


## उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म' पर की विवादित टिप्पणी, दिल्ली पुलिस में दो अलग-अलग शिकायतें दर्ज

**नई दिल्ली।** 'सनातन धर्म' पर विवादास्पद बयान को लेकर तमिलनाडु के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ दिल्ली पुलिस में दो अलग-अलग शिकायतें दर्ज की गई हैं। ये शिकायतें सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल और हिंदू सेना प्रमुख विष्णु गुप्ता ने दायर की हैं। जिंदल ने आरोप लगाया कि उदयनिधि मारन के भाषण में सनातन धर्म के खिलाफ भड़काऊ और अपमानजनक, टिप्पणियां थीं।

जिंदल ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन के बयानों से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, जिन्होंने सनातन धर्म की तुलना मच्छरों, डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की थी और इसके उन्मूलन का आह्वान किया था।

शिकायतों में कहा गया है कि ये टिप्पणियां सनातन धर्म के प्रति घृणा प्रदर्शित करती हैं और तमिलनाडु सरकार में विधायक और मंत्री उदयनिधि मारन पर जानबूझकर धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है।

शिकायतों में कहा गया कि उदयनिधि स्टालिन ने हिंदू धर्म अनुयायियों के नरसंहार का आह्वान किया। उन्होंने दिल्ली पुलिस से इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया।


पंजीयन क्रमांक डी.आर./जे.बी.आर./249/65

**जबलपुर विद्युत प्रमण्डल कर्मचारी सहकारी समिति मर्या.**
**सत्यानंद विहार, रामपुर, जबलपुर-482008**

**आमसभा की सूचना**

समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 12/09/2023 को स्थान जे.के. सेलिब्रेशन शिवाजी ग्राऊंड के सामने दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। सम्मानीय सदस्यों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह है।

**(अध्यक्ष)**
**जबलपुर विद्युत प्रमं. कर्म. सह. समिति मर्या.**
**(जे.व्ही.पी.के. एस.एस.) जबलपुर**


## आठ नक्सलियों ने किया सरेंडर, छह गिरफ्तार

### दो ईनामी और एक दम्पति भी बंधे

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस के समक्ष आठ नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया, जबकि छह नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरेंडर नक्सली कटेकल्याण एरिया कमेटी से जुड़कर काम कर रहे थे। इनमें 2 नक्सलियों पर इनाम भी घोषित है। गिरफ्तार नक्सलियों में एक दम्पती भी शामिल है। इनकी गिरफ्तारी गोन्डेरास के जंगल से डीआरजी व बस्तर फाइटर्स की टीम ने की है। छत्तीसगढ़ में पुलिस और विशेष फोर्स लगातार नक्सलियों के ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में जवान ने खुद को मारी गोली

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि बिहार का सीआरपीएफ जवान बनिहाल-काजीगुंड सुरंग पर तैनात था। उन्होंने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्हें तुरंत बनिहाल शहर के एक उप-जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


**न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश,वरिष्ठ खंड नरसिंहपुर म.प्र.**
**श्रीमती संगीता भारती राठौर**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000010/2023)
संतोष कुमार झारिया ..... आवेदक Vs वन विभाग .......... अनावेदक
Process Id- / 2023 पेशी दिनांकः- 14/9/2023

प्रेषिति- (1) आम जनता पता-जिला नरसिंहपुर मप्र, (2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार झारिया पता ने मृतक श्री भेरोप्रसाद मेहरा निवासी ग्राम समनापुर पो. डांगीढाना तह. व जिला नरसिंहपुर म.प्र की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 21/9/2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 21/9/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 25/8/2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा

**न्यायाधीश**
**श्रीमती संगीता भारती राठौर**
**न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश,वरिष्ठ खंड नरसिंहपुर म.प्र.**



In The Court of XXI, Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:
**फरहान मसूद कुरैशी**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCSA/ 0000453/2023)**
सुभाष ओमन............वादी
Vs
आम जनता.... .....प्रतिवादी
**Process Id**- /2023
पेशी दि.:-11/09/2023

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी सुभाष ओमन ने आपके विरूद्ध सिविल सूट। दावा घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा वास्ते बैंक लॉकर को संचालित करने हेतु के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 02 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- उपस्थिति हेतु प्रकाशन नोटिस के साथ दावा घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा वास्ते लॉकर को संचालित करने हेतु की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(फरहान एम. कुरैशी)**
**इक्कीसवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड,**
**जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 1099



In The Court of III Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:
**श्वेता तिवारी**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000009/2023)
**दिव्या तिवारी.........आवेदक**
Vs
**आम जनता......... अनावेदक**
Process Id- /2023
पेशी दि.:-15/09/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिव्या तिवारी पता निवासी वार्ड नंबर 72 आकाश विहार मानस चौक के पास लमती विजय नगर जबलपुर म.प्र. ने मृतक राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी निवासी वार्ड नंबर 72 आकाश विहार मानस चौक के पास लमती जबलपुर की भारतीय स्टेट बैंक शाखा कृषि उपज मंडी जबलपुर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोपाल बाग जबलपुर म.प्र., उप डाकघर की सीटी शाखा विजय नगर जबलपुर म.प्र. में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 सितम्बर 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15 सितम्बर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 18 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी -प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1825 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्वेता तिवारी)**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**जबलपुर , (म.प्र.)**
र.नं. 1099



In The Court of III Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:
**श्वेता तिवारी**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000009/2023)
**दिव्या तिवारी.........आवेदक**
Vs
**आम जनता......... अनावेदक**
Process Id- /2023
पेशी दि.:-15/09/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिव्या तिवारी पता निवासी वार्ड नंबर 72 आकाश विहार मानस चौक के पास लमती विजय नगर जबलपुर म.प्र. ने मृतक वीणा त्रिपाठी निवासी वार्ड नंबर 72 आकाश विहार मानस चौक के पास लमती जबलपुर म.प्र. की यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोपालबाग जबलपुर म.प्र., यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा हाईकोर्ट जबलपुर म.प्र., में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 सितम्बर 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15 सितम्बर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 18 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी -प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1825 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्वेता तिवारी)**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**जबलपुर , (म.प्र.)**
र.नं. 1099



**FORM NO. IV** **PUBLICATION**
**(See sub-rule 2(A) of rule 5)**
SUMMONS UNDER SUB SECTION (4) OF SECTION 19 OF THE ACT, READ WITH SUB RULE 2(A) OF RULE 5 OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES 1993

**BEFORE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR [MP] & [CG]**
At House No. 797-II, Shantikunj, South Civil Lines, Jabalpur [MP] 482001

**ORIGINAL APPLICATION NO. 947 OF 2022**

**Karnataka Bank Limited** **-APPLICANT**
**-VERSUS-**

1. **Smt. Vijya Shroti W/o Ram Kumar Shroti,**
Resident of H. No. 208, in front of Asha Namdeo Hospital, Sanjeevani Nagar, Jabalpur Distt. Jabalpur (M.P.) 482003
3. **Brijwasini Warehousing and Agro Marketing,**
Through its Owner/Proprietor Smt. Vijay Shroti, resident of Village Bhamki, Tehsil Shahpura, Jabalpur 482119

**DEFENDANTS**

Whereas, **OA No.947/2022** was listed before Hon'ble Presiding Officer on **25/08/2022**

Whereas, this Hon'ble Tribunal is Pleased to issue summons/ notice on the said application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery debts of **Rs.21,87,259/-** with expenses & future interest (application along with copies of documents etc. annexed).

In accordance with sub section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under :-

(i) To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
(ii) To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application.
(iii) You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the tribunal.
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the application and to appear before Registrar **15.09.2023 at 10:30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and seal of the tribunal on this **27th day of July 2023.**

SEAL
**Order of the Tribunal**
**Registrar**

**Debts Recovery Tribunal,**
**Jabalpur**

# देश-प्रदेश

उ वा च

## भाजपा का अपराधबोध जागा : कमलनाथ

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश को 20 वर्ष में पीछे धकेलने के बाद अब भाजपा का अपराध बोध जागा है, इसलिए वह जनता के बीच जा रही है। उन्होंने कहा कि इन 2 दशकों में तो मध्य प्रदेश इतना शक्तिशाली हो जाना चाहिए था कि जनता को लुभाने के लिए झूठी घोषणाएं नहीं करनी पड़ती।



# जी-20 सम्मेलन की सुरक्षा करेगा नेत्र एयरक्राफ्ट

## दिल्ली के हवाई क्षेत्र की करेगा निगरानी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी-20 सम्मेलन में अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपति समेत ब्रिटेन और जापान के प्रधानमंत्री भी आएंगे। भारत विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था कर रहा है।

भारतीय वायुसेना हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए स्वदेशी सर्विलांस और मॉनिटरिंग एयरक्राफ्ट 'नेत्र' तैनात करने की तैयारी कर रही है। वायुसेना का यह एयरक्राफ्ट फरवरी 2019 में बालाकोट स्ट्राइक के समय भी चर्चा में था। तब पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमानों की निगरानी के लिए इसे तैनात किया गया था। दिल्ली की हवाई सुरक्षा के लिए मिसाइलें भी तैनात की जाएंगी। सेना के हेलिकॉप्टर एयर पेट्रोलिंग करेंगे। इनमें एनएसजी कमांडो रहेंगे। समारोह स्थल के आसपास बड़ी और ऊंची इमारतों पर सेना और एनएसजी तैनात होंगे। पहली बार एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया गया है, यानी समिट के दौरान पतंग भी नहीं उड़ेगी। समिट की सुरक्षा के लिए दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे भी लगाए गए हैं। कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ये कैमरे तुरंत सुरक्षा अधिकारी को अलर्ट मैसेज भेज देंगे। जहां विदेशी मेहमान ठहरेंगे, वहां एंटी ड्रोन सिस्टम और बुलेट प्रूफ शीशे लगवाए गए हैं।

**9 और 10 सितंबर को होगा सम्मेलन**

**थाली में होगा भारतीय स्ट्रीट फूड व मिलेट्स**-सम्मेलन के लिए आ रहे विश्व नेताओं को चांदनी चौक के स्पेशल फूड और मिलेट्स के अलावा स्ट्रीट फूड परोसा जाएगा। जी-20 इंडिया के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी के मुताबिक शिखर सम्मेलन के लिए 10 हजार से ज्यादा लोगों के दिल्ली आने की उम्मीद है। इसके लिए शेफ मेनू को फाइनल टच देने के लिए ओवर टाइम काम कर रहे हैं।

जी-20 सम्मेलन के लिए केंद्र सरकार ने लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें मंगाई हैं। ये गाड़ियां बुलेट-प्रूफ होंगी और इनका इस्तेमाल विदेशी मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए किया जाएगा। सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के 450 जवानों को इन कारों को चलाने की ट्रेनिंग दी गई है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, कहा-

# अल्पवर्षा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने पूरी ताकत से काम करेंगे



**यह दिए निर्देश**

- किसानों को सिंचाई के लिए परामर्श जारी करें
- फसलों को बचाने के लिए डेम से पानी छोड़े
- ग्रामीण युवाओं को रोजगार दें

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अल्पवर्षा के कारण प्रदेश में खरीफ फसलों के बचाने, बिजली की बढ़ती मांग, ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने और पेयजल की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से जारी रखने की संभावित चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए राज्य सरकार पूरी ताकत से काम करेगी। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि वे भगवान महाकाल से प्रार्थना करने कल उज्जैन जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में अल्पवर्षा की स्थिति से निपटने के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अगस्त माह में वर्षा बहुत कम हुई है। अल्पवर्षा के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं। खरीफ की फसलें संकट में हैं। इस संकट की स्थिति से निपटने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। इसके लिए बेहतर व्यवस्था भी करेंगे। डेम से पानी छोड़कर फसलों को बचाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाता रहेगा।

पेयजल और निस्तार के पानी की व्यवस्था करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल उपयोगिता समिति की बैठक जल्द कर लें। जहां पानी उपलब्ध है वहां डेम से पानी छोड़ने की व्यवस्था करें। डेमों का परीक्षण कर लें। डेमों में अभी कितना पानी उपलब्ध है, इसकी जानकारी भी लें। जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। किसानों को सिंचाई के संबंध में एडवाइजरी जारी करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिजली की बेहतर व्यवस्था करें।



**नुकसान से बचने किसानों को फसल उत्पादन के पैटर्न को बदलें, 5000 लोगों को मिलेगा रोजगार**

# किसान चिंता न करें, सरकार हर संकट से निपट लेगी : शिवराज

## 1500 करोड़ रूपए की लागत के आईटीसी की खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों का शिलान्यास

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सीहोर के औद्योगिक क्षेत्र बडियाखेड़ी में आईटीसी कम्पनी की कुल 1500 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होने वाली दो इकाइयों- इंटीग्रेटेड फूड मैन्यूफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स फैसिलिटी और सस्टेनेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट्स मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी का शिलान्यास किया। ये दोनों इकाइयाँ 57 एकड़ में लगेंगी। इससे 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

इस फूड प्लांट में आईटीसी के विश्वस्तरीय भारतीय ब्रांड जैसे देश का नंबर-1 आटा ब्रांड आशीर्वाद, सनफीस्ट बिस्कुट और यिप्पी नूडल्स का उत्पादन होगा, जबकि मोल्डेड फाइबर प्रोडक्ट्स प्लांट सस्टेनेबल पैकेजिंग के क्षेत्र में नए मानक बनाएगा। इससे इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, एफएमसीजी और फूड एवं बेबरेज सेक्टर में पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक का विकल्प मिलेगा। सीहोर में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में आईटीसी का यह निवेश राज्य के मैन्यूफेक्चरिंग सेक्टर में मूल्य सृजित करेगा और एग्री-वैल्यू चेन में सहयोग देगा।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खेती में मध्यप्रदेश ने देश के सभी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। मध्यप्रदेश ने डेढ़ दशकों तक 18 प्रतिशत की कृषि विकास दर प्राप्त कर चमत्कार किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि फसल नुकसान से बचने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए फसल उत्पादन के पैटर्न को बदलना होगा। परंपरागत फसलों के साथ-साथ व्यावसायिक फसलों जैसे औषधीय फसलों का भी उत्पादन भी आवश्यक है।

**खेती आधारित उद्योग लगाने के प्रयास**-श्री चौहान ने कहा कि खरीफ की फसल में अधिकतर सोयाबीन और धान ही लगाते है और कई बार एक फसल पर संकट आने से किसान को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग फसलों की किस्मों से किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो सके। इसके लिए आईटीसी ने 7000 एकड़ में तुलसी, अश्वगंधा, कलौंजी की खेती की है। उन्होंने कहा कि खेती पर आधारित उद्योग धंधे लगाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, ताकि किसानों को अपनी फसलों का अच्छा दाम और स्थानीय नागरिकों को रोजगार मिले।

**15 लाख 42,750 करोड़ के निवेश प्रस्ताव**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 15 लाख 42 हजार 750 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव आए हैं। आईटीसी कंपनी ने भी प्रस्ताव दिया था जिसके तहत बड़ियाखेड़ी में 1500 करोड रुपए का निवेश हो रहा है। श्री चौहान ने कहा कि आईटीसी किसानों के साथ मिलकर उद्योग और खेती के विकास दोनों के लिए काम कर रही है। इस पहल से सीहोर और आसपास के 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा। निरंतर प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा उद्योग स्थापित हों और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिले। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अल्प वर्षा होने के कारण किसान चिंतित है। किसान चिंता न करें, सरकार हर संकट से निपटने के लिए उनके साथ में है। उन्होंने कहा कि बारिश कम होने के कारण बिजली की मांग बढ़ गई है। पहले 7 हजार मेगावाट की आवश्यकता थी जो बढ़कर 15000 मेगावाट की मांग बढ़ गई है।

आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने सीहोर में आईटीसी की नई निवेश परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में इछावर विधायक करण सिंह वर्मा, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक रघुनाथ मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर, सीहोर जनपद अध्यक्ष श्रीमती नावड़ी बाई बारेला, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर उपस्थित थे।

सुरजेवाला ने साधा निशाना, कहा-

# भाजपा को क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा को जन आशीर्वाद नहीं, बल्कि क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए। उन्होंने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जनता उन्हें क्या भ्रष्टाचार, 50 प्रतिशत कमीशन, महंगाई, बेरोजगारी, अनुसूचित जाति-जनजाति और महिलाओं पर अत्याचार के लिए आशीर्वाद दे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने वरिष्ठों को अपमानित किया और जबरन घर बैठा दिया। हमारी संस्कृति में जो भी बुजुर्गों का तिरस्कार करता है, उसे भगवान भी माफ नहीं करते हैं। इन्होंने तो भगवान महाकाल तक को नहीं छोड़ा। श्री महाकाल महालोक मामले की जांच लोकायुक्त द्वारा कराई जा रही है। भाजपा बिखर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को कर्ज के दलदल में उतार दिया है। 20 वर्षों में प्रदेश पर 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण हो गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान घबराहट में हैं, इसलिए आनन-फानन में घोषणाएं कर रहे हैं। श्री सुरजेवाला ने कहा कि महंगाई ने आमजन की कमर तोड़कर रख दी है। बेरोजगारी चरम पर है, भर्ती परीक्षाओं के नाम पर एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं, महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती और उपज का मूल्य न मिलने से किसान परेशान हैं, ऐसे में इन्हें जनता से आशीर्वाद नहीं क्षमा मांगने यात्रा निकालनी चाहिए।



# विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगा आयोग का दल, आज से 3 दिन तक होंगी बैठकें

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय, निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल के साथ आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का दल 4 सितंबर को भोपाल आएगा।



मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नेतृत्व में तीन दिवसीय दौरे पर भोपाल आ रहा आयोग का दल 4 से 6 सितंबर तक निर्वाचन संबंधी विभिन्न तैयारियों की समीक्षा करेगा। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 4 सितंबर को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और एनफोर्समेंट एजेंसियों तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ बैठक होगी। 4 सितंबर को ही रवीन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार द्वारा विशेष कवर एनवलप, स्वीप कैलेंडर का अनावरण और मतदाता जागरुकता गीत जारी किया जाएगा। साथ ही युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण भी होगा।

इस मौके पर जनजाति कलाकारों द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। समीक्षा बैठक के दूसरे दिन 5 सितंबर को आयोग द्वारा सभी 52 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक और सभी 10 संभागों के कमिश्नर एवं आईजी के साथ बैठक की जायेगी। तीसरे दिन 6 सितंबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना तथा विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिवों के साथ बैठक करेंगे।



**जनसंपर्क मंत्री ने किया बटरफ्लाई पार्क का लोकार्पण तथा रेप्टाईल पार्क का शिलान्यास**

# मुकुन्दपुर व्हाइट टाइगर सफारी को सफेद बाघों का ब्रीडिंग सेंटर बनाये - शुक्ल

**भोपाल, देशबन्धु।** जनसंपर्क तथा पीएचई मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी मुकुन्दपुर में बटरफ्लाई पार्क का लोकार्पण किया। मंत्री श्री शुक्ल ने 3 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे रेप्टाईल पार्क का भूमि-पूजन भी किया।

पार्क में 12 किस्मों के साँप रखे जायेंगे। मंत्री श्री शुक्ल ने दिल्ली से प्राप्त सफेद बाघ को व्हाइट टाइगर सफारी स्थित बाड़े में छोड़ा। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सफारी में आज सफेद बाघ के रूप में नया मेहमान आया है। ग्वालियर से शीघ्र ही सफेद बाघों का नया जोड़ा मिलने की उम्मीद है।

व्हाइट टाइगर सफारी को सफेद बाघों का ब्रीडिंग सेंटर बनाने की दिशा में वन विभाग के विशेषज्ञ लगातार प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों के फलीभूत होते ही सफारी को विश्व में अनूठा स्थान प्राप्त हो जायेगा।

मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि व्हाइट टाइगर सफारी की स्थापना वर्ष 2016 में की गयी थी तब से लगातार इसका विकास और विस्तार किया जा रहा है। आज इसमें लगभग 250 वन्य-प्राणी हैं। आज विश्व स्तरीय बटरफ्लाई पार्क का शुभारंभ किया गया है। साथ ही रेप्टाईल पार्क निर्माण के लिए भूमि-पूजन भी किया गया है। सफारी के निर्माण के बाद विन्ध्य में 46 सालों के बाद सफेद बाघों की वापसी हुई। इसके विकास के लिए लगातार प्रयास किये जाते रहेंगे।

समारोह में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल ने कहा कि व्हाइट टाइगर सफारी विन्ध्य क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में अपना स्थान बना चुका है। सफारी में पर्यटकों की संख्या तथा आय में दिनों-दिन वृद्धि हो रही है। आज बटरफ्लाई पार्क तथा नये सफेद बाघ की प्राप्ति से दो उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं।

सफारी के संचालक सूरज सिंह सैयाम ने बताया कि प्रस्तावित 40 में से 34 बाड़ों का निर्माण पूरा हो गया है। शेष का तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह सफारी प्राकृतिक वातावरण में निर्मित विश्व का सबसे सुन्दर प्राणी उद्यान है।

कार्यक्रम में नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, विवेक दुबे, मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, डीएफओ रीव अनुपम शर्मा, डीएफओ सतना विपिन पटेल तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# बकरी चोरी के शक में दलित युवकों को उल्टा लटकाकर पीटा

**मंचिरियाल।** तेलंगाना के मंचिरियाल जिले से दिल झकझोर कर देने वाली वारदात सामने आई है। यहां बकरी चोरी के शक में दलित युवक और उसके दोस्त के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। दबंगों ने इन्हें एक शेड पर उल्टा लटकाया और जमकर मारपीट की। इतने में भी मन नहीं भरा तो लटकाकर रखे लड़कों के नीचे आग लगा ली। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पति-पत्नी और उनका बेटा बताया जा रहा है।



इस वीभत्स कृत्य के पीछे कथित आरोपी मंदामरी शहर के अंगदी बाजार में रहने वाले बकरी फार्म के मालिक के रामुलु है। मामले में उनकी पत्नी स्वरूपा और बेटा श्रीनिवास के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना बीते शुक्रवार की है। रामुलु को मालूम हुआ कि उसकी एक बकरी गायब हो गई है। उसने चरवाहा तेजा और उसके दोस्त चिरुमुला किरण को अफने पास बुलाया। तेजा और उसके दोस्त पर उन बकरियों की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि जब तेजा और किरण ने घटना के प्रति अनभिज्ञता जाहिर की तो रामुलु गुस्से में आ गया। उसने अपनी पत्नी और बेटे की मदद से दोनों युवकों के पैर बांध दिए और उन्हें उल्टा लटका दिया। क्रूरता यहीं नहीं रुकी। उसने उन्हें जमकर पीटा। इतना ही नहीं, रामुलु ने लटके हुए पीड़ितों के नीचे लड़कियों से आग जला ली। हैवानियत की हदें इतनी पार कीं, उनके लिए सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था।

**वारदात का खुलासा ऐसे हुआ?**-इस वीभत्स घटना का खुलासा तब हुआ, जब किरण की चाची नित्तुरी सरिता को भतीजे के गायब होने की चिंता हुई। उसने पता लगाया तो मामले का खुलासा हुआ। महिला ने मंडामैरी पुलिस में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बेल्लमपल्ली एसीपी पी सदैया ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि रामुलु के खिलाफ एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इसके अलावा, इस जघन्य अपराध में कथित संलिप्तता के लिए रामुलु को हिरासत में ले लिया गया है। रामुलु ने दो युवाओं के खिलाफ हिंसा के इन भयानक कृत्यों को अंजाम देने में अपने बेटे श्रीनिवास और पत्नी स्वरूपा और नरेश नामक एक लड़के की मदद ली। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

# मुंद्रा पोर्ट से 6.5 करोड़ की विदेशी सिगरेट, नवी मुंबई से 19 करोड़ के ड्रग्स के साथ 7 नाईजीरियाई पकड़े

**मुंबई/अहमदाबाद।** महाराष्ट्र और अहमदाबाद में करोड़ों के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। नवी मुंबई टाउनशिप में नशीले पदार्थ के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बाद सात नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 19.05 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, डीआरआई अहमदाबाद ने मुंद्रा बंदरगाह से करीब 6.5 करोड़ रुपये की सिगरेट जब्त की है।

नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने बताया कि खारघर इलाके में आवासीय इलाकों में शुक्रवार को छापेमारी के बाद प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई और गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ नाइजीरियाई लोग नशीले पदार्थ बेच रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि जब्त किए गए नशीले पदार्थों में कोकीन, एमडीएमए और ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की गोलियां शामिल हैं, जो एक साइकोट्रोपिक पदार्थ है। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सात लोगों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों को नशीला पदार्थ कहां से मिला और वे इसे किसे बेच रहे थे।

वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि डीआरआई अहमदाबाद ने मुंद्रा बंदरगाह पर एक आयात खेप को रोका। खेप की जांच के दौरान, अधिकारियों ने देखा कि कुछ पैकेजों में विदेशी मूल की सिगरेट थीं। इन विदेशी मूल की अधिकांश सिगरेटों पर मेड इन टर्की का निशान था। जब्त सिगरेट की कीमत करीब 6.5 करोड़ रुपये आंकी गई है।

# हिमाचल का प्रसिद्ध कुल्लू दशहरा 24 अक्तूबर से

**कुल्लू।** हिमाचल का अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का प्रदेश के लोगों और देव समाज को बेसब्री से इंतजार है। आगामी 24 अक्तूबर से शुरू होने वाले कुल्लू दशहरा के लिए समिति ने जिला कुल्लू के 332 देवी-देवतओं को उत्सव में आने के लिए निमंत्रण भेज दिए हैं। यह निमंत्रण पत्र सभी कारदारों को उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की मदद से पहुंचाए जाएंगे। इसके बाद देव समाज दशहरा की आगामी तैयारियों में जुट जाएगा।


**नाम एवं जन्म तिथी परिवर्तन**

मैं सूबेदार संतोष हल्दकार आर्मी संख्या JC 287151W यूनिट 253, मीडियम रेजिमेन्ट C/o 56 APO, मेरे पिता जी जिनका नाम- राज कुमार है मेरे कार्यालय में SHR-RAJ KUMAR HALDKAR हो गया जो कि गलत है RAJ KUMAR सही नाम है । और जन्म तिथी 24.02.1987 जो कि गलत है । 04.11.1944 है जो कि आधार के साथ सही है । अतः मेरे कार्यालय में दोनों नाम और जन्म तिथी सही दर्ज किये जायें।

**सही नाम- RAJ KUMAR**
**गलत नाम- SHR- RAJ KUMAR HALDKAR**
**सही जन्म तिथी- 04-11-1944**
**गलत जन्म तिथी- 24-02-1987**

**जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं No. 6500613N Rank NK Name- Gaikwad S D S/o Dilip Gaikwad Unit- 54 COY Supply, Jabalpur आज दिनांक को शपथ पूर्वक निम्नानुसार कथन करता हूँ कि- यह कि मैं उपरोक्त पते पर कार्यरत हूँ। यह कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नि श्रीमति पूजा सचिन गायकवाड (POOJA SACHIN GAIKWAD) की जन्मतिथि 30/10/ 1994 दर्ज है जो कि गलत है। यह कि मेरी पत्नि के अधारकार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में उसकी जन्मतिथि 03/10/ 1994 है जो कि सही है। यह कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नि श्रीमति पूजा सचिन गायकवाड (POOJA SACHIN GAIKWAD) की जन्मतिथि सुधार करते हुये 30/10/1994 के स्थान पर 03/10/1994 दर्ज कर सुधार किया जावे। यह कि जानकारी हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**गलत जन्मतिथि - 30/10/1994**
**सही जन्मतिथि - 03/10/1994**

जबलपुर, सोमवार 04 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# देश को संशय में डालती मोदी सरकार

संसदीय परम्पराओं की अवहेलना करने की आदी हो चुकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने अपनी इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए देश के इतिहास में पहली बार ट्विट के जरिये संसद का विशेष सत्र बुलाकर साबित कर दिया है कि वह न केवल गैरजिम्मेदार है वरन उसका पारदर्शिता से भी कोई लेना-देना नहीं रह गया है। ऐसे वक्त में जब संयुक्त विपक्ष का गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूज़िव एलाएंस) मुम्बई में 31 अगस्त व 1 सितंम्बर को 2024 के लोकसभा की चुनावी रणनीति में व्यस्त था, केन्द्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी कि 18 से 22 सितम्बर को विशेष सत्र होगा। भले ही इस सूचना को 'इंडिया' उपेक्षित कर अपनी कार्यवाही में लगा रहा लेकिन यह एक तरह से देश को अंधेरे में रखने जैसा है क्योंकि यह कार्यप्रणाली किसी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार की नहीं हो सकती। न ही यह 'इंडिया' की बढ़ती एकता के जवाब में होनी चाहिये।

इसे लेकर कई तरह के कयास हैं। इसमें वर्ष 2024 में होने जा रहे लोकसभा को समय से पहले करा लेने की सम्भावना से लेकर संविधान में संशोधन, चुनाव टाल देने या फिर मोदी को हमेशा के लिये पीएम बनाये जाने जैसी गुंजाइशें टटोली जा रही हैं। चीन द्वारा नया नक्शा जारी करना (जिसमें अरूणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताया गया है), मणिपुर हिंसा, गौतम अदानी को लेकर नये खुलासे, महंगाई आदि अनेक विषय हैं जिनके बारे में अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं कि इन मसलों पर सरकार कोई बात करना चाहती है। सही जानकारी किसी के भी पास नहीं है। फिर, हाल ही में तो संसद का सत्र हो चुका है। क्यों नहीं सरकार ने इन विषयों पर तब चर्चा कर ली? सवाल यह भी है कि क्यों लोगों या सांसदों को विषय को लेकर कयास लगाने के लिये छोड़ा जाये? क्यों नहीं सूचना के साथ ही विषय की जानकारी दे दी गई? संसद पर केवल सत्ता का हक नहीं है, जो अन्य लोगों को इसकी सूचना से वंचित रखा जाये। यह सत्र 5 दिनों का क्यों है, जबकि विशेष सत्र एकाध दिन के ही होते हैं? दुर्भाग्य से तमाशों के आयोजनों में पारंगत मोदी सरकार इसे भी इवेंट बना रही है।

आखिरकार विशेष सत्र कोई मज़ाक नहीं होता और न ही उसे सत्तापक्ष का कोई विशेषाधिकार समझा जाये, बावजूद इसके कि सरकार को ऐसा करने का पूरा हक है। तो भी, इस अधिकार का प्रयोग बहुत गम्भीरता से; और बेहद खास उद्देश्यों को लेकर होना चाहिये। विशेष सत्र का विषय क्या है, यह किन परिस्थितियों में आयोजित किया जा रहा है और इसे बुलाये जाने का प्रयोजन क्या है- यह सारा कुछ सरकार को बतलाना चाहिये था। यह सूचना प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से तथा बाकायदा एक अधिसूचना जारी कर नागरिकों को देनी थी। संसद पर पहला हक तो नागरिकों का होता है, चाहे वे स्वयं इसके प्रत्यक्ष सदस्य न हों। जो सदस्य दोनों सदनों में बैठते हैं वे अंततः जनसामान्य की ही नुमाइंदगी करते हैं। सरकार को पहले तो इस पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिये थी फिर अपना उद्देश्य बतलाना चाहिये था।

मोदी सरकार द्वारा संसदीय गरिमा व परम्पराओं को ध्वस्त करने की पूरी श्रृंखला है, जिसकी एक और कड़ी का सम्बन्ध इसी एपीसोड से है। सरकार ने एक समिति बनाई है जो 'एक देश एक चुनाव' की योजना बनाकर सरकार को सौंपेगी। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि एक सेवानिवृत्त राष्ट्रपति को किसी समिति का अध्यक्ष बनाकर सरकार के किसी विभाग को रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है जो कभी सिर्फ उस विभाग का नहीं वरन पूरी सरकार का प्रमुख हुआ करता था। वास्तविकता में चाहे न हो लेकिन संवैधानिक परिभाषा के अनुसार तो वह राष्ट्राध्यक्ष ही है जिसके अधीन पूरा देश होता है। संसदीय प्रक्रिया के अंतर्गत खुद मोदी इन्हीं राष्ट्रपति के अंतर्गत काम कर चुके हैं। न यह कोई पूछने वाला है और न ही कोई बताने वाला कि आखिर एक पूर्व राष्ट्रपति कैसे किसी समिति का प्रमुख बनकर सरकार को कोई रिपोर्ट दे सकता है। कायदे से तो कोई व्यक्ति जिस दिन इस पद पर पहुंचता है, उसी दिन से वह दलगत राजनीति से ऊपर हो जाता है; पर यह सब तभी सम्भव है जब किसी व्यक्ति या किसी राजनैतिक दल की ही आंखों का नहीं, किसी सरकार की आंखों का भी नहीं, बल्कि पूरे देश की आंखों का पानी मर जाये।

अगर 'एक देश एक चुनाव' की बात करें तो यह करा पाना बहुत कठिन है- प्रशासकीय और राजनैतिक दोनों कारणों से अव्यवहारिक। आजादी के बाद हुए पहले चार आम चुनावों के साथ विधानसभाओं के निर्वाचन हुए थे परन्तु तब की परिस्थितियां अलग थीं। आबादी कम थी, चुनावी हिंसा न्यूनतम थी। राजनैतिक दलों के बीच आज के जैसी वैमनस्यता भी नहीं थी। सबसे बड़ी बात कि चुनावों का आकार व स्वरूप विशाल नहीं था। इसके बावजूद अगर सरकार एक साथ चुनाव कराना ही चाहती है तो पहले वह इसके फायदे बतलाये। यह भी बताये कि सामान्य नागरिकों, विशेषकर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी में डाले बगैर ये कैसे सम्पन्न होंगे। जब मणिपुर जैसे छोटे से राज्य की हिंसा को रोकने में सरकार 5 माह में भी सफल नहीं होती और ज्यादातर राज्यों के चुनाव कई चरणों में कराने पड़ते हैं, तो इतने बड़े देश में एक दिन में कैसे चुनाव हो सकते हैं। यह जानने का हक नागरिकों का है; और बतलाना सरकार का कर्तव्य।

# इंडिया की सफलता से बौखलाया मीडिया

आप बाराती जानते हैं! तो यह मीडिया आज बाराती प्रवृति का हो गया है। छिद्रान्वेषी!

इंडिया की बेहद सफल मुंबई बैठक में उसने बहुत सारी कमियां खोज ली हैं। जैसे वह बाराती सर्वश्रेष्ठ माना जाता है जो लड़की वालों के यहां जाकर यह कमी निकाल सके कि उसने कोकाकोला में चाय बनाकर नहीं पिलाई या पनीर चिकन नहीं बनाया! पनीर बनाया तो क्या? चिकन बनाया तो क्या?

बनाना तो पनीर चिकन या चिकन पनीर चाहिए था। कहते हैं कि बाराती तो राजा की लड़की की शादी में भी कमी निकाल सकता है। तो यही हाल आज हमारे मीडिया का हो गया है।

झंडा क्यों नहीं बनाया? झंडा था क्या कभी इससे पहले किसी गठबंधन का? जिस एनडीए को अब यह बीजेपी की जगह चुनाव जिता रहे हैं। क्या उसका कोई झंडा है? या केवल विपक्षी गठबंधन का ही चाहिए था! सारी शर्ते लड़की और लड़की वालों पर लागू हैं! अपने लिए तो हम हर बार नए नियम बनाते रहेंगे। पहले तो केवल आएगा तो मोदी ही का माहौल बना रहे थे। मगर जब आरएसएस ने कह दिया कि केवल मोदी के भरोसे कुछ नहीं होगा तो भाजपा की बात करने लगे। और अब जब विपक्ष एक हो गया तो भाजपा से आगे बढ़कर वे भी गठबंधन की बातें करने लगे। 2019 के बाद कहना शुरू कर दिया था कि देश से गठबंधन की राजनीति खत्म हो गई। मगर जब नीतीश कुमार के प्रयासों से इसने इतना व्यापक रूप ले लिया तो कूद कर एनडीए पर आ गए।

मुंबई का संदेश क्या है? इन्डिया के लिए कि छोटी-छोटी बातें छोड़ने से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और मीडिया के लिए कि बने रहो पुछल्ले! तुम्हारी नियति यही है!

हालांकि इन्डिया के नेताओं ने मुंबई में मीडिया को बहुत प्यार से पुचकार कर समझाया। मीठे अंदाज में नीतीश कुमार ने कहा कि हम आपको भी मुक्त करवाना चाहते हैं। राहुल ने यही कहा कि डरो नहीं। हम आपको भी भयमुक्त कर देंगे। सारे नेता उदार भाव से मीडिया को समझाते रहे।

मगर इधर मीटिंग खत्म हुई उधर उनके अंदर मतभेद ढूंढने लगे। ममता बनर्जी कहां हैं? जबकि एक सितम्बर को मीटिंग खत्म होते ही शिवसेना के संजय राउत ने सबसे पहले यही बताया कि आपके सामने प्रेस कान्फ्रेंस में सब नेता मौजूद हैं। मगर ममता बनर्जी को जल्दी जाना था तो वे चली गईं। लेकिन कहानियां कहां रुकने वाली थीं। ममता नाराज की खबरें शुरू कर दीं।

सोचिए जो ममता एक सितंबर की सुबह मीटिंग शुरू होने से पहले सोनिया गांधी को शाल उढ़ाकर उनका सम्मान कर रही थीं। बेंगलुरू की प्रेस कान्फ्रेंस में माय फेवरेट राहुल कह रही थीं। वे किसी छोटी बात से नाराज होकर जा सकती थीं?

लेफ्ट से उनके मतभेद की खबरें लोकसभा के मतदान होने तक चलाई जाएंगी। लेकिन यह नहीं बताया जाएगा।


शकील अख्तर

> एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी बना रहे हैं। मगर मणिपुर के अपने केन्द्रीय मंत्री, वहां के दूसरे सांसद को अपने ही देश की लोकसभा में बोलने नहीं दे रहे। संसद का विशेष अधिवेशन बुलाया क्या उसमें मणिपुर की बात होगी? वह भी तो देश का हिस्सा है। क्या यह सब बातें विदेशी अतिथियों के कानों में नहीं जाएंगी? इन परिस्थितियों में इन्डिया आकार ले रहा है। जाहिर है एक बड़ा चैलेंज बन गया है।

तीन मीटिंगें हुईं पटना, बेंगलुरू और मुंबई। लेफ्ट के एक नहीं तीन तीन नेता, सीपीआईएम के सीताराम येचुरी, सीपीआई के डी राजा और सीपीआईएमएल के दीपंकर भट्टाचार्य उनमें ममता बनर्जी के साथ मौजूद रहे, खूब बातें करते हुए।

खींचतान कहां नहीं हैं? गोदी मीडिया में नहीं हैं? एक एंकर दूसरे चैनल को नीचा दिखाने के लिए तक-तक कब तक करता रहा! ज्यादा से ज्यादा जहरीला बनने के लिए कुछ एंकरों में कितना भयानक काम्पटिशन है। एक-दो को तो लगता है जैसे जहर के इंजेक्शन भी लगवाने पड़ते हैं! मगर यह भक्ति तो ऐसी चीज है कि कमी रह ही जाती है। अभी एक एंकर को सुनने को मिल गया कि जब जेल गए तो कैसा लगा? ऑन एयर बात हो रही थी जहर फैलाने में सबसे तेज निकल रहा एंकर बेचारा यह भी नहीं कह पाया कि हमारी तपस्या में कौन सी कमी रह गई!

बाकी एंकर और पत्रकार अभी यह नहीं सोच पा रहे कि कभी उनसे भी उनके चैनलों के मालिक ही पूछेंगे कि यह नफरत क्यों फैलाते थे? क्या हमने कहीं लिखकर कहा था? कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा। एंकर, पत्रकार, मीडिया मालिक सब से सवाल होगा? अभी तो कुछ राज्य सरकारों की हिम्मत की वजह से दो-चार पत्रकार एंकर ही जेल में गए लेकिन अगर विपक्ष की खासतौर से कांग्रेस की राज्य सरकारें गोदी मीडिया से डरना छोड़ दें तो बड़ी तादाद में मीडिया को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। रिया चक्रवर्ती के मामले में क्या साबित हुआ? तो उन पर झूठे आरोप लगाने कैमरों से घेर कर उनसे पुलिसिया पूछताछ करने के आरोप में कितने लोग दोषी करार दिए जाएंगे? आर्यन के मामले में भी ऐसा ही हुआ। उसे गलत फंसाने के दोषी समीर वानखेड़े का साथ देने के मामले में मीडिया क्या कार्रवाई से बच जाएगा?

लेकिन अभी जैसा कि मुंबई में इन्डिया के नेताओं ने कहा कि हमारे कामों में एक मीडिया को गुलामी से निजात दिलाना भी है। नियंत्रण मुक्त तो सभी संवैधानिक संस्थाओं को करना है। लेकिन बाकी संस्थाएं और चाहे जो लोकतंत्र का नुकसान कर रही हों डायरेक्ट जनता को नफरती और क्रूर नहीं बना रही हैं। मीडिया तो जनता का चरित्र ही बदल रहा है।

प्रधानमंत्री लाल किले से कहते हैं हजार साल की गुलामी। चलो मान लिया। मगर हजार साल में भी भारतीय जनता ने अपनी सहज बुद्धि नहीं खोई। जितने विदेशी आए उसे बेवकूफ कोई नहीं कह सका। सबने उसकी बौद्धिक क्षमताओं की तारीफ की। मगर पिछले 9 साल में वह बौद्धिक अंधकार की तरफ बढ़ रही है। उसे रात-दिन नफरत और विभाजन सिखाया जा रहा है। पूरी दुनिया की निगाहें इस प्रयोग पर हैं कि क्या पूरे एक देश को 9-10 सालों में हजारों सालों की उदार सभ्यता को भुलाकर केवल और केवल नफरत पर जीना सिखाया जा सकता है? और अगर 140 करोड़ का पूरा एक देश नफरती बन गया तो दुनिया पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

अभी जी-20 हो रहा है। कुछ बड़े नेताओं चीन के, रुस के राष्ट्रपति, सऊदी अरब के प्रिंस ने तो आने से मना कर दिया। मगर कुछ देशों के शासनाध्यक्ष आ रहे हैं। वे अपने लिए सजाई सड़कों और गमलों को ही नहीं देखेंगे उसके पीछे भारत में क्या हो रहा है, यह भी देखेंगे।

एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी बना रहे हैं। मगर मणिपुर के अपने केन्द्रीय मंत्री, वहां के दूसरे सांसद को अपने ही देश की लोकसभा में बोलने नहीं दे रहे। संसद का विशेष अधिवेशन बुलाया क्या उसमें मणिपुर की बात होगी? वह भी तो देश का हिस्सा है। क्या यह सब बातें विदेशी अतिथियों के कानों में नहीं जाएंगी?

इन परिस्थितियों में इन्डिया आकार ले रहा है। जाहिर है एक बड़ा चैलेंज बन गया है। कह रहा है कि हम अपने नुकसान पर भी दूसरी सहयोगी विपक्षी पार्टी की मदद करेंगे। यह 'गिव एंड टेक नहीं होगा। सिर्फ गिव ही गिव होगा। मतलब देना ही देना।

और यह जरूरी है। अगर इस बार ऐसा नहीं किया तो कपिल सिब्बल जिनकी अप्रत्याशित मुंबई मीटिंग में एंट्री हुई की यह बात सच साबित हो जाएगी कि अगर इस बार भी मोदी जी जीत गए तो फिर विपक्ष चुनाव को भूल जाए। सही बात है। अगर मोदी जी तीसरी बार आ गए तो कई विपक्षी दल खतम हो जाएंगे। कई क्षेत्रीय नेता भी।

इसलिए सब 'गिव एंड टेक' की बात नहीं केवल 'गिव ही गिव' की बात कर रहे हैं। एक दूसरे को मजबूत करो। सब मजबूत हो जाओगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# केरल ने खारिज की केंद्र की स्मार्ट मीटर योजना

■ पी. श्रीकुमारन

राज्य में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार ने राज्य में केन्द्र के प्री-पेडस्मार्ट बिजली मीटर के रोलआउट के लिए कुल व्यय (टोटेक्स) मॉडल को जोरदार ढंग से 'नहीं' कह दिया है। टोटेक्स मॉडल को लागू न करने और कोई अन्य लागत प्रभावी मॉडल चुनने का निर्णय मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा बुलाई गई बैठक में लिया गया।

राज्य सरकार ने केंद्र सरकार पर ऐसे संशोधनों के माध्यम से देश की संघीय प्रणाली को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया तथा हाल ही में संसद में पारित बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन का पुरजोर विरोध किया।

आधिकारिक तौर पर कहा गया कि केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) द्वारा एक वैकल्पिक प्रस्ताव विकसित किया जायेगा।

> राज्य सरकार ने केंद्र सरकार पर ऐसे संशोधनों के माध्यम से देश की संघीय प्रणाली को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया तथा हाल ही में संसद में पारित बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन का पुरजोर विरोध किया। आधिकारिक तौर पर कहा गया कि केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) द्वारा एक वैकल्पिक प्रस्ताव विकसित किया जायेगा।

प्रस्ताव के तहत, केएसईबी स्मार्ट मीटर परियोजना के लिए बिलिंग और संबद्ध सेवाओं के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करेगा। परियोजना के लिए आवश्यक संचार प्रणाली के लिए केरल फाइबरऑप्टिक नेटवर्क (के-फोन) का उपयोग किया जायेगा। केएसईबी का डेटा सेंटर डेटा का स्टॉक करेगा।

पहले चरण में 37 लाख उपभोक्ताओं को प्रीपेड स्मार्ट मीटर से लैस करने का जो फैसला किया गया था उसे राज्य सरकार ने रद्द कर दिया है। अब केएसईबी के केवल औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ता, जिनकी संख्या तीन लाख से कम है, को ही स्मार्ट मीटर से लैस किया जायेगा।

स्मार्ट मीटर रोल-आउट केंद्र-सहायता प्राप्त पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना का एक घटक है। जब 15 जून को परियोजना के लिए निविदा आवेदन खोला गया, तो तीन निजी फर्मों ने भाग लिया, जिनकी सबसे कम बोली 3,475.16 करोड़ रुपये थी। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को प्रति स्मार्ट मीटर 9,500 रुपये का भुगतान करना पड़ता। बोर्ड ने प्रारंभिक चरण में 37 लाख उपभोक्ताओं के लिए परियोजना को लागू करने की योजना बनाई थी।

केएसईबी में वामपंथी और कांग्रेस समर्थित ट्रेड यूनियनों के कड़े विरोध के बाद इस योजना को छोड़ दिया गया। कर्मचारी संगठनों ने इस आधार पर इस योजना का विरोध किया कि इससे निजीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। उनका तर्क था कि बिजली मंत्रालय ने श्रम संगठनों की चिंताओं का समाधान नहीं किया है।

सीटू के महासचिव इलामारम करीम ने कहा कि केरल केएसईबी को कानूनी मुद्दों का हवाला देते हुए तुरंत निविदा प्रक्रिया को रद्द कर देना चाहिए था क्योंकि उसे एहसास हुआ कि स्मार्ट मीटर की कीमत 9,500 रुपये के करीब होगी, जबकि बोर्ड द्वारा निर्धारित आधार मूल्य 6,000 रुपये थी। राज्य के 1.35 करोड़ उपभोक्ताओं में से लगभग 50 लाख गरीब हैं और स्मार्ट मीटर लगाने में सक्षम नहीं हैं।

करीम ने दावा किया कि राज्य सरकार के सामने विकल्प टोटेक्स मॉडल को छोड़ना है और इसके बजाय सी-डैक द्वारा विकसित तकनीक को अपनाना है, जिसे सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा लागू किया जा सकता है। इसके अलावा, सीटू जैसे ट्रेड यूनियनों के अनुरोध के बाद, सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो ने परियोजना के कार्यान्वयन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया था और कहा था कि इससे गरीबों और किसानों पर असहनीय बोझ पड़ेगा।

पिनराई विजयन के बयान में कहा गया है कि कई राज्यों को परियोजना को लागू करने और बिजली वितरण की जिम्मेदारी से हटने और अधिकतम लाभ के लिए इसे निजी कंपनियों को सौंपने के लिए मजबूर किया गया था। इससे गरीबों और किसानों पर असहनीय बोझ पड़ेगा। इसलिए इस प्रोजेक्ट को तुरंत रद्द किया जाना चाहिए।

सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन के संबंध में, केरल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि संविधान की सातवीं अनुसूची की प्रविष्टि 32 के तहत सहयोग राज्य का विषय है। केंद्र सरकार अब नवीनतम संशोधनों के जरिए कानूनी झटके से उबरने और शीर्ष अदालत के फैसले को दरकिनार करने की कोशिश कर रही है।

केरल के सहकारिता मंत्री वीएन वासवन ने केंद्र सरकार पर ऐसे प्रावधानों को शामिल करने का आरोप लगाया, जिसके तहत राज्य सहकारी रजिस्ट्रार के तहत काम करने वाली वैधानिक समितियों को भी समाप्त किया जा सकता है और बहु-राज्य समितियों में परिवर्तित किया जा सकता है। किसी भी सहकारी समिति को शासी निकाय की बैठक के निर्णय और सामान्य निकाय की बैठक में बहुमत से एक बहु-राज्य समिति में परिवर्तित किया जा सकता है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, इस शर्त को हटा दिया गया है कि बहु-राज्य संघ बनने से पहले राज्य पंजीकरण रद्द कर दिया गया होगा और यह शर्त शामिल की गई है कि इसे स्वाभाविक रूप से रद्द कर दिया जायेगा।

केरल को यह भी आशंका है कि सोसायटी को अपनी संपत्ति और आय का उपयोग केंद्र सरकार या बड़े कॉर्पोरेट निवेशकों के निर्देश पर करने के लिए मजबूर किया जायेगा। इससे आम लोगों को मिलने वाली सहायता बहुत प्रभावित होगी और सहकारी समितियां उनकी पहुंच से बाहर हो जायेंगी। सबसे निर्दयी कटौती यह है कि संशोधन सहकारी समितियों के स्थानीय आर्थिक संसाधन के रूप में कार्य करने के प्राथमिक उद्देश्य को विफल कर देंगे, जिस पर कोई भी किसी भी समय भरोसा कर सकता है। ये संस्थान नई पीढ़ी के बैंकों जैसी कार्य संस्कृति अपनायेंगे जो केवल मुनाफे के लिए काम करते हैं। यही कारण है कि शीर्ष अदालत ने राज्यों के प्रति अनुकूल रुख अपनाया। जब यह स्पष्ट हो गया कि यह संघवाद के सिद्धांतों का उल्लंघन है तो उसने केंद्र सरकार के कदम को रोक दिया।

## गुरवाणी विचार

### जप मन सतनाम सदा सतनाम

थाल विच तिनि वस्तु पइओ-सत संतोख विचारो।
अमृत नाम ठाकुर का पइओ -जिसका सबस आधारो।।
जे को खावै जे को भुंचे-तिस का होय उधारो।
ऐह वसतु तजी नहीं जाई-नित नित रख उरिधारो।।
तम संसार चरण लगि तरीअै -सब नानक ब्रह्म पसारो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों में पंचम नानक गुरु अर्जुन देवजी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि यह सारा संसार एक बहुत बड़ा थाल है। इस संसार रूपी थाल में तीन वस्तुएं सत्य, संतोष और विचार सृष्टि मान हो रहे हैं। इन तीनों वस्तुओं पर विचार करने पर पूरा इंसानी आध्यात्म समझ आ सकता है। क्योंकि यह तीनों वस्तुएं प्रभु नाम के मूल पदार्थ से उपजी हैं। प्रभु परमात्मा का नाम ही हर इंसान का जीवन ढाल सकता है। यही प्रभु परमात्मा नाम ही हर इंसान का ही ओट, आसरा है। इस नाम प्राप्ति हेतु उपरोक्त तीन चीजों की आवश्यक रूप से आवश्यकता है।

गुरुदेव मम्झा रहे हैं कि थाल में मौजूद आत्मिक भोजन का सेवन करने वाले हर प्राणी का यकीनन रूप से भला होगा ही होगा। ये तीनों वस्तुएं हमें संभाल कर रखनी होगी और अपने जीवन में इन तीनों वस्तुओं का अमल करते रहना होगा। सत्य पर चल कर ही हम इस संसार में अपना आदर्श कायम कर पाएंगे बल्कि सत्य पर चल कर ही हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति भी कर वाएंगे। प्रभु का नाम भी सत्य ही है इसलिए तो हमें गुरवाणी द्वारा समझाइश दी गई है कि -जप मन सतनाम सदा सतनाम।

आगे संतोष के बारे में बताया गया है संतोष हमारे जीवन के लिए एक आवश्यक वस्तु है। संतोष एक ऐसा धन है जिसके आने पर हमें सारे धन धूरि के समान महसूस होने लगते हैं कहा भी गया है -

गौ धन गज धन बाज धन।
और रतन धन खान जब आवै
संतोख धन सब धन धूरि समान।।

फिर विचार धन का मतलब है प्रभु नाम का सिमरन बंदगी करते रहने प्रभु नाम का सिमरन (विचार) करते रहने पर हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर पाते हैं। इसीलिए तो हमें बार-बार हिदायत दी जाती है कि-

सांस सांस सिमरो गोविंद।
मन अंतरि की उतरे चिंद।। फिर हमें समझाया गया है
सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटाओ।।

इस संसार में हमारा मानव जीवन पाकर आना भी तभी सार्थक समझा जाएगा। जब हम प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांस रूपी पूंजी का प्रभु नाम सिमरन में खर्च करें। कुछ लोग इस बात पर किंतु परंतु करते हैं कि हर वक्त प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर हम उदर पोषण अपने और अपने परिवार का कैसे कर पाएंगे तो वे इस बात को भूल जाते हैं कि जिस प्रभु परमात्मा ने हमें इस संसार में भेजा है वह हमारे खाने-पीने की व्यवस्था पहले लिख देता है- तूं जग उत्ते पिछों आवें। उह पहले लिख जांदा है।।

प्रभु परमात्मा में ब्यालीस लाख जीव जल में रखे हैं उनकी भी रोजी रोटी का वह इंतजाम कर रहा है। फिर हमें हाथ पांव से तो अपने उदर पोषण हेतु कार विहार करना ही है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ना चाहिए। जिस तरह एक पतंग बाज आसमान में पतंग उड़ाता है। अपने साथ खड़े संगी साथियों से बातचीत भी करता रहता है पर ध्यान उस उसका पतंग पर ही रहता है। कब डोर छोड़नी है, कब खींचनी है। इस बात का पूरा ध्यान रखता है। ठीक इसी प्रकार हमें मन निरंकार के साथ जोड़ना है।

नाम कहे तिलोचना मुख ते नाम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

सत संतोख पर चलते हुए प्रभु नाम पर विचार (सिमर बंदगी) करते हुए इस संसार समुंद्र से हम अपनी जीवन नौका से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सकते हैं। इसी प्रकार प्रभु परमात्मा की रजा पर चलते रहने पर हमें इस बात का ज्ञान हो पाएगा कि प्रभु परमात्मा का नाम ही सदा सत्य है। सच्चा आचरण रखकर सच्चा विचार रखकर ही हमें जीवन की सूझ प्राप्त हो पाती है। इन तीनों सूत्रों पर चलकर ही हम इस लोक में सुखपूर्वक जीवनयापन कर उजले मुख से परलोक गमन कर जहां पर सुख ही सुख, आनंद ही आनंद की प्राप्ति कर पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### चन्द्रयान-3 और आदित्य-1 की लॉचिंग दुनिया के लिए आश्चर्य

भारत दुनिया का सरताज बन गया है। विश्वगुरू की ओर बढ़ते कदम ने दुनिया में भारत ने डंका बजा दिया है। इसरो के वैज्ञानिकों की अथक मेहनत और लोकप्रियता, सरकार के मेक इन इंडिया नारे की गूंज दुनिया के देशों में छाप छोड़ने लगी है। वैज्ञानिकों के इस साहस का लोहा दुनिया ने माना है। विक्रम साराभाई जैन की देन थी कि वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पहला कदम 1964 में रखा। 15लाख किमी की दूरी तय कर आदित्य-1 एल-1 की पॉइंट पर पहुंचेगा। सूर्य की स्टडी करेगा। शनिवार को श्रीहरिकोटा से सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। दुनिया की नजर भारत पर टिकी थी। दुनिया आश्चर्यजनक स्थिति में है। भारत की इस कामयाबी में कई वर्षों की मेहनत और रिसर्च का सुखद परिणाम है। भारत कामयाबी के ऊंचे शिखर पर है। सूर्य की एनर्जी और सूर्य की स्टडी से पता चलेगा। पृथ्वी पर बदलाव और धरती पर जनजीवन को प्रभावित करने का मुख्य कारण का पता लगाना है। अमेरिका ने छह बार सोलर मिशन तो चीन में एक बार सोलर भेजने के बाद कोई उपलब्धि हासिल नहीं हुई थी। सूरज की विशालता का बड़ा पैमाना है और एक सूर्य में 13 लाख पृथ्वी समा जाए, यह वैज्ञानिकों का कहना है। भारत की इन उपब्धियों के पीछे सत्तारूढ़ सरकार की सफलता कारणभूत है। लेकिन यह पूरे देश और देशवासियों की उपलब्धि है जिसके कारण आज चांद और सूरज की परिक्रमा के लिए चंद्रयान 3 ने कार्य शुरू कर दिया है तो शनिवार को भारत की दूसरी कामयाबी में आदित्य-1 की लॉचिंग भारत की प्रसिद्धि की यह तस्वीर दुनिया ने नजदीक से निहारी है। भारत उत्तरोतर प्रगति का शंखनाद कर दुनिया को हर समय चौंकाने के लिए वैज्ञानिकों की मेहनत और देशवासियों की आस्था की सफलता कदम चूम रही है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

### इसे विकास कहते गुस्सा आता है

अभनपुर से राजिम सड़क चौड़ीकरण इस नासमझी के साथ जारी है कि इसे विकास कहते हुए गुस्सा आता है। सड़क इतनी अधिक ऊंची हो गई है कि छह सौ से अधिक आवासीय और व्यावसायिक मकान-दुकान डूब गए हैं। विकास के नाम पर यह पागलपन यहीं नहीं रुकता। इस सड़क के दोनों तरफ जो नालियां बनाई जा रही हैं वह सड़क से ऊंची बनाई जा रही है इससे मुख्य सड़क पर आने और मुख्य सड़क छोड़कर गली में जाने के लिए यह नाली पहाड़नुमा ब्रेकर जैसा बन गया है जिस पर बुजुर्गों और बच्चों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस विकास के नाम हजारों हरे-भरे छायादार पेड़ बलि अलग चढ़ गए हैं। इसे इस कथित विकास की पुरौनी कह सकते हैं।

ताज्जुब तो इस बात पर भी होता है कि वैध आवासीय और व्यावसायिक मकान-दुकान के मालिक विकास के नाम पर हो रहे मनमानी पर क्यों चुप्पी साधे रहे? क्या नीचे हो चुके मकान-दुकान के गंदे पानी को पंप के द्वारा ऊंचाई पर बने नाली में पहुंचाया जाएगा?

क्या इस मुर्खतापूर्ण कार्य को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती थी? विरोधी दलों को तो इस मुद्दे पर आंदोलन कर देना था वह भी नहीं हुआ। गैर आबादी इलाके में ऊंची सड़क समझ में आने वाली बात है लेकिन आबादीयुक्त क्षेत्रों में सड़क को साल-दर-साल ऊंचा करने के बजाय सुविधाजनक विकल्प के बारे सोचा जाना चाहिए।

**-दिनेश चौहान, राजिम**

# उत्तर मध्य विधानसभा में उठी आलोक तिवारी को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की आवाज

## - ओंकार महाराज के पद चिन्ह पर आज भी चल रहे हैं पुत्र आलोक - 35 वर्षों से निरंतर जारी है राजनीतिक संघर्ष यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी का प्रदेश की सियासत में बड़ा महत्व है। जिले में आठ विधानसभा हैं, जिसमें से चार ग्रामीण एवं चार शहरी क्षेत्र में है। शहर की चार सीटों की बात की जाए, तो उत्तर मध्य विधानसभा एक ऐसी विधानसभा है, जो की 1985 से स्व. पं. ओंकार तिवारी के समय से भाजपा मय है। हालांकि 1998 का एक उपचुनाव और पिछली पंचवर्षीय को छोड़ दिया जाए तो इसे भाजपा का गढ़ बनाने में कोई भी अतिशयोक्ति नहीं होगी। ओंकार महाराज की कार्यशैली और हर एक धर्म व कौन से जुड़कर कार्य करने की दक्षता व क्षमता ने ही उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र को भाजपा का गढ़ बनाया था। अब यही कार्य क्षमता व दक्षता उनके पुत्र आलोक तिवारी में देखते हुए उन्हें भाजपा से विधानसभा का प्रत्याशी बनाए जाने की मांग उठने लगी है। उत्तर मध्य विधानसभा के चुनावी गणित और आलोक तिवारी की दावेदारी की मांग को समझती हुई रिपोर्ट प्रस्तुत है।

जबलपुर में आठ विधानसभा सीटों में से चार सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं और चार सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। पिछले विधानसभा चुनाव में उत्तर मध्य विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने छोटे अंतर से जीत हासिल की थी। विधायक विनय सक्सेना ने भाजपा के शरद जैन को 578 वोटो से हराया था। लोगों की मानी जाए तो, इस बार भी भाजपा ने मतदाताओं के अनुसार कोई बेहतर प्रत्याशी नहीं चुना, तो इस कांटे की टक्कर में कांग्रेस का पलड़ा भारी रहेगा।

### आलोक तिवारी ही क्यों..?

विधानसभा चुनाव सामने आते ही अब प्रत्याशियों का जमावड़ा लग रहा है। हर कोई अपने आप को योग्य एवं सक्षम प्रत्याशी बता रहा है।

उत्तर मध्य विधानसभा जबलपुर शहर की वह विधानसभा है जहां पर हर भाजपा का कार्यकर्ता प्रत्याशी होना चाह रहा है क्योंकि यह भाजपा के समर्पित मतदाताओं का क्षेत्र माना जाता रहा है। अब यहां पर आलोक तिवारी के नाम की भी बात उठाई जा रही है, पर क्यों..? इस बात पर विचार होना चाहिए। उत्तर विधानसभा यदि भारतीय जनता पार्टी के समर्पित मतदाताओं का गढ़ है, तो इस गढ़ की रचना करने वाले स्वर्गीय पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी ही थे। आज भी यह क्षेत्र ओंकार महाराज के नाम से जुड़कर अपने आप को सशक्त एवं सुरक्षित मानता है।

### आलोक में पिता की छवि मतदाताओं को दिख रही

जनसंघ के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं मैं ओंकार महाराज ही एक ऐसा नेतृत्व था, जो पूरे शहर के लोगों को एक जन प्रतिनिधि का नाम चरितार्थ कर रहा था। आज की भाजपा में अनेकों पुराने कार्यकर्ता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं और सामने जो झंडा, डंडा लगाकर घूम रहे हैं, उनकी आम लोगों में वह स्वीकार्यता नहीं है, जो पुराने कार्यकर्ताओं में अभी भी बनी हुई है।



इस संकट के दौर में यदि भाजपा अपने पुराने कार्यकर्ताओं एवं महाराज के ही परिवार जनों को कहीं सामने लाती है, तो उन सभी लोगों में पार्टी के प्रति उत्साह व समर्पण सामने दिखने लगेगा, जो छिपा हुआ है।

उत्तर मध्य विधानसभा के हर वर्ग में ओंकार महाराज के बनाये हुए कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद पाने में उनके पुत्र आलोक पूर्ण सक्षम है।

### आलोक ही सबसे उपयुक्त- मतदाता

ब्राह्मण वर्ग के साथ-साथ अल्पसंख्यक व अनुसूचित जाति के लोग भी तिवारी परिवार के साथ जी जान से जुड़ सकते हैं, जो की अन्य प्रत्याशी ऐसा करने में सक्षम नहीं है।

अत: उन समर्पित व उपेक्षित कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के साथ-साथ पार्टी में सभी वर्ग का सहयोग लेने के लिए आलोक तिवारी भाजपा के लिए उपयुक्त प्रत्याशी हो सकते हैं। ब्राह्मण संगठनों से लेकर अल्पसंख्यक समुदाय के भी अनेक संगठनों पदाधिकारी भी अपना अपना समर्पण भाव आलोक को दे चुके हैं।

### निरंतर जारी है राजनीतिक संघर्ष यात्रा

भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करने का आधार स्तंभ ओंकार महाराज थे। उनके साथ कंधे से कंधा मिलकर हर एक कार्य उनके पुत्र आलोक तिवारी ने किया और अपने पिता की तरह ही हर क्षेत्र में ग्लैमर से दूर रहकर आज भी कर रहे हैं।

क्षेत्रीय जनों का साफ और स्पष्ट तौर पर कहना है की ओंकार महाराज की गद्दी से आज तक कोई भी व्यक्ति मायूस नहीं लौटा। आलोक आज भी पूरी तत्परता से अपने पिता के पद चिन्ह पर चलकर कार्य कर रहे हैं। बाल अवस्था से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में स्वयंसेवक के रूप में एवं 1985 से विधानसभा चुनाव से लेकर लोकसभा, नगरी निकाय, पंचायत समेत अन्य चुनाव में पिता एवं पार्टी के साथ-साथ संगठन के निर्देशानुसार कार्यक्रमों की भूमिका में सक्रिय रहे। उन्हें विधानसभा एवं मतदाताओं के साथ 35 वर्षों से लगातार पार्टी का जनाधार बढ़ते हुए जन सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते हुए देखा गया। पिता के द्वारा दिए गए दायित्वों का निष्पक्ष भाव से सभी जाति धर्म का सम्मान करते हुए अपनी राजनीतिक संघर्ष यात्रा निरंतर जारी रखे हुए हैं।

### विधानसभा में 65 हजार से अधिक ब्राह्मण मतदाता

वर्तमान में एवं 35 वर्षों के कार्यकाल में संगठन के विभिन्न पदों में रहते हुए पार्टी का जनाधार बढ़ाने में आलोक ने कोई कसर नहीं छोड़ी। हर चुनाव में पार्टी के साथ रहते हुए काम किया। उत्तर मध्य विधानसभा व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं हिंदू - मुस्लिम बाहुल्य आबादी होने के कारण आम व्यक्ति के लिए शहर में शांति एवं सुरक्षा बनाने में सतत शासन-प्रशासन का सहयोग किया। विधानसभा में सर्वाधिक ब्राह्मण, मुस्लिम, जैन, अग्रवाल आदि के सामाजिक, धार्मिक, वैवाहिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति सदैव दर्ज करते रहे। लगभग 65 हजार से भी अधिक ब्राह्मण समाज विधानसभा में निवासरत है.. वहीं मुस्लिम आबादी भी 45 हजार से अधिक है, ऐसे में ब्राह्मण एवं अल्पसंख्यक समुदाय के करीबी होने का लाभ आलोक को प्रत्याशी बनाए जाने में भाजपा को मिल सकता है। शासन-प्रशासन एवं आम जनता में पकड़ होने से आलोक ओंकार तिवारी एक मजबूत प्रत्याशी साबित होंगे।

### कुछ ऐसा है विधानसभा का जातिगत समीकरण

शहर के राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार उत्तर मध्य विधानसभा में तकरीबन 60 हजार से अधिक ब्राह्मण मतदाता, 45 हजार से अधिक मुस्लिम मतदाता और 35 हजार करीब जैन, अग्रवाल, गहोई मतदाता, 32 हजार पिछला वर्ग मतदाता समेत 30,500 के आसपास सिख, इसाइ, बौद्ध, मराठी वह अन्य मतदाता है। एक और जहां भाजपा अपने कर्मठ कार्यकर्ताओं के दम पर पिछले चुनाव में गंवा चुकी सीट को वापस हटाने का सपना देख रही है, तो वहीं कांग्रेस अपने विकास कार्यों के सहारे जनता से समर्थन मांग कर इस सीट पर अपना कब्जा बरकार रखना चाहती है। ऐसे में क्षेत्रीय मतदाताओं की मांग है की आलोक तिवारी को प्रत्याशी बनाया जाए।

कुल मतदाता - 207506
पुरुष - 107252
महिला - 100254




# न्यायलोक अलंकरण से अपर जिला न्यायाधीश राजकुमार वर्मा सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** बुन्देली दिवस 1 सितम्बर को शहीद स्मारक में पूरनचंद श्रीवास्तव के 34 वें बुंदेली दिवस पर सेवाव्रती स्व.शंकर प्रसाद तिवारी की स्मृति में न्यायलोक अलंकरण से अपर जिला न्यायाधीश राजकुमार वर्मा को सम्मानित किया गया । सम्मान संयोजक आर के तिवारी डॉ.ज्योति तिवारी सहा. प्राध्यापक थे। श्री वर्मा खंडवा के प्रख्यात कवि माणिक वर्मा के सुपुत्र हैं। राजकुमार वर्मा को सेवाव्रती स्व.शंकर प्रसाद तिवारी स्मृति न्यायलोक अलंकरण से विभूषित किया गया सम्मान संयोजक आरके तिवारी डॉ.ज्योति तिवारी सहायक प्राध्यापक थे।

# अस्मिता खेलो इंडिया में संस्कारधानी की महिला वेटलिफ्टरों का शानदार प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं वेट लिफ्टिंग संघ जिला जबलपुर के सचिव जगदीश रजक एवं विन्सिंट लाल ने बताया कि युवा भवन सेठी नगर गुसेषवर में अस्मिता खेलो इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन जिला वेट लिफ्टिंग संघ एवं स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में (यूथ, जूनियर, एवं सीनियर) महिला वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अतिथि अनिल अब्राहम एवं के. एस. बंसल की अध्यक्षता एवं विषिष्ट अतिथि कुलदीप बरार, की उपस्थिति में किया गया। जिसमें संस्कारधानी की महिला वेटलिफ्टरों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए।

संघ ने आगे बताया कि सीनियर वर्ग में मिताली सिंग, निषा श्रीवास, निषा धुर्वे, षिवानी नोरिया, नीलम पाण्डे, याषिका शर्मा, रिमझिम वर्मा ने क्रमषः अपने अपने वेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में ओषीन तामरकर, षिवांगी तोमर, हैतल अवधिया नें क्रमषः अपने अपने वेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं यूथ वर्ग में अदिति पटेल एवं शानिया बक्स ने भी क्रमषः अपने वेट मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। के.एस.बंसल, कुलदीप सिंह बरार, डॉ. प्रषांत मिश्रा, डी. बंसल(टीटू), लॉरेन्स मार्टिन, एस.टंडेलू, दीनू स्वामी, कुलदीप सिंह, अनुराग धन्यवाद, ललित जॉन, अब्दुल रसीद, संतोष शिवहरे, टी.वेंकट रमन, मानसिंह, दीपक तिंगरे, श्रिल चार्ल्स आदी सभी ने उपस्थित होकर महिला वेट लिफ्टिरों को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# परिवीक्षा पीरियड, नियमतीकरण की मांग पूरी करने दिया भरोसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश विद्युत मंडल पत्रौपाधि अभियंता संघ के इंजीनियर अशोक जैन प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष के नेतृत्व पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्यअभियंता अरविंद चौबे जबलपुर क्षेत्र से मुलाकात कर कनिष्ठ अभियंताओं के उच्च वेतनमान व परिवीक्षा पीरियड नियमितीकरण के प्रकरण शीघ्र ही उच्च कार्यालय में भेजे जाये, विस्तार से कनिष्ठ अभियन्ताओं की अन्य मागों/समस्याओं से अवगत कराया और निराकरण की मांग की। इंजी. अशोक जैन प्रांतीय वरिष्ठ उपाधयक्ष अपनी बारह सूत्री मांगों से विस्तार से अवगत कराया गया।

बोर्ड केडर/कंपनी कैडर कनिष्ठ अभियंताओं जिनको सहायक अभियंताओं का चालू प्रभार दिया गया है। उन्हें उप संभाग का प्रभार दिया जाए, वहीं कनिष्ठ अभियता, वरिष्ठ सहायक अभियंताओ दो वर्ष का परिविछा अवधि समाप्त होने पर शीघरातिशीघ्र नियमतीकरण की जानकारी उच्च कार्यायल शीघ्र भेजी जाये। जिससे आदेश जारी हो सके, वहीं मैदानी स्तर पर कार्यपालन अभियंताओं द्वारा वितरण केन्द्रों में प्रवर्तन संकाय द्वारा कनेक्शन चैकिंग के दौरान पायी गयी, अनियमित्ताओं के मामले में कनिष्ठ अभियंताओं, सहायक अभियंताओं संवर्ग को शोकाज नोटिस जारी किया जा रहा है, उनके वेतन से कटौती की जा रही है, यह न्यायोचित नहीं है। उसे तत्काल वापिस लिया जाए। उपरोक्त और अन्य समस्याओं को लेकर मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) से की मीटिंग की, 2000/प्रतिमाह रिवॉल्विंग फंड सीधे वितरण केंद्र में पहुंचाए। अपात्र कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाए एवं जिहोनेआदेश जारी किए अन पर कार्रवाही की जाए। मैदानी कर्मचारी को अधिक सुविधाएं देने का भी आग्रह किया। इस दौरान संघ के इंजी. स्वर्ण सिंह मनकोटिया, सी. के. लखेरा, के के असाटी नेपेंद्र सिंह असलम अंसारी मनीष चंद्रा,सुमन सिन्हा दीपक रजक आदि उपस्थित थे।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर आज अधिवक्ताओं का सांकेतिक धरना प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत लगातार अपने रजिस्ट्रेशन से ही मुख्य मुद्दे में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित के लिये संघर्षरत है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित के लिये उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित के लिये प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, विधि विधाई मंत्री को पत्राचार किया गया है।

मुख्यमंत्री से किए गए पत्राचार में सचिव जवाब पत्र प्राप्त हुआ। जिसमे उल्लेख है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित के लिये प्रक्रियाधीन है। इसी ताराम्य में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत के पूरे देश के विभिन्न राज्यों मध्यप्रदेश के कई जिलों, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, में मातृ शक्ति अधिवक्ता संघ, बार एसोसिएशन का सहयोग लेते हुए 1 सितंबर को सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। अपने हक की लड़ाई को बढ़ाते हुए जबलपुर में भी सांकेतिक धरना प्रदर्शन शांति रूप से करने का निर्णय लिया है। इसके लिये सीनियर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एवं सचिव से भी निवेदन आमंत्रण पत्र दिया गया है। थाना ओमती, कलेक्टर की जानकारी बावत जानकारी पत्र दिया गया है। आज सोमवार समय दोपहर 2 से 4 बजे तक तहसील केंटीन के सामने अंबेडकर चौक उच्च न्यायालय के पास अधिवक्ताओं से मनीष मिश्रा, सुधीर नायक , वेदप्रकाश नेमा, दीपक पंजवानी, राजेश पंजवानी, मनोज सनपाल ,जय सचदेवा, राहुल मिश्रा,वैभव जैन , ज्योति कुरील, चंद्रकांता पॉल, रेणुका शुक्ला, प्रवेश खेड़ा, अशोक बालानी, कपिल सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शामिल होने की अपील की है।

# आज से पमरे मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़े का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 14 सितंबर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के सभी कार्यालयों में माह सितंबर के दौरान हिंदी दिवस, राजभाषा सप्ताह, राजभाषा पखवाड़ा आदि का आयोजन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय के विभागों में पखवाड़े के दौरान राजभाषा प्रयोग-प्रसार के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने और कर्मचारियों एवं अधिकारियों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी, रविशंकर सक्सेना के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए राजभाषा एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, हिंदी निबंध, हिंदी-वाक, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन आदि प्रतियोगिताओं तथा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यालय में 4 सितंबर को कर्मचारी प्रश्न मंच, 5 सितंबर को हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन, 6 सितंबर को हिंदी निबंध, 8 सितंबर को अधिकारी प्रश्न मंच एवं 11 सितंबर को हिंदी वाक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

# दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु के मध्य स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि बढ़ी

## सतना, जबलपुर एवं इटारसी से गुजरेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 03241/03242 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल (वाया इटारसी) के चलने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार गाड़ी संख्या 03241 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 29 सितंबर तक प्रति शुक्रवार को दानापुर स्टेशन से 15:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 00:13 बजे, जबलपुर 03:05 बजे, इटारसी 07:00 बजे और तीसरे दिन 13:00 बजे एसएमवी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03242 एसएमवी बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन स्पेशल 1 अक्टूबर तक प्रति रविवार को एसएमवीटी बेंगलुरु स्टेशन से 23:25 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी 06:35 बजे, जबलपुर 10:10 बजे, सतना 13:05 बजे और तीसरे दिन 23:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

गाड़ी के हाल्ट- यह गाड़ी रास्ते मे दोनों दिशाओं में आरा जंक्शन, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, गुडूर, पेराम्बूर, काटपाड़ी, जोलारपेट्टई एवं बांगरपेट स्टेशनों पर रुकेगी।

कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 04 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 14 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच रहेंगे।



# फ्लाई ओवर निर्माण में बाधक भवन / भूमि निर्माणों की प्राप्त आपत्तियों के निराकरण करने निर्देश

## भवन शाखा में बी. सी. एम. ओं. मनीष तड़से के मार्गदर्शन में कार्य करेंगें - निगमायुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से 3 उपयंत्री एवं 1 समयपाल को फ्लाई ओवर निर्माण में बाधक भवन / भूमि निर्माणों को प्रेषित सूचना पत्र उपरांत प्राप्त आपत्तियों के निराकरण हेतु 2 सितम्बर 2023 से 06 सितम्बर 2023 तक भवन शाखा में बी. सी. एम. ओं. मनीष तड़से के मार्गदर्शन में कार्य हेतु संबद्ध किया जाता है। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने बताया की प्रमोद अग्रवाल, प्रभारी उपयंत्री संपदा शाखा, विजयेन्द्र चंदेल, उपयंत्री, संभाग क्रमांक - 2, यशवंत सोनी, उपयंत्री, उद्यान विभाग, एवं नितेश जैन, समयपाल, कालोनी सेल उक्त अवधि में संबंधित कर्मचारी किसी कारण वश आवश्यक कार्य के लिए अवकाश की जरूरत है तो वह कर्मचारी अवकाश हेतु अनुमति प्राप्त करेंगें।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने 11 सितंबर तक किये जा सकेंगे आवेदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अवधि 11 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। अब कोई भी नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, विलोपित कराने और नाम में संशोधन के लिए 11 सितंबर तक आवेदन कर सकता है।

फोटो मतदाता सूची के व्दितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र पर 2 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था और 31 अगस्त दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि तय की गई थी।

निर्वाचन आयोग द्वारा दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि बढ़ा दिये जाने के बाद अब 11 सितंबर तक प्रत्येक कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आए आवेदनों को प्राप्त करेंगे।

ऐसे नागरिक जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं वे अपने मतदान केंद्र के बीएलओ को निर्धारित प्रारूप में नाम जुड़वाने का आवेदन दे सकेंगे ।

नागरिक ऑनलाइन आवेदन कर भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं । इसके लिए नागरिकों को voters.eci.gov.in अथवा Voter Helpline APP के माध्यम से आवेदन करना होगा। साथ ही ऐसे युवा जो 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए 11 सितंबर तक अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं।

# सेवा कार्य के लिये जागरूक क्रिश्चियन मंच की बैठक सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि रविवार को प्रांतीय संयोजक एडवोकेट जेम्स एन्थोनी की अध्यक्षता में जागरूक क्रिष्चियन मंच की बैठक आगामी समाज सेवा कार्य के लिये एजेंडा को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हिस्सा लेकर अपने विचार रखे। संघ ने आगे बताया कि मंच के द्वारा बैठक में यह निर्णय लिया गया, कि शिक्षा, खेल एवं समाजिक सेवा कार्य को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाएगा। जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक मत होकर इन कार्यों को सुचारूरूप से करने के लिये अपनी सहमती दी।

मंच के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जेम्स एन्थोनी, कैरोलन अब्राहम, क्रिस्टोफर नरोन्हा, फिलिप एन्थोनी, कश्मर फर्नांडीज , क्लेमेंट पायस, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, फ्रांसिस अन्थोनी, हैरिस नथानियल, अल्बर्ट अन्थोनी, रिंकू पीटर, विक्टोरिया दास, लॉरेन्स मार्टिन, आन्नद राज अन्थोनी, आदि ने मंच की बैठक में हिस्सा लिया एवं अपने विचार रखे।

# लापरवाह लिपिक के विरुद्ध की गई निलंबन की कार्यवाही

## संपदा शाखा के बाबू मुकेश को आयुक्त स्वप्निल वानखड़े ने किया निलंबित

**जबलपुर, देशबन्धु।** संपदा शाखा के लिपिक मुकेश कुमार मर्सकोले को अपने काम में लापरवाही बरतने के कारण आयुक्त स्वप्निल वानखड़े ने निलंबित कर दिया। इतना ही नहीं श्री वानखड़े ने कहा कि कोई भी कर्मचारी अपने काम में लापरवाही करता है तो उसे तत्काल ही नोटिस जारी किया जाए। काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री वानखड़े ने आगे कहा कि आगे से यदि किसी भी कर्मचारी के द्वारा किसी भी काम में कोई भी हीला हवाली होगी तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विदित है कि हर महीने संपदा शाखा की प्रकरणों की समीक्षा की जाती है। जिसमें लीज नवीनीकरण लीज नामांतरण लीज परिवर्तन प्रकरणों के हुई कार्रवाई की जानकारी मांगी जाती है। लेकिन श्री मुकेश कुमार मर्सकोले सहायक ग्रेड 3 संपदा शाखा के द्वारा उक्त प्रकरणों में कोई रुचि नहीं ली गई थी। जिसके कारण अनेकों प्रकरण लंबित हो गए थे और उनकी संख्या भी बढ़ गई थी। इतना ही नहीं प्रकरणों में त्वरित कोई कार्रवाई भी नहीं की गई थी। जिसके चलते निगम आयुक्त स्वप्निल वानखडे ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। श्री वानखड़े ने कहा कि कोई भी अधिकारी कर्मचारी अपने काम के प्रति गंभीर नहीं है और



लापरवाही का परिचय देता है तो यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। निलंबन की अवधि में मुकेश कुमार मर्सकोले अपनी उपस्थिति सामान्य विभाग में देंगे तथा नियम अनुसार उन्हें जीवन निर्वाह हेतु भत्ता दिया जाएगा।

# स्कूल की पढाई की बुनियाद से सफल जीवन की इमारत खड़ी होती है - डॉ. पांडेय

## मॉडेलियन का गुरुवंदन समारोह संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** मॉडल हाई स्कूल लज्जाशंकर झा उच्च माध्य उत्कृष्ट विद्यालय, के भूतपूर्व छात्रों के संगठन मॉडेलियन का गुरूवंदन समारोह रविवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में डा अरूण पांडेय आई ए एस (पूर्व प्रमुख सचिव व सूचना आयुक्त म प्र शासन ) और मॉडल हाई स्कूल के 1973 बैच के पूर्व छात्र मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूतपूर्व छात्र व भूतपूर्व शिक्षक उपस्थित थे। गुरूवंदन की यह परंपरा 1970 से चली आ रही है। इसे स्व. रामेश्वर प्रसाद गुरू ने आरंभ किया था। कार्यक्रम के आरंभ में शिवप्रसाद निगम प्रेक्षागृह (ड्राइंग हॉल)के द्वार पर मुख्य अतिथि पूर्व गुरूजनों और पूर्व छात्रों का स्वागत किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि डा अरूण पांडेय, प्राचार्य मुकेश तिवारी, वरिष्ठतम पूर्व शिक्षक प्रो गिरिजाशंकर चौकसे व डा प्रेमनारायण अग्निहोत्री, मॉडेलियन अध्यक्ष निखिलेश निगम, सचिव हिमांशु राय, योगेन्द्र भार्गव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल श्रीवास्तव , 1973 बैच के संयोजक बसंत अग्रवाल व 1998 बैच संयोजक आशीष नामदेव द्वारा दीपप्रज्वलन



व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। डा राधाकृष्णन, पं लज्जाशंकर झा, शिवप्रसाद निगम, रामेश्वर प्रसाद गुरू, के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अतिथियों के मंचासीन होने के बाद सभी उपस्थित पूर्व छात्रों और पूर्व शिक्षकों ने खड़े होकर शाला प्रार्थनाओं का गायन किया। यह बहुत भावुक क्षण था। अतिथियों के स्वागत के पश्चात् मॉडेलियन अध्यक्ष निखिलेश निगम ने मुख्य अतिथि, उपस्थित गुरूजनों व छात्रों का अभिनंदन करते हुए मॉडेलियन की गतिविधियों का विवरण दिया और दिवंगत शिक्षकों व मॉडेलियन के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष डा. जे पी मुकर्जी का भावभीना स्मरण किया। 1954 बैच के पूर्व छात्र और जबलपुर के वरिष्ठतम शिशु रोग विशेषज्ञ डा जे पी मुकर्जी का इसी वर्ष निधन हुआ है। शाला के प्राचार्य मुकेश तिवारी ने शाला की उपलब्धियों व आगे की योजनाओं की जानकारी दी। हेमंत दवे ने मुख्य अतिथि डा अरूण पांडेय का परिचय कर वाचन किया।

इसके पश्चात् मुख्य अतिथि डा अरूण पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूल की पढाई ही वो बुनियाद होती है जिसमें हमारे सफल जीवन की इमारत खड़ी होती है। हम जो कुछ बने वो हमारे स्कूल की ही देन है। इसके पश्चात् जबलपुर व जबलपुर के बाहर से आए सभी पूर्व गुरूजनों का गुरूवंदन भूतपूर्व छात्रों द्वारा किया गया।

वयोवृद्ध गुरूजनों के लिए अपने साथी गुरूजनों से मिलने बतियाने का यह अच्छा अवसर होता है। गुरूवंदन कार्यक्रम के साथ ही इस वर्ष 1973 बैच के 50 वर्ष पूर्ण होने और 1998 बैच के 25 वर्ष पूर्ण होने पर इन बैचेस के पुनर्मिलन कार्यक्रम हुए। देश विदेश से सभी पूर्व छात्र आए और उन्होंने शाला भ्रमण किया।

# वादा भूली सरकार, मांझी समाज ने पद यात्रा कर किया विरोध प्रदर्शन




**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मध्य प्रदेश मांझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति ने आज मालवीय चौक से आगा चौक तक जिला अध्यक्ष राकेश रैकवार के नेतृत्व में पद यात्रा कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश की पिछड़ा वर्ग की सूची में क्रमांक 12 से विलोपित करने का आदेश जारी करने, मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश दिनांक 1 जनवरी 2018 के आदेश में माझी समुदाय की मांग अनुसार संशोधित करने पैशा अधिनियम में मछुआ नीति 2008 का पालन हो ,मध्य प्रदेश सरकार का प्रस्ताव जो दिनांक 29 8 2018 को सचिव भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली को भेजा गया समिति द्वारा भेजा गया था उसकी कमियों को दूर कर कैबिनेट में से सीक्रेट किया जाए एवं केंद्र सरकार को भेजा जाए, समिति के सदस्यो ने 8/4/2023 को केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्य मंत्री मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर लगभग एक घंटे की चर्चा के बाद 1 जनवरी 2018 के आदेश में संशोधन कर 9 अप्रैल 2023 तक आदेश जारी करने को कहा था लेकिन अब तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया।

रैली में सुश्री उमा रैकवार, राकेश मुन्नू रैकवार, सीमा रैकवार, सरला कश्यप, सरोज रैकवार, हेमंत केवट, प्रभात बर्मन, विनोद रैकवार, सुपी बर्मन, अनिल बर्मन, शिवकुमार माझी लक्ष्मण रैकवार, नारायण बर्मन, उमेश रैकवार, दुखी बर्मन, जागेश्वर बर्मन, जितेंद्र बर्मन, संतोष रैकवार, विजय रैकवार, दीपक रैकवार, संजय रैकवार, कौशल सोंधिया, कैलाश कश्यप, जगदीश माझी, रोशन बर्मन, रजनीश बर्मन, राजू रैकवार, सचिन रैकवार, वरुण नायक, राकेश बर्मन, राजकुमार बर्मन, आदि रैली में उपस्थित रहे ।



# शरद अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री एवं भा जा पा प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव से की मुलाकात

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने जबलपुर अल्प प्रवास पर पधारे भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री ,भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव से मुलाकात की साथ ही महाकौशल की गौडी चित्रकला पुस्तक भेट की एवं शॉल पहनाकर कर स्वागत किया। साथ में जबलपुर सांसद राकेश सिंह एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू उपस्थित रहे।

# मातृ शक्ति देती हैं बच्चों को धर्म संस्कार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मां ही घर की पाठशाला से ही संस्कारों का सृजन करती हैं, जबलपुर संस्कार धानी है सभी मातृशक्ति मिलकर समाज को धर्म के प्रति जागरूक करती है उक्त उद्गार स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने नरसिंह मंदिर में मातृशक्ति की बैठक में कहे।

सनातन धर्म महासभा मातृशक्ति की बैठक में नीता चावला, अंजू भार्गव, शिवकली मालवीय, वीणा तिवारी, आभा साहू ने बताया कि सभी बहनें पीत वस्त्र धारण कर नंदलाला के उत्सव में शामिल होंगी। बहनों से यशोदा जैसे संस्कार धानी को वृंदावन बनाने सभी बाल गोपाल को श्रीकृष्ण स्वरूप में सजाने-संवारने का आग्रह पार्षद प्रिया तिवारी ,पूजा पटेल ,रजनी साहू,मालती चौधरी , मिथलेश पांडे , कृष्णा यादव ,सुधा तिवारी ,सावित्री सोंधिया,नीतू दुबे , मीना नामदेव,जया चंसौरिया, रूचि गुलाटी , नम्रता भाटिया, नीता चावला , गीता पांडे , सुषमा सहित सनातन महिला मंडल की बहनों ने सनातन धर्म महासभा जबलपुर के तत्वावधान में जन्माष्टमी के अवसर पर 7 सितंबर को दोपहर 2 बजे शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।



# चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रभारियों ने रखी विस्तृत रिपोर्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू स्कैनिंग कमेटी के सदस्यों के समक्ष लगातार दो दिन शनिवार इतवार से मध्य प्रदेश के संभाग वार हर जिले की विधानसभाओं पर विस्तृत चर्चा की जा रही हैं।

इसी श्रखला में समिति के सदस्यों के समक्ष जिला मंडल प्रभारी दिनेश यादव, जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी, डिंडोरी प्रभारी कदीर सोनी अध्यक्ष अशोक पड़वार ने अपने-अपने जिले की विधानसभा चुनाव से संबंधित कांग्रेस प्रत्याशियों की जानकारी एवं चुनाव से सम्बंधित अन्य जानकारियां से स्कैनिंग कमेटी के सदस्यों को अवगत कराया, साथ ही विधानसभा चुनाव के अलावा स्कैनिंग कमेटी के सदस्यों ने लोकसभा चुनाव की तैयारी पर भी विस्तृत चर्चा कर लोकसभा प्रत्याशियों के संबंध में जानकारी ली।

# मोहम्मद इरशाद गुड्डू बने जिला उपाध्यक्ष

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेशनल ह्यूमन राईट जस्टिस कमीशन (एनएचआरजेसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आरके प्रसाद और राष्ट्रीय सचिव डॉ. अमरनाथ की अनुशंसा पर शहर के मोहम्मद इरशाद उर्फ गुड्डू राईन को संस्था का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शहर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाम मोहम्मद राईन भूरे पहलवान के पुत्र मोहम्मद इरशाद की इस नियुक्ति पर पार्षद अख्तर अंसारी, बहार अंसारी, सलीम खान, बंटी खान आदि अन्य मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है। देश के नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शैक्षिक, सामाजिक रूप से शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से संस्था पिछले कई वर्षों से कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार, आतंकवाद, महिला हिंसा, बल श्रम, शोषण, अव्यवस्था आदि वर्तमान ज्वलन्त समस्याओं के निवारण के लिए भी संस्था के पदाधिकारी प्रयासरत रहते हैं।



# श्री गोपाल लाल जी मंदिर हनुमान ताल में बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में आगामी 7 सितम्बर को निकाले जाने वाली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभा यात्रा की भव्य तैयारियों के संबंध में श्री गोपाल लाल जी मंदिर हनुमानताल में आयोजित होने वाली बैठक 04 सितम्बर सोमवार को अपरान्ह 3.00 बजे किया जाना सुनिश्चित हुआ है। कृपया 04 सितम्बर सोमवार को अपरान्ह 3.00 बजे श्री गोपाल लाल जी मंदिर पधारकर अपना* मार्गदर्शन एवं सुझाव देने की कृपा करें ।

# जिला स्तरीय क्रिकेट चयन ट्रायल आयोजित

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल के संयोजन में 4, 5 एवं 6 सितम्बर 2023 को जिला स्तरीय क्रिकेट चयन ट्राइल महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल (राईट टाउन) के सामने वाले मैदान में सुबह 7 बजे से रखी गई है जिन प्रतिभागियों को इस चयन ट्राइल में भाग लेना है वो अपनी-अपनी संस्था द्वारा भरे गये आनलाईन फार्म के प्रति के साथ उपस्थित होवें जिन संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने ऑनलाईन पंजीयन नहीं किया होगा उस संस्था के छात्र छात्रा चयन ट्राइल में भाग नहीं ले सकेंगे। दिनांक 4 सितम्बर को अंडर 14 बालक क्रिकेट चयन ट्राइल, 5 सितम्बर को अंडर 17 बालक क्रिकेट चयन ट्राइल 6 सितम्बर को अंडर 19 बालक क्रिकेट चयन ट्राइल होगी। क्रिकेट से सम्बंधित एवं चयन ट्राइल के संबंध में जानकारी के लिए खेल प्रभारी अतुल मिश्रा मो.नम्बर 9407022233, ब्रजेन्द्र तिवारी मो. नम्बर 7089140689 से संपर्क कर सकते हैं।

# दैनिक राशिफल

**सोमवार 04 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की पंचमी। नक्षत्र- अश्विनी।**

### मेष

आज का दिन आपके लिए बेहद अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे।

### वृषभ

आज आपको सावधान रहने की सलाह दी जाती हैं। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

### मिथुन

आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे।

### सिंह

आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

### कन्या

आज का दिन किसी भी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा है। हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है।

क.

### तुला

आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

### वृश्चिक

आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा।

### धनु

आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई के संबंध में चिंता रह सकती है। मेहनत करने पर भी आज काम में सफलता नहीं मिलेगी।

### मकर

आपको कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक समस्याओं का प्रभाव आपके मस्तिष्क पर पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता होगी।

### कुंभ

आज आपको मानसिक राहत मिलेगी। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के कारण आपका उत्साह बढ़ेगा। दोस्तों और पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे।

### मीन

नकारात्मक विचारों को अपने मन से हटाएं। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े को हर संभव टालने का प्रयास करें।

मा.

# प एनएसयूआई ने अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर,देशबन्धु।** एनएसयूआई छात्र नेता नीलेश माहर के नेतृत्व में शुक्रवार को अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपा गया वही छात्र नेता नीलेश माहर ने अवगत कराया कि गत दिवस 12वीं कक्षा का पूरक परीक्षाओं का परिणाम मध्यप्रदेश बोर्ड द्वारा घोषित किया गया साथ ही ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भी छठवें चरण की प्रवेश प्रकिया की शुरूआत की गई है जो सही तो है लेकिन प्रवेश प्रकिया में सीमित समय जो कि 1 सितम्बर तक रखा गया है। प्रवेश प्रकिया की तिथि को आगे नहीं बढ़ाया गया तो एनएसयूआई द्वारा हर स्तर पर आकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।आज के कार्यक्रम में उपस्थित नीलेश माहर, मोहम्मद अली, अपूर्व केसरवानी, सुमित खटीक, अनुज यादव, नाजिम शाह वाजिद कादरी, अभिषेक दाहिया, यश सोनी आदि छात्र नेता मौजूद रहे।

# बेवजह आपत्ति लगाकर कर्मचारियों को परेशान कर रहा कोषालय लिपिक

**जबलपुर,देशबन्धु।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक योगेन्द्र दुबे ने बताया कि जिला कोषालय अधिकारी जबलपुर एवं उनके अधीनस्थ लिपिक संजय शिवहरे को आहरण एवं संवितरण कार्य से पूर्णत: अलग रखा जाये। कर्मचारियों के हितार्थ संजय शिवहरे को किसी भी प्रकार के वित्तीय प्रभार न दिये जाये इन्हें वित्तीय कार्य के अतिरिक्त कोई कार्य दिया जाये, जिससे कर्मचारियों को परेशानी न हो जिला चिकित्सालय स्वास्थ्य विभाग का डीडीओ कार्य संजय शिवहरे के पास है, स्वास्थ्य विभाग से कोषालय में जो कर्मचारियों के देयक प्रस्तुत किये जाते हैं उनमें अनावश्यक आपत्तियों दर्ज की जाती है एक बार आपत्ति निराकरण करने पर तदोपरांत पुन: आपत्ति लगाई जाती है, जबकि नियमानुसार सभी आपत्तियां एक बार लगाई जानी चाहिए परंतु बार बार अलग अलग आपत्तियां लगाकर देयक को वापिस किया जाता है। और इन आपत्तियों का कारण एवं उन आपत्तियों का निराकरण किस प्रकार करना है यह कोषालय लिपिक द्वारा नहीं बताया जाता है, जिससे कर्मचारियों को बच्चों की पढ़ाई शादी, ब्याह, बड़ी बीमारी एवं भवन निर्माण संबंधी कार्यों के लिए धन की आवश्यकता के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। कोषालय अधिकारी को बार-बार ज्ञापन के माध्यम से संजय शिवहरे लिपिक को हटाने के लिए मांग की जा रही है परंतु इनके कान में जू भी नहीं रेंग रही है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, इंद्रजीत मिश्रा, आलोक अग्निहोत्री, सतीश देशमुख, अंकित चौरसिया, ब्रजेश मिश्रा, दुर्गेश पाण्डे, हेमंत गौतम, आदित्य जायसवाल, प्रीतोष तारे, हिमारत मार्को, वीरेन्द्र चंदेल, एसपी बाथरे, रामकृष्ण तिवारी, बलराम बाल्मीक, कमलेश कोरी, जीपी शुक्ला, सीएन शुक्ला, अमित गौतम, संदीप चौबे आदि ने श्री क्लेमेंट मार्टिन अधीक्षक आयुक्त राजस्व को कमिश्नर के नाम का शिकायत पत्र ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि इनको शीघ्र आहरण संवितरण जैसे जिम्मेदार पद के अलग किया जाये।

# आशुतोष सोधा बने बाल कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष

**जबलपुर,देशबन्धु।** कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री शासन कमलनाथ के निर्देशानुसार पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देशानुसार एवं बाल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्य गुप्ता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर की सहमति से आशुतोष सोधा को जबलपुर पूर्व विधानसभा अंतर्गत मोतीलाल नेहरू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का बाल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



इस अवसर पर मोतीलाल नेहरू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बाल कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है एवं सभी कांग्रेसजनों ने आशुतोष सोधा जी को बधाई प्रेषित की।

# सेन समाज का कजलिया मिलन समारोह आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** जान समाज द्वारा कजलिया मिलन का समारोह 4 सितम्बर दिन सोमवार को शाम 7 बजे स्थान पूर्वी बेलबाग त्रिमूर्ति मेडिकल स्टोर्स भानतलैया रोड, जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है।

समारोह में पधारने हेतु सर्वश्री नारायण प्रसाद श्रीवास हेमंत याशिक श्यामसुंदर श्रीवास, नागेन्द्र श्रीवास, जगदीश प्रसाद नागर, उदय सेन, बद्री प्रसाद सेन, जगदीश प्रसाद पलिया, कपूर श्रीवास, ग्यारसी प्रसाद उसरेटे, राकेश श्रीवास, संतोष कुमार सेन, संजय सराठे, कालका प्रसाद सेन, आशाराम उमरे, सुरेश भारद्वाज पियूष श्रीवास डॉ.राहुल श्रीवास, सौरभ श्रीवास, सुधीर श्रीवास, गोपाल कृष्ण श्रीवास, पुरुषोत्तम सराठे, रघुवीर प्रसाद श्रीवास, नरेन्द्र श्रीवास, एड बृजेश श्रीवास आदि ने अपील की है।

# साक्षरता सप्ताह पर अन्जुमन इस्लामिया शाला गोहलपुर ने निकाली रैली

**जबलपुर,देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अवसर पर 01 सितम्बर से 08 दिसम्बर तक साक्षरता सप्ताह शालाओं में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत अन्जुमन इस्लामिया उर्दु एवं अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला गोहलपुर में संयुक्त साक्षरता विशाल रैली निकाली।

यह रैली शाला क्षेत्र के मुख्य मार्गो से गुजरी, जहां बच्चे अपने हाथों में साक्षर बनने से संबंधित स्लोगनों की तख्तियां लिए समाज को साक्षर बनने का संदेश दे रहे थे। इसके पूर्व प्रधानाध्यापक कुतुबुद्दीन अंसारी के कुशल मार्गदर्शन में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । जोश से ओतप्रोत बच्चे समापन स्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर शकील अनवर संयोजक, नुसरत परवीन प्रभारी अंग्रेजी माध्यम, शिक्षिकागण मुजाहिदा बेगम, बेबी फरीदा रिजवाना बेगम, नसरीन बानो, शमा बाने गुले यास्मीन व सुमेरा बानो मौजूद रहीं।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री प्रेम अरोरा**- पत्रकार कॉलोनी रानीताल निवासी श्री प्रेम अरोरा (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक चौधरी**- छापर बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री मगनू चौधरी के पुत्र श्री अशोक चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीतू सेन**- चांदमारी ज्ञानार्जन स्कूल रोड लालमाटी निवासी श्री हरी प्रसाद सेन की धर्मपत्नी श्रीमती नीतू सेन (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती भगवती दुबे**- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री दुर्गा प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती भगवती दुबे (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दशरथ लाल रैकवार**- खेरमाई वार्ड दुर्गा चौक निवासी श्री दशरथ लाल रैकवार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिवधानी शर्मा**- नर्मदा नगर पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री शिवधानी शर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इन्द्र लाल नागपाल**- चांदमारी रोड लालमाटी निवासी श्री इन्द्र लाल नागापाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मंगल दास काछी**- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री मंगल दास काछी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नर्मदेश्वर प्रसाद पाठक**- शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री नर्मदेश्वर प्रसाद पाठक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार रघुवंशी**- सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री सुरेश कुमार रघुवंशी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री निखिल चौधरी**- सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री सूरज चौधरी के पुत्र श्री निखिल चौधरी (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री टीएस नागराज**- रतन नगर कॉलोनी शक्तिनगर निवासी डीएनजैन स्कूल से सेवानिवृत्त श्री टीएस नागराज (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक मुड़े**- शक्ति नगर साईं पैलेस के पीछे निवासी श्री दीपक मुड़े (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री लक्ष्मण प्रसाद पांडे**- न्यू कंचनपुर तिन पुलिया के पास अधारताल निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद पांडे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# दस कुख्यात रासुका में बंदी

## एसपी के प्रतिवेदन पर कलेक्टर ने जारी किया वारंट



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले को भय मुक्त रखने पुलिस प्रशासन सिलसिलेवार आदतन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई रहा है। पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी द्वारा लगातार कॉम्बिंग गस्त कराई जा रही है। जिसमें बड़ी सफलता भी पुलिस को हाथ लगी। सैकड़ों बदमाश पकड़े गये।

इसी कड़ी में जिले के कुख्यात बदमाशों को चिन्हित कर उन पर एनएसए की कार्रवाई की गई है। जिसमें कुख्यात बदमाश 1-रोहित उर्फ रोहित आत्मा पिता विजय आत्मा उम्र 21 वर्ष निवासी विजय महाराज का बाड़ा थाना बेलबाग, 2-राहुल झारिया पिता राजकुमार झारिया उम्र 32 वर्ष निवासी नेता कालोनी थाना अधारताल, 3- महेन्द्र उर्फ मुग्गी दाहिया पिता छोटेलाल दाहिया उम्र 32 वर्ष निवासी आनंद कुंज फूलबाड़ी थाना गढा, 4-राहुल कोरी पिता तुलसी राम कोरी उम्र 33 वर्ष दोनो निवासी थाना गढा, 5-सोफियान खान पिता एजाज अहमद खान उम्र 42 वर्ष निवासी जी.के. हुसैन कम्पाउंड थाना कैंट, 6-सनी कलसी उर्फ अंगद पिता मनमोहन सिंह कलसी उम्र 30 वर्ष निवासी साहनी टैंट हाउस के पीछे थाना गोरखपुर, 7-सुजीत राय पिता स्व. शिव राय उम्र 29 वर्ष निवासी ग्रीन सिटी समदडिया कॉलोनी माढ़ोताल, 8-जावेद अंसारी पिता खुर्शीद उम्र 30 वर्ष निवासी गोहलपुर थाना गोहलपुर, 9-ईनाम उर्फ इमामुलहक निवासी मौलाना साहब की गली कोतवाली, 10-नफीस उर्फ छुच्छी पिता रसीद उर्फ मुन्ना खान उम्र 32 वर्ष निवासी मोहरिया थाना हनुमानताल के कुख्यात शातिर अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। जिनके विरूद्ध पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) 1980 की धारा 3, सहपठित धारा 2 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के लिये आदेशित किया गया। आदेश के परिपालन में दिये गये निर्देशों के तहत उपरोक्त शातिर बदमाशों के विरूद्ध एन.एस.ए. का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने सभी आरोपियों की आपराधिक गतिविधियो को दृष्टिगत रखते हुये एन.एस.ए. के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुये केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध कराये जाने के लिये आदेशित किया गया।



# सरकारी कुआं क्षेत्र में पहाड़ पर जाकर युवक फांसी पर झूला

**जबलपुर, देशबन्धु।** हनुमानताल अंतर्गत सरकारी कुआं क्षेत्र स्थित पहाड़ी पर एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। जब काफी देर तक वह नहीं पहुंचा तो परिजनों ने तलाश की। लेकिन युवक नहीं मिला। इसी बीच क्षेत्र की एक महिला ने परिजनों को सूचना दी कि उनका बेटा पहाड़ पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया है।

जानकारी के अनुसार हनुमानताल थाना में सोमवार को सूरज चौधरी उम्र 55 वर्ष निवासी सरकारी कुआं, चौधरी मोहल्ला हनुमानताल ने सूचना दी कि उसका बेटा निखिल चौधरी उम्र 22 वर्ष रात में घर से लगभग 10 बजे गया था, रविवार सुबह लगभग 6 बजे बच्चो बाई चौधरी ने बतायी कि निखिल पहाड़ी में नीम के पेड़ से फांसी लगाकर लटका है। उसने जाकर देखा तो उसका बेटा निखिल नीम के पेड़ से रस्सी बांधकर फांसी पर मृत अवस्था में लटका था। मौके पर पहुंची ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षक किया व पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच मे लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये मृतक के परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

# बदमाशों ने तलवार मारकर पानी की टंकी फोड़ी

## दो आरोपी गिरफ्तार , तलवार जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** आचार्य विनोबा भावे वार्ड में रविवार की तड़के सुबह अज्ञात लोगों ने पानी की टंकी में तलवार मारकर उसे फोड़ दिया। इस वारदात से नाराज होकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय निवासियों ने हनुमानताल थाने का घेराव किया और नामजद लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। भाजपा नेताओं ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दिए हैं, जिसमें कि आरोपी तलवार से पानी की टंकी फोड़ते हुए दिख रहें है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि राजनीतिक द्वेष के कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया है। भाजपा नेताओं की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



वार्ड के भाजपा पार्षद अविनाश चमकेल ने बताया कि वार्ड में साल भर पानी की समस्या रहती है। जिसको देखते हुए जगह-जगह 5 हजार लीटर की पानी की टंकी स्थापित करवाई गई थी। पार्षद का कहना है कि जिस व्यक्ति ने पानी की टंकी तलवार से फोड़ी है, उसका नाम राहुल कोरी है, जिसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। आरोप यह भी है कि उसने यह किसी के कहने पर किया है।

प्रेमसागर पुलिस चौकी ने राहुल और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है। और वह तलवार भी जप्त कर ली है, जिससे टंकी फोड़ी गई थी। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि राहुल की पूरी एक गैंग है जो कि इस तरह की वारदात को अंजाम देती है। गैंग के कई सदस्य अभी फरार है। नाराज भाजपा नेताओं ने हनुमानताल थाना पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। आचार्य विनोबा भावे वार्ड में पानी की विकराल समस्या है। स्थानीय लोगों की मांग पर पार्षद ने अपनी निधि से पांच हजार लीटर की टंकी लगवाई। टंकी लगने से लोगों को राहत मिली और पानी भी पर्याप्त मिलने लगा। पर कुछ ही माह में बदमाशों में पानी की टंकी फोड़ दी जिसके कारण लोगों में खासा आक्रोश है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने राहुल और उसके एक साथी को पकड़ लिया है, जबकि अन्य फरार है। बदमाश ने बताया कि वह गुस्से में था, इसलिए टंकी फोड़ दी।

# वाहन चलाते समय कार्डियक अरेस्ट, पल्स नहीं फिर भी लौट आई जान

**जबलपुर, देशबन्धु।** उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा अंतर्गत शास्त्री नगर में एक वृद्ध को दो पहिया वाहन चलाते समय कार्डियक अरेस्ट हुआ। इस वजह से वे वाहन से गिर गए। उनके सिर मं चोट आई। रक्तस्राव शुरू हो गया। लिहाजा, मौके पर एकत्र लोगों ने सहायता की। इसी दौरान वहां से गुजर रहे डॉ.मयंक वैद्य ने स्थिति संभाल ली। उन्होंने फौरन जांच शुरू की। जिसमें पाया कि वृद्ध की पल्स नहीं है।



वे लगभग मरणासन्न हालत में पहुंच गए हैं। लिहाजा, आनन-फानन में सीपीआर देने का निर्णय लिया। हाथों से पूरी ताकर लगाकर चेस्ट पर कंप्रेशन दिया, एक अन्य सहयोगी को मुख के द्वारा सांस देने के लिए कहा। लगातार प्रयास से कुछ ही सेकेंड में बुजुर्ग की पल्स लौट आई। यदि कुछ मिनिट सीपीआर नहीं दिया जाता, तो बुजुर्ग की जान बच पाना मुश्किल थी। इसके बाद बुजुर्ग के परिवार से संपर्क किया गया। जब स्वजन आ गए तो उन्हें मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल के न्यूरो वार्ड में उपचार किया जा रहा है।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का मकड़ जाल दूर-दूर तक फैला हुआ है। पिछले दिनों पुलिस ने एक सटोरिये गुरूमुख को भी गिरफ्तार किया है। जिसके बाद छोटे-छोटे सटोरिये भी दबोचे जा रहे हैं। इसी कड़ी में गौरीघाट थाना अंतर्गत पुलिस ने जिलहरी घाट से ऑनलाइन आईडी प्रोवाइड कर सट्टा खिलाने वाले दो सगे भाई जतिन व शिवम प्रथ्यानी को पकड़ा है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 45 हजार रुपए नगद व दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस को अब दो युवकों की तलाश है, जिनके कहने पर जतिन व शिवम द्वारा क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा था।



जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। ग्वारीघाट थाना पुलिस के अनुसार जिलहरी घाट के पास सीढियों पर बैठकर जतिन प्रथ्यानी उम्र 23 वर्ष निवासी द्वारका नगर कांचघर मोबाइल के माध्यम से भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर सट्टा खिला रहा था, आसपास लोगों की भीड़ लगी थी। इस बात की खबर मिलते ही पुलिस की टीम पहुंच गई। जिसे देख भीड़ में खड़े युवक तो भाग निकले, वहीं जतिन पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में जतिन ने कहा कि वह अपने भाई शिवम के साथ मिलकर महादेव ऑनलाइन बुकी गोवा ब्रांच के मालिक नीतेश मंगतानी निवासी धनी की कुटिया अधारताल व दीनदयाल बस स्टेण्ड निवासी विमल कटियार के कहने पर उनकी ओर से क्रिकेट सट्टा खिलाता है। नीतेश व विमल द्वारा दोनों को पेमेंट दी जाती है। पुलिस ने जतिन की निशानदेही पर कांचघर स्थित घर दबिश देकर शिवम को भी गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से पुलिस ने 45 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं। पुलिस को पूछताछ में आरोपी जतिन ने बताया कि अपने भाई शिवम प्रथ्यानी के साथ मिलकर सट्टा खेलने वालों की ऑनलाइन आईडी बनाकर क्रिकेट सट्टा खिलवाते रहे। उक्त सारी जानकारी मोबाइल में व्हॉटसएप वेब में लॉग आउट होने के पहले थी अब स्क्रीन शॉट के रूप में मोबाइल में सेव है। दोनों भाईयों ने बताया कि महादेव ऑनलाईन गोवा का क्रिकेट सट्टा नितेश मंगतानी एवं विमल कटियार के कहने पर खिलाते है। पुलिस ने जतिन, उसके भाई शिवम प्रथ्यानी, नितेश मंगतानी एवं विमल कटियार के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्टए 109 भादवि का तहत प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस अब नितेश मंगतानी एवं विमल कटियार की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# सरपंच के बेटे पर जानलेवा हमला, मझगवां के गिदुरहा की घटना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मझगवां थाना अंतर्गत शानिवार कि दममियानी रात जमीनी विवाद को लेकर तीन बदमाशों ने सरपंच के बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों हमलावर जानसे मारने की धमकी देते हुए। मौके से फरार हो गए। जहां युवक को ग्रामीणों की सहायता से आनन फानन सिहोरा शासकीय हॉस्पिटल लेजाया गया। जहां सिर में गंभीर चोट आने के चलते डॉक्टरों ने प्राथमिल ईलाज के बाद मेडिकल रेफर कर दिया। जहां अभी युवक कि हालत गंभीर बताई जा रहीं है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मझगवां के पास गिदुरहा में एक शासकीय जमीन है जहां से ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। जिसपर पर ग्राम के ही शिवचरण काछी, रोहित काछी और केशव प्रसाद काछी अवैध कब्जा कर रहे थे। तभी ग्राम पंचायत सरपंच लक्ष्मी बाई का बेटा विकास पटेल तीनों को समझने के लिए गया, तो तीनों ने विकास पटेल के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब विकास ने गाली देने से मना किया, तो रोहित काछी जान से मारने की नीयत से फावड़ा से हमला कर दिया, जिस पर विकास को सिर पर गंभीर चोट आई है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने प्राथमिक इलाज के बाद मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



# बिलहरी में मेनरोड पर सेंध लगाकर दुकानों में चोरी, छह माह में दूसरी वारदात

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोराबाजार थाना अंतर्गत बिलहरी क्षेत्र में एक साथ तीन प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की वारदात से हड़कंप मच गया। छह माह में दूसरी बार चोरों ने उक्त मार्केट में सेंध लगाकर कर वारदात को अंजाम दिया है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह कि शनिवार की रात टीआई गश्त होने के बाद भी चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया और किसी को भी भनक नहीं लगी। जानकारी के मुताबिक बिलहरी में रोड स्थित पूजा ट्रेडर्स, एवन एकेडमी एवं एक अन्य दवा दुकान में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। मार्केट की छत पर दीवार में सेंध लगा घुसे चोरों ने बड़े ही इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया और चंपत हो गए।



पूजा ट्रेडर्स के संचालक शैलेश अग्रवाल ने बताया कि रविवार की सुबह जब उन्होंने ने दुकान खोली तो देखा कि पूरा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। वहीं कैश काउंटर भी खुला हुआ था।

पतासाजी करने पर पता चला कि चोर दीवार तोड़कर अंदर घुसे थे। उन्होंने हजारों रुपए नकदी पर अन्य सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। छह माह पूर्व भी इसी तरह से उनके यहां चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसकी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस को सौंपी गई थी। लेकिन अभी तक चोर पकड़े नहीं जा सके। इधर वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी। जांच के लिए फारेंसिक एक्सपर्ट को भी बुलाया गया।

# जबलपुर की सड़क पर बैठा था 10 फीट लंबा मगरमच्छ, देखकर ठिठके राहगीर

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट रोड से होकर गधेरी गांव की तरफ जाने वाली सड़क पर बैठा 10 फीट लंबा मगरमच्छ देखकर राह चलते लोग ठिठक कर रह गए। भारी भरकम मगरमच्छ को रहवासी क्षेत्र में देख ग्रामीण सहमे रहे। देखते ही देखते मगमच्छ को देखने ग्रामीणों का हूजुम लग गया। सड़क से गुजरने वाले वाहन चालक भी मगरमच्छ की एक झलक पाने बेताब दिखे। भीड़ बढ़ते ही मगरमच्छ सरक कर पास की झाड़ियों में छिप गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सुरक्षित तरीके से मगरमच्छ का रेस्क्यु किया और खंदारी जलाशय में छोड़ दिया। मगरमच्छ को पकड़ने में वन विभाग के अमले के पसीने छूट गए।

वनपाल गुलाब सिंह परिहार ने बताया कि डुमना गधेरी रोड पर सुबह नौ बजे मगरमच्छ होने की सूचना मिली थी। मगरमच्छ की लंबाई करीब 10 फीट और वजन करीब पौने दो क्विंटल संभावित है। संभवतः मगरमच्छ शिकार और पानी की तलाश में आबादी वाले क्षेत्र के करीब पहुंचा होगा। जिसे रेस्क्यु टीम के रत्नेश आठ्या, शनि अहिरवार, कुंअर लाल यादव,



शैली वर्षे के सहयोग से बड़ी मशक्कत के पकड़ा और पास के खंदारी जलाशय में छोड़ दिया। मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली।

वन विभाग के अनुसार बीते दिनों हुई अच्छी वर्षा के बाद खंदारी और परियट जलाश्य का जल स्तर बढ़ गया है। इसमें रहने वाले मगरमच्छ रास्ता भटक कर शिकार की तलाश में पास के रहवासी क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। हालांकि अभी तक किसी मगरमच्छ द्वारा किसी को नुकसान पहुंचाने की सूचना नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर के परियट और खंदारी जलाशय में बड़ी संख्या में मगरमच्छ पाए जाते हैं। जो धूप सेकने और शिकार की तलाश में कई बार बाहर आ जाते हैं।

# सचिन गुप्ता आम आदमी पार्टी के संभावित प्रत्याशी की भव्य रैली



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम विधानसभा में आम आदमी पार्टी के संभावित प्रत्याशी सचिन गुप्ता द्वारा निकाली गई प्रगति लक्ष्य पदयात्रा, जिसमें पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं प्रदेश पदाधिकरी ने हिस्सा लिया। पदयात्रा का उद्देश्य शीर्ष नेतृत्व कर रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री व पार्टी संयजोक अरविंद केजरीवाल की मध्य प्रदेश को दी गई गारंटी को जनता तक पहुंचाना रहा, संभावित प्रत्याशी के रूप में कार्य कर रहे सचिन गुप्ता द्वारा क्षेत्रीय लोगों से जनसंपर्क किया गया और समस्त गढ़ा क्षेत्र में यात्रा निकाली गई पदयात्रा में सचिन गुप्ता द्वारा बताया गया की मौजूदा प्रदेश सरकार लाखों करोड़ों के कर्ज तले जनता को दबा चुकी है और विपक्ष में बैठी कांग्रेस सरकार कभी भी किन्हीं भी मुद्दों पर विपक्ष की भूमिका निभाने में असमर्थ रही है यदि आम आदमी पार्टी सरकार बनती है तो क्षेत्र में ही नहीं जबकि पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य शिक्षा भ्रष्टाचार जैसी मुद्दों पर तेज गति से कम होगा हम जो कहते हैं वह करते हैं का नारा देते हुए बताया गया कि दिल्ली और पंजाब में मौजूदा सरकार देश की सबसे अच्छी शिक्षा नीति और स्वास्थ्य व्यवस्था का उदाहरण बन चुकी हैं रैली में सचिन कोष्टा ( छोटू), ओमप्रकाश होतवानी,अभिनेश अवस्थी, प्रदेश सह सचिव राम किशोर सवेरे, जिला अध्यक्ष ओम बाबू, दीपक,आदेश, मनीष शर्मा,डॉ. सुनील, डॉ. राजू मयंक, यश आदि लोग मौजूद रहे।

# श्वान को बचाना अधिवक्ता को पड़ा महंगा, बदमाशों ने कार में लगा दी आग

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट थाना क्षेत्र के बाजपेई कंपाउंड में श्वान को बचाना एक अधिवक्ता को महंगा साबित हो गया। शनिवार की सुबह अधिवक्ता के घर के सामने खड़ी कार में अज्ञात आरोपितों ने आग लगा दी। इस घटना से लोगों में नाराजगी बनी हुई है। इस मामले में अधिवक्ता ने कैंट थाने में शिकायत देते हुए संभावना जाहिर की है कि श्वान को बचाने से नाराज होकर ही कुछ लोगों उनकी कार को आग के हवाले किया है। इस घटना से श्वान प्रेमियों में भी नाराजगी देखी जा रही है।

शिकायतकर्ता अधिवक्ता नेत्रा नाथन ने आशंका जताई है कि जिन आरोपितों के खिलाफ उन्होंने कैंट थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी उन्हीं लोगों ने उनकी कार में आग लगाई है। बता दें कि करीब एक माह पहले अधिवक्ता नेत्रा नाथन ने वाजपेयी कंपाउंड के पास दो श्वान को को जहर देने का वीडियो कैंट थाना पुलिस को सौंपा था। उन्होंने इस संबंध में आरोपितों की नामजद शिकायत की थी। पुलिस ने अधिवक्ता नेत्रा नाथन की शिकायत तो दर्ज कर ली लेकिन आरोपितों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की। नेत्रा नाथन ने आशंका जताई है कि जिसके खिलाफ उन्होंने शिकायत दर्ज करवाई थी संभवत उन्हीं लोगों ने कार में आग लगाई है।



शिकायतकर्ता ने बताया कि नादा जोसेफ और कमलेश काशी के खिलाफ उन्होंने शिकायत दर्ज करवाई थी जिसके बाद उन्होंने कार का कांच तोड़ दिया था। शिकायतकर्ता नेत्रा नाथन का कहना है कि आरोपितों के द्वारा लगातार शिकायत को वापस लेने का दबाव भी बनाया जा रहा था लेकिन हम लोगों ने कोर्ट में केस को पंजीबद्ध करवा दिया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि बीती रात को संभवता उन्हीं लोगों ने कार में आग लगाई है, जिनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। फिलहाल कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 8 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 93 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 6 युवकों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 11 गैरम्यादी, 18 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है, तथा 21 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 59 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 102 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी, तथा 6 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 6 चाकू जप्त किये गये एवं 11 जुआरियों को जुआ खेलते हुये एवं 3 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया है।

# मिर्गी का दौरा पड़ने से गिरी महिला, मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना में अनिल डुमार उम्र 24 वर्ष निवासी बेलहाई पनागर ने सूचना दी कि 2-9-23 की शाम लगभग 7-30 बजे उसकी पत्नी रिया डुमार खाना बनाकर हम लोगों को खाना परोसकर घर के बाहर टहल रही थी जो मिर्गी आने के कारण सड़क किनारे बनी नाली में गिर गई, जब वह खाना खाकर बाहर आया तो देखा पत्नी को मिर्गी का दौरा पड़ा था पत्नी नाली में गिरी पड़ी थी वह पत्नी रिया डुमार उम्र 20 वर्ष को उपचार हेतु आटो से शासकीय अस्पताल पनागर लेकर आया जहां डाक्टर ने चैक कर पत्नि श्रीमति रिया डुमार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# 200 गांव से आए तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिला मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना का लाभ

## सराहनीय कार्य करने पर क्षेत्र की जनता ने मुख्यमंत्री को दिया आशीर्वाद

**कुंडम, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना से सिहोरा विधायक नंदनी मरावी ने लगभग 15000 के आसपास तेंदूपत्ता सग्राहकों को आज पैर के जूता चप्पल पहनने के लिए साड़ी और पीने के लिए पानी थरमस की एक बाटल बाटी और धूप से बचने के लिए छाता का पैसा जाएगा( 200 खाता पर नंदनी मरावी ने समस्त क्षेत्र वासियों को कहा कुंडम तहसील के 200 गांव से आए तेंदूपत्ता के संग्राहकों मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना का लाभ आपको दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ मिलते ही समझ क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री को सराहनीय कार्य करने पर धन्यवाद और आशीर्वाद क्षेत्र की जनता ने दिया। शिवराज मामा की लाडली बहनों को हर तरह से योजना का लाभ दिलाने के लिए संकल्प ले लिया है। आज कुंडम मंडी प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित रहा मध्य प्रदेश सरकार वन विभाग मंडल भोपाल से मध्य प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ने




चलाई गई मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना को लेकर आज सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी ने शिवराज सिंह चौहान की वर्ष 2022 के तेंदूपत्ता संग्राहकों को आज सामग्री वितरण किया गया नंदनी मरावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे मध्य प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने अनगिनत योजनाओं का लाभ दिला रहे हैं आप लोगों को मिल रहा है और लाभ मिलता रहेगा और मिल चुका है वहीं पर क्षेत्र की जनता तेंदूपत्ता संग्राहकों को साड़ी चप्पल जूता पीने के लिए बाटली शिवराज मामा ने आपको दिया है संग्रहको को सामग्री मिलते ही चेहरे पर मुस्कान आ गई हंसते हुए अपने घर को वापस हुए इसी अवसर पर सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी जिला से आए संतोष सिंह वरकड़े जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह धुर्वे विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी मंडल अध्यक्ष राजेश साहू डॉक्टर राजू साहू वन मंडल विभाग के डीएफओ बी सी मेश्राम कुंडम वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश चंद्र कुशवाहा रेंजर बृजेश पांडे देवेंद्र शुक्ला नायब तहसीलदार गोरेलाल मरावी राधेश्याम साहू अशोक जैन झुन्नी लाल झरिया रमेश साहू विजय बहादुर परस्ते पूर्व सरपंच इमलाई दमयंती ठाकुर जनपद सदस्य मुकेश झरिया इमलाई सरपंच हेमराज झरिया अमर सिंह सरपंच एवं वन विभाग क्षेत्र कुंडम के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी समस्त स्टाफ कुंडम के द्वारा बड़ा सराहिनी सहयोग रहा क्षेत्र से आए हजारों हजारों की संख्या पर लोग इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

# साप्ताहिक दिवस के दिन आयोजन से होती हैं दुर्घटनाएं

## पूर्व में हुए हादसों से सबक नहीं ले रहा शासन प्रशासन

**पनागर, देशबन्धु।** साप्ताहिक बाजार शनिवार के दिन नगर में यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमराई रहती है दिनभर यातायात बाधित रहता है वही बड़े छोटे वाहन बीच रोड में खड़े हो जाते हैं जिसके कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है बाजार के दिन होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र से जनता का आवागमन दिनभर होता रहता है और बाजार में सामान खरीदने के उद्देश्य से पनागर में पहुंचते हैं रोड पर लग रही दुकान के कारण लोग खरीदी करते हैं तो मुख्य रोड में दिनभर जाम की स्थिति बन जाती है ऑटो दो पहिया वाहन के साथबड़े वाहन छोटे वाहन रोड में पूरी तरह फस जाते हैं जिसके कारण आम जनता को घंटे परेशान होना पड़ता है वही नागरिकों को लचर यातायात



व्यवस्था का दुख भोगना पड़ता है समय की बर्बादी भी होती है

पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस और पर्याप्त ध्यान न दिए जाने के कारण यातायात की व्यवस्था में किसी तरह का सुधार नहीं आ रहा है पूर्व विगत वर्षों में बाजार के दिन दिन कमानिया के सामने दो बच्चियों भी दुर्घटनाओं का शिकार हो चुकी थी इसी तरह अनेक एक्सीडेंट पनागर में बाजार दिवस के दिन हो चुके हैं लेकिन शासन प्रशासन द्वारा इस और ध्यान न दिए जाने के कारण जनता को द दुर्घटना का शिकार और परेशान होना पड़ता है और कभी बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला कलेक्टर संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार किया जाए जिससे भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना पनागर में ना हो सके।

## सार-समाचार

# कुंडम के हर गांव में निकली साक्षरता रैली

**कुंडम, देशबन्धु।** विकास खण्ड कुंडम के हर गांव में निकाली गई साक्षरता रैली विकासखंड सह समन्वयक नेतराम झारिया द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार 01 सितंबर से 8 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज द्वितीय दिवस प्रत्येक ग्राम संकुल और विकास खण्ड स्तर पर विशाल रूप से साक्षरता रैली निकाली गई।




कुण्डम में विकास खण्ड स्तर पर आयोजित रैली में विधायक श्री मति नन्दनी मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष बरकड़े, जनपद अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सिंह धुर्वे, विधायक प्रतिनिधि श्री कमलेश साहू ,सांसद प्रतिनिधि श्री सतीश अवस्थी ,श्री झुन्नीलाल झारिया, श्रीराधेश्यम साहू,जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण सभी शालाओं के बच्चे, प्राचार्य और सभी शिक्षक गणों की उपस्थिति सराहनीय रही। 08सितंबर तक चलने वाले कार्यक्रमों में उल्लास नवभारत साक्षरता का महत्व, सभी असाक्षरों का पंजीयन , साक्षरता पंजी का अद्यतन करते हुए जन जन तक भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया जावेगा।उपरोक्त सभी कार्यक्रमों बी. आर. सी. श्री सुरेन्द्र जैन समस्त जनशिक्षक, बी. ए.सी., संकुल सह समन्वयको की सराहनीय भूमिका है।

# एक कदम साक्षरता की ओर कार्यक्रम आयोजित



**बरेला, देशबन्धु।** नि:शुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लास बरेला में आयोजित किया गया एक कदम साक्षरता की ओर कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मां मान कुवारी हंसा हाई स्कूल की प्राचार्या महोदया एलन जोशुआ, इंदिरा तिवारी, राजकुमार साहू, अजय श्रीपाल, उमेश साहू, डॉ संदीप जैन, संघर्ष जैन सभी सम्माननीय शिक्षक उपस्थित रहे। सभी छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में समाज के हर छात्र-छात्राओं को साक्षर करने का प्रण और शपथ सभी बच्चों के द्वारा ली गई और देशहित और समाजहित में कार्य करने का प्राण भी बच्चों ने लिया।

# पुरानी पेंशन बहाली ओपीएस के लिए कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जबलपुर के वरिष्ठ नेता पंडित योगेन्द्र दुबे ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली ओ पी एस के लिए शुक्रवार दिनांक 8 सितम्बर को सायं 6 बजे पुलिस कंट्रोल रूम, के सामने ओमती ( घंटाघर) जबलपुर में माननीय मुख्यमंत्री जी म. प्र. शासन के नाम से माननीय कलेक्टर महोदय जबलपुर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। सभी की साथियों सहित ज्ञापन कार्यक्रम में समय पूर्व उपस्थित की अपील पं. योगेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, के जी पाठक, अनिल दाहिया,अजय सिंह, गगन चौबे, उमाकांत पटेल,संध्या अवस्थी, अमिता कौर, विनीता सिंह प्रतीक्षा सिंह श्रुति जैन चंद्रकांता सेंगर बबीता कनौजिया अपर्णा शुक्ला रतना बर्मन मोनिका भारद्वाज सरस्वती मंडली कर ज्योति ठाकरे ज्योत्सना उपाध्याय सुधि श्रीवास्तव मीना अहिरवार ममता धनोरिया शालिनी नायक सविता तिवारी किरण वर्मा ज्योति गठरे निशा उपाध्याय ने की है।



# नगर की बेटी अनुष्का साहू ने बढ़ाया मान

### 67वीं राज्य स्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता में जीता कांस्य

**बरेला, देशबन्धु।** 67 राज्य स्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता 2023 में मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला कक्षा नवमी की कुराश खिलाड़ी अनुष्का साहू ने जबलपुर सम्भाग टीम दल के प्रतिनिधित्व को हराकर कांस्य पदक अर्जित करने में सफल रही । अनुष्का साहू वर्तमान में मार्शल आर्ट प्रशिक्षक जयराज चौधरी के मार्गदर्शन में मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला जबलपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है ।

# जन्माष्टमी पर यादव समाज का दो दिवसीय आयोजन, 6 को आर्केस्ट्र

**पनागर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा पनागर जबलपुर के तत्वाधान में नगर में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर नगर में विविध आयोजन किया जा रहे हैं। विशाल आर्केस्ट्रा कार्यक्रम एवंश्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व पर विशाल चल समारोह आयोजन आयोजित किया गया है

जिसमें आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव इस वर्ष भी यादव समाज पनागर द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा का आयोजन दिनांक 7 सितम्बर दिन गुरूवार को सायंकाल 3.30 बजे से किया जा रहा है। जिसमें शोभायात्रा में बालिकायें, शैला पार्टी, अखाड़ा पार्टी, घुड़सवारी, अहीर नृत्य, बैंड पार्टी एवं विभिन्न 7 झांकियों का प्रदर्शन किया जावेगा। उक्त शोभायात्रा अभिमन्यु



### 7 को विशाल चल समारोह

चौक से प्रारंभ होकर पथरहाई रोड थाने के पास से कमानिया गेट, बस 7 स्टेण्ड पनागर होते हुये यथा स्थान अभिमन्यू चौक में समापन किया जावेगा। इस पावन पुनीत अवसर पर आयोजन समिति के विजय यादव सतीश यादव ने बताया भव्य प्रतिमा की स्थापना की जा चुकी की जा चुकी है की जा चुकी है एवं 6 सितंबर को रात्रि में अभिमन्यु चौक में विशाल आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया है जिसमें प्रसिद्ध गायक मनीष अग्रवाल एंड पार्टी अपनी मनमोहन प्रस्तुति देंगे एवं चल समारोह में हमारे समाज के वरिष्ठ जन भी उपस्थित होंगे विजय यादव रणजीत सिंह यादव सतीश यादव गोरेलाल यादव झम्मूलाल यादव राजेश यादव (ठेकेदार) ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की

# नौनिहालों की जान खतरे में, स्कूल बसों में ठूंस-ठूंसकर भरे जा रहे बच्चे

### जिम्मेदार कर रहे अनदेखी, अभिभावकों में आक्रोश

**अनूपपुर, देशबन्धु।** माँ-बाप अपने बच्चे को स्कूल बसों में बिठाकर निश्चिंत हो जाते है कि उनका लाडला सही सलामत स्कूल पहुंच जायेगा और सही सलामत घर लौट के आ जायेगा, लेकिन ज्यादा कमाई के चक्कर में स्कूल बसों के संचालक नौनिहालों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है और क्षमता से ज्यादा बच्चों को स्कूल बसों में ठूंस-ठूंस कर भर रहे है।

बच्चों को स्कूल लाने ले जाने का कार्य कर रहे स्कूल बस बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं वहीं इसमें काफी हद तक अभिभावकों की लापरवाही साफ नजर आ रही है। अभिभावक बच्चों को स्कूल पहुंचाने के लिए स्कूल बसों का अनुबंध तो कर लेते हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं देते कि उनके बच्चे सकुशल और आराम से स्कूल पहुंच तो रहे है। एक बार स्कूल तय कर लेने के बाद इस ओर से लापरवाह हो जाते हैं।

**स्कूल प्रबंधक भी नही देते ध्यान** - ज्यादा से ज्यादा बच्चों का दाखिला करने की होड़ में स्कूल प्रबंधक सारी सुविधाएं देने का दावा करते हैं, लेकिन नगर की अधिकांश स्कूलों में स्कूल बस तो है मगर बच्चे ज्यादा और स्कूल बस एक जिसमें जल्द से जल्द स्कूल से घर और घर से स्कूल पहुंचाने के चक्कर में ज्यादा बच्चों को बसों मे भर लिया जाता है। वहीं स्कूल आने जाने वाले स्कूली बच्चों पर स्कूल प्रबंधन का भी ध्यान नही जाता।




जिन्हे स्कूल बसों के चालक बच्चों को ठूंस-ठूंस कर बसों में भूसे की तरह भर कर लाते ले जाते है। नगर के ज्यादातर प्राईवेट स्कूल के संचालकों द्वारा ज्यादा कमाई के चक्कर में क्षमता से अधिक बच्चों को भूसे की तरह ठूंस-ठूंस कर स्कूली वाहनों मे बैठाते है। ऐसे में जहां उनके जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं इन बच्चों के अभिभावक भी स्कूल प्रबंधन के प्रति नाराज है।

# नर्मदा में युवक ने लगाई छलांग, डूबने से मौत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रविवार को एक व्यक्ति ने नर्मदा के घूरपुर घाट में नाव से छलांग लगा दी। नदी में नाव चालक ने डूबते व्यक्ति को बचाने के बहुत प्रयास किए, लेकिन व्यक्ति ने हाथ छुड़ा कर नदी में डुबकी लगा दी। जिससे युवक की मौत हो गई,घटना के बाद पुलिस का रेस्क्यू जारी है। कोतवाली थाना प्रभारी गौरव चाटे ने बताया कि व्यक्ति की पहचान नरसिंहपुर निवासी जयप्रकाश सोनी से हुई है, जोकि शनिवार को घर से निकले हैं। परिजनों ने कल ही गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई थी। जयप्रकाश ने रविवार सुबह नर्मदा नदी के गुरसी घाट में कूद गए। फिलहाल घर या बाहर किसी प्रकार के विवाद की कोई जानकारी नहीं है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जयप्रकाश को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

**पेशे से डॉक्टर है जयप्रकाश**-जयप्रकाश सोनी के दोस्त किशोर राय ने बताया कि जयप्रकाश मूलत: तेंदूखेड़ा के हैं। पहले किसी डॉक्टर के यहां कंपाउंडर रहे। बाद में निवारी (पान) में जाकर डॉक्टरी कर रहे थे। फिर नरसिंहपुर में निवास करने लगे। कुछ वर्षों पहले इनकी पत्नी का देहांत हो गया था। रविवार को जयप्रकाश ने ये कदम उठा लिया।

# समाजसेवी रमेश असाटी का निधन

**गोसलपुर, देशबन्धु।** असाटी समाज के पूर्व अध्यक्ष हृदयनगर गोसलपुर निवासी रमेश असाटी उम्र 56 वर्ष का निधन हो गया। आपके द्वारा असाटी समाज को एकत्रित एवं संगठित कर सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग करने के साथ-साथ समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा। आपके द्वारा नशा मुक्ति, सामाजिक विवाह सम्मेलन एवं दहेज रहित विवाह करने के लिए सतत प्रयास किए जाते रहे। उनका अंतिम संस्कार हृदयनगर के मुक्ति धाम में संपन्न हुआ। शव यात्रा में समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल थे आप राजुल असाटी के पिता महेश असाटी के छोटे भाई एवं डॉ. सुनील असाटी, हेमचन्द असाटी के चाचा थे।



# त्यौहार पर भी सुस्त पड़ा खाद्य एवं औषधि और नापतौल विभाग

## जिले भर में खुलेआम बिक रही मिलावटी खाद्य सामग्रियों पर विभाग मौन





हमेशा सुर्खियां बटोरने वाले जिले का खाद्य एवं औषधि विभाग सहित नापतौल विभाग जिले में बिक रही मिलावटी खाद्य सामग्रियों को रोकने व कम तौल से संबंधित मामलों में हस्तक्षेप व उन्हे खत्म करने की बजाय अपने अपने कार्यालयों में आराम फरमाते हुये अपनी मनमर्जी करते नजर आते है। जिसके कारण जिले के आम उपभोक्ता पूरी तरह से परेशान है, लेकिन खाद्य एवं औषधि विभाग व नापतौल विभाग के अधिकारियों को इन बातो से कोई लेना देना नही है। महत्वपूर्ण त्यौहार रक्षाबंधन मे बाजारों में मिलावटी मिठाईयां धड़ल्ले से बिकी, जिन्हे जांच करने व कार्यवाही के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग आगे नही आया वहीं आगामी दिनों मे हिन्दू त्यौहार लगातार हैं। ऐसे समय में नापतौल विभाग की भी भूमिका उदासीन देखी जा रही है।

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जहां रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर जिले भर के बाजारों में मिलावटी खाद्य सामग्रियां बेखौफ बिकी जिसे रोकने व सैम्पलिंग से लेकर कार्यवाही करने से गुरेज करने पर खाद्य एवं औषधि विभाग पर शंका की सुई घूम रही है वहीं जिले के नाप तौल विभाग की उपेक्षा के कारण जिले का आम उपभोक्ता शोषण का शिकार हो रहा है। ज्यादा कीमत के बीच कम तौल के कई मामले दैनिक उपयोग की वस्तुओं में देखे सुने जा रहे है। बाजार में तौल कांटो की गड़बड़ी को मिटाने कोई भी संस्था व शासकीय विभाग आगे नहीं आ रही है। जिसके कारण आमजनों का यह शोषण बढ़ते ही जा रहा है। इस उदासी के कारण नापतौल विभाग का अमला भी अपनी मनमर्जी का शिकार हो गया है।

**इलेक्ट्रॉनिक कांटो की सेंटिंग** - बढ़ती आधुनिकता के चलते इन दिनों दिन प्रतिदिन इलेक्ट्रानिक कांटों का प्रचलन बढ़ती ही जा रही है। इसकी सेंटिग भी बड़ी सरल है इसके बावजूद कई व्यापारी खरीदने और बेचने के लिये अलग-अलग कांटे बना रखे है। जनता ने कभी भी खुलकर दुकानदारों द्वारा की जाने वाली मनमानी का विरोध नही किया। उनका विरोध केवल दुकानदारों से हल्की नोकझोंक तक ही सीमित है यदि उपभोक्ताओं द्वारा प्रशासनिक स्तर पर तथ्यपूर्ण शिकायतें की जाये तो इन दोनों विभाग को गहरी निद्रा से जगाया जा सकता है।

**कार्यालय में सन्नाटे की स्थिति** - खाद्य एवं औषधि विभाग व नापतौल कार्यालय में अक्सर सन्नाटे की स्थिति इनकी निष्क्रियता का सबसे बड़ा प्रमाण है। यहां दिखावे व केवल खानापूर्ति के लिये ही पूर्व नियोजित कार्यवाहियां की जाती है, जबकि विभाग को बाजारों में सक्रिय रहकर लुटेरे दुकानदारों को पकड़ना चाहिये। प्रशासनिक अधिकारी भी आये दिन आदेश जारी कर किसी न किसी विभाग को नसीहत देते है पर होता कुछ भी नही है।

## मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा जल सत्याग्रह : ऋषिकेश

**पटना।** इंद्रपुरी जलाशय पर कॉफ्फेड ने अपने मछुआरा समिति के सैकड़ों सदस्यों के साथ जल सत्याग्रह किया। इस सत्याग्रह में सैकड़ों महिलाओं ने भी भाग लिया। कॉफ्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कहा कि मछुआरा किसी का वोट बैंक नहीं है जो पार्टी मछुआरों के लिए काम करेगी मछुआरे उनके लिए काम करने को तैयार है। नीतीश सरकार को इंद्रपुरी जलाशय के साथ अन्य जगहों की खुली डाक बंद करनी चाहिए नहीं तो कॉफ्फेड मछुआरों के मौलिक अधिकारों के लिए गंभीर जल सत्याग्रह जारी रखेगा। कॉफ्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कहा कि वर्ष 2022-23 में बिहार ने पूरे भारत में सकल घरेलू उत्पाद के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10.64 फीसदी की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की। इस वृद्धि में मत्स्य क्षेत्र का बहुत बड़ा हाथ है जिसके कारण भारत सरकार ने मत्स्य क्षेत्र को विकास में रीढ़ के रूप में स्वीकार भी किया है, पर नीतीश सरकार मछुआरा समाज को रीढ़ विहीन करने पर तुली हुई है वह जल माफियाओं को संरक्षण देते हुए मछुआरा समितियों को दरकिनार कर जलाशयों को खुली डाक के माध्यम से माफियाओं को देने की चाल चल रही है।

# अफगानिस्तान आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने एक बार फिर अंतरिम अफगान सरकार से इस्लामाबाद को धमकी देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करने तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए कहा है।

बीबीसी ने शनिवार को बताया कि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, यह उनकी जिम्मेदारी है, उनकी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी है, उनकी द्विपक्षीय जिम्मेदारी है और उनकी त्रिपक्षीय जिम्मेदारी है जैसा कि उन्होंने पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा चीन के बीच त्रिपक्षीय प्रतिबद्धता में जताई है। सुश्री बलोच कार्यवाहक विदेश मंत्री के उस बयान के बारे में एक सवाल का जवाब दे रही थीं कि अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान में हमलों में शामिल कुछ आतंकवादियों को 'हिरासत में' लिया है। अफगान तालिबान ने दावों का खंडन किया है।



अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करे

### पाकिस्तान में अगस्त में तेजी से बढ़े आतंकवादी हमले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) ने कहा है कि अगस्त में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में तेजी से वृद्धि देखी गई, देश भर में 99 घटनाएं दर्ज की गईं, जो नवंबर 2014 के बाद से सबसे अधिक मासिक संख्या है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पीआईसीएसएस ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा कि हमलों में 112 मौतें हुईं और 87 घायल हुए, जिनमें से ज्यादातर सुरक्षा बल के जवान और नागरिक थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई की तुलना में आतंकवादी हमलों में 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, क्योंकि जुलाई में 54 हमले हुए थे। इसके अलावा, दक्षिण एशियाई देश में 2023 के पहले आठ महीनों में 22 आत्मघाती हमले हुए हैं, जिसमें 227 लोग मारे गए हैं और 497 घायल हुए हैं।

## अफगानिस्तान में पुलिस ने ड्रग प्रयोगशालाओं को किया नष्ट

**तिरिन कोट।** अफगानिस्तान के उरुजगन प्रांत में पुलिस ने दो नशीले पदार्थों प्रसंस्करण प्रयोगशालाओं का पर्दाफाश कर उसे नष्ट कर दिया। प्रांत पुलिस मुख्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस की ओर से बताया गया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को उरुजगन प्रांत के छहर चिनो जिले में अभियान चलाया। पुलिस ने बयान में कहा गया है कि उन्होंने हेरोइन के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली भारी मात्रा में सामग्रियों और वस्तुओं के साथ एक दवा प्रसंस्करण प्रयोगशाला का पता लगाया और उन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया।। बयान में हालांकि किसी की गिरफ्तार के बारे में नहीं बताया गया है। इसी तरह से जिले में गुरुवार को एक ड्रग लैब का पर्दाफाश और उसे नष्ट किया था।



## 'जनवरी में होंगे बांग्लादेश में आम चुनाव'

**ढाका।** बंगलादेश के चुनाव आयुक्त मोहम्मद अनीसुर रहमान ने शनिवार को कहा कि देश में अगला आम चुनाव जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में होंगे। चुनाव आयुक्त रहमान ने कहा, हमने अभी तक मतदान की तारीख तय नहीं की है। श्री रहमान ने राजधानी ढाका के अगरगांव में चुनावी प्रशिक्षण संस्थान (ईटीआई) में 12वें संसदीय चुनाव के प्रशिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह बात कही। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) काजी हबीबुल अव्वल ने 30 नवंबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान अन्य लोगों के अलावा चार चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग सचिव भी मौजूद थे। सीईसी ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष बनाने के लिए कानून में पीठासीन अधिकारियों की शक्तियों में वृद्धि की गई हैं उन्होंने कहा कि मतदान को विश्वसनीय बनाने के लिए यह न केवल निष्पक्ष होना चाहिए, बल्कि भागीदारीपूर्ण भी होना चाहिए।

### आज का इतिहास

1665 – मुग़लों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच पुरंधर की संधि पर हस्ताक्षर।
1781 – स्पेन के निवासियों ने लॉस एंजिल्स की स्थापना की।
1825 – प्रमुख राजनीतिज्ञ दादा भाई नौरोजी का जन्म।
1888 – महात्मा गांधी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरु की।
1944 – द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने बेल्जियम के एंटवर्प शहर में प्रवेश किया।
1946 – भारत में अंतरिम सरकार का गठन।1967 – महाराष्ट्र का कोयना बांध भूकंप की चपेट में आकर ध्वस्त, 200 से ज्यादा लोगों की मौत।
1985 – 73 बरस पहले समुद्र में डूबे जहाज टाइटेनिक की तस्वीरें सामने आईं।
1999 – ईस्ट तिमोर में सम्पन्न जनमत संग्रह में 78.5 प्रतिशत जनता ने इंडोनेशिया से स्वतंत्रता के पक्ष में अपना मत प्रकट किया।
2000 – श्रीलंका के जाफना की बाहरी सीमाओं पर श्रीलंका सेना तथा मुक्ति चीतों के बीच संघर्ष में 316 लोग मारे गये।

### सुडोकू 6306

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### सार संक्षेप

#### कश्मीर में ठगी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को कथित तौर पर पुलिस अधिकारी के रूप में ठगी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया। कुंजेर थाने में एक स्थानीय व्यक्ति वासिफ हसन ने शुक्रवार को शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि बस यात्रा के दौरान एक महिला ने उससे संपर्क किया, जिसने खुद को आशिया बताया और खुद को वर्तमान में कुंजर थाने में तैनात एक उप-निरीक्षक के रूप में पेश किया।

#### हैदराबाद में पचास करोड़ की कोकीन जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने शमशाबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से पांच किलोग्राम कोकीन जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने एक यात्री को पांच किलो मादक पदार्थ कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। कोकीन को भूरे रंग के टेप में सावधानी से लपेट कर सूटकेस में छुपाया गया था। जिसकी अनुमानित कीमत 50 करोड़ रुपए आंकी गई है।

#### बांग्लादेशी नागरिक को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक दशक से अधिक समय से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति शुरू में एक बौद्ध भिक्षु था और फिर एक जिम ट्रेनर बना और वह अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को धोखाधड़ी से भारतीय पासपोर्ट प्राप्त करने में मदद करने वाला रैकेट भी चला रहा था। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान पलाश बिपन बरुवा के रूप में हुई।

## सूडान स्थित हैकर्स ने एक्स को घंटों बंद रखा

**लंदन।** एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स (पूर्व में ट्विटर) हजारों यूजरों के लिए घंटों तक बंद रहा, जब सूडान स्थित हैकर्स ने मस्क पर उनके देश में सस्ती इंटरनेट सेवा स्टारलिंक शुरू करने का दबाव बनाने के लिए प्लेटफॉर्म पर हमला कर दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एनोनिमस सूडान नामक हैकिंग समूह ने एक्स पर हमला किया और इसे एक दर्जन से अधिक देशों में ऑफ़लाइन कर दिया। एक्स दो घंटे से अधिक समय तक बंद रहा, जिससे हजारों यूजर प्रभावित हुए। हैकर्स ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया, हमारा संदेश एलन मस्क तक पहुंचाएं सूडान में स्टारलिंक खोलें। वेबसाइट आउटेज-ट्रैकिंग साइट डाउन डिटेक्टर ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन में यूजर्स द्वारा लगभग 20,000 आउटेज रिपोर्ट दर्ज की गईं। एक्स ने सार्वजनिक रूप से उत्पन्न व्यवधान को स्वीकार नहीं किया और मस्क ने भी कोई टिप्पणी नहीं की। साइबर हमले ने एक्स के सर्वर को ऑफ़लाइन करने के लिए भारी मात्रा में ट्रैफ़िक भर दिया। हैकिंग समूह के एक सदस्य होफा को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि डिस्ट्रिब्यूटेड डेनियल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमले का लक्ष्य सूडान में युद्ध के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जो इंटरनेट को बहुत खराब बना रहा है और यह हमारे लिए अक्सर बंद हो जाता है। एनोनिमस सूडान एक रूसी साइबर-सैन्य इकाई से जुड़ा हुआ है।

# पूर्वी सीरिया में जानलेवा झड़पें खत्म हों : अमेरिका


**बेरुत।** अमेरिका ने पूर्वी सीरिया के एक क्षेत्र में कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज और अरब सशस्त्र समूहों के बीच जानलेवा झड़पों को खत्म करने का आह्वान किया है। बीबीसी ने शनिवार को बताया कि अमेरिका समर्थित एसडीएफ से संबद्ध एक स्थानीय अरब सशस्त्र समूह डेर एजोर सैन्य परिषद के प्रमुख की रविवार को गिरफ्तारी के बाद झड़पें शुरू हो गईं थी, जिसमें कई लोग मारे गए। सीरिया में स्थित अमेरिकी दूतावास ने सभी पक्षों से तनाव कम करने और शांतिपूर्वक स्थिति बहाल करने का आह्वान किया। अमेरिकी सेना के ऑपरेशन इनहेरेंट रिजोल्यूशन ने कहा, उत्तरपूर्वी सीरिया में हिंसा बंद होनी चाहिए। एक बयान में इसने दाएश के खतरे से मुक्त, पूर्वोत्तर सीरिया में शांति और स्थिरता लाने के प्रयासों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। बयान में कहा गया, हम क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के समर्थन में दाएश की स्थायी हार सुनिश्चित करने के लिए सीरियाई डेमोक्रेटिक बलों के साथ काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



### आतंकवादी समूहों के साथ संघर्ष में 16 सैनिक मारे गए

**दमिश्क।** सीरिया में लताकिया के उत्तर में सशस्त्र आतंकवादी समूहों के सदस्यों के साथ संघर्ष में 16 सीरियाई सैनिक मारे गए हैं जबकि पांच अन्य घायल हैं। सीरियाई अखबार 'अल-वतन' ने शनिवार को यह जानकारी दी। अखबार ने कहा कि अन्य पांच सैनिकों को चोटें आईं और उन्हें आवश्यक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीरिया में सशस्त्र संघर्ष 2011 से जारी है जिसमें आतंकवादी संगठनों सहित विभिन्न विद्रोही समूह राष्ट्रपति बशर असद की सरकार को हटाने के लिए सीरियाई सशस्त्र बलों से लड़ रहे हैं।

### वर्ग पहेली 6306




**बायें से दायें:-**
१. जिस पर विजय पाना कठिन हो, परमेश्वर
४. बंटवारा
६. माथा, ललाट
७. अनार
८. कोई चीज पाने के लिए हाथ बढ़ाना, झटपट चल पड़ना, किसी पर झपटना
१०. धमकाना, डराना, डांटना, क्रोध
११. शिकन आना, फर्क पड़ना (मुहावरा)
१३. गोलमाल, गड़बड़
१४. लोहे-बांस आदि की तीलियों आदि का बना एक तरह का टोकरा जैसी आकृति जिसमें पालतु पशु-पक्षी रखे जाते हैं
१५. कानूनी
१७. विफल (उर्दू)
१९. दूर में स्थित
२१. पाप रहित
२२. हवा में इधर-उधर होना
२४. कामना, अभिलाषा

**ऊपर से नीचे:-**
१. पीड़ादायक
२. राजप्रासाद
३. यमलोक की पीड़ा
४. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
५. जन्म देने वाला
९. कठोर, जो कोमल न हो (उर्दू)
११. अधिकतर
१२. डर, खौफ़, दहशत
१३. कुल, वंश
१४. ललाई लिए हुए पीले रंग का, पीला
१५. पारिश्रमिक लेकर कार्य करने वाला
१६. बेजोड़, बेमिसाल
१८. मिस्र की राजधानी
१९. कठिन मुश्किल२०. दृढ़ और सूखी जमीन, स्थान
२३. अनेक, कई

## चीन वैश्विक अर्थव्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए अन्य देशों के साथ काम करने को तैयार : शी जिनपिंग

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शनिवार को कहा कि उनका देश वैश्विक अर्थव्यवस्था को निरंतर सुधार के रास्ते पर लाने के लिए सेवा क्षेत्र में खुलेपन, सहयोग, नवाचार और साझाकरण को बढ़ावा देने के लिए अन्य सभी देशों और पार्टियों के साथ काम करने के लिए तैयार है।श्री जिनपिंग ने आज यहां वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से 'ग्लोबल ट्रेड इन सर्विसेज समिट ऑफ दि 2023 चाइना इंटरनेशनल फेयर फॉर ट्रेड इन सर्विसेज' शिखर सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में यह बात कही। सम्मेलन का विषय खुलेपन से विकास का नेतृत्व, सहयोग से भविष्य में उभय जीत है। बीजिंग में आयोजित यह व्यापार मेला दो से छह सितंबर तक चलेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि सेवा व्यापार अंतरराष्ट्रीय व्यापार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और सेवा उद्योग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक और व्यापारिक सहयोग का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। सेवाओं में वैश्विक व्यापार तथा सेवा उद्योग में सहयोग गहराई से विकसित हो रहा है, डिजिटलीकरण, बुद्धिमत्ता और हरित प्रक्रिया में तेजी आ रही है। नई प्रौद्योगिकियाँ, नए प्रारूप, नए मॉडल एक के बाद एक उभर रहे हैं, जो कि आर्थिक वैश्वीकरण को बढ़ावा देने, वैश्विक अर्थव्यवस्था को बहाल करने, और विश्व अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को बढ़ाने में मजबूत शक्ति का संचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चीन के सुधार और खुलेपन की 45वीं वर्षगांठ है। चीन उच्च स्तरीय खुलेपन को बढ़ावा देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले विकास के साथ चीनी शैली के आधुनिकीकरण को व्यापक रूप से बढ़ावा और विभिन्न देशों को खुलने और सहयोग करने के नए अवसर प्रदान करेगा।



## ब्रिटेन के अरबपति मोहम्मद अल फायद का निधन

लंदन। ब्रिटेन के प्रसिद्ध उद्योगपति मोहम्मद अल फ़ायद को निधन हो गया है। वह 94 वर्ष के थे। फ़ायद का जन्म मिस्र में हुआ था बाद में वह 1970 में ब्रिटेन में आकर बस गये और यहां अपना साम्राज्य खड़ा किया। ब्रिटिश शाही परिवार की बहू लेडी डायना के साथ उनके बेटे डोडी के एक कार दुर्घटना में मौत के बाद वह काफी सुर्खियों में रहे थे। इन्होंने ब्रिटिश शाही परिवार पर साजिश के तहत डायना और डोडी की हत्या कराये जाने का आरोप लगाया।

इतना ही नहीं इस दुर्घटना के बाद वह लगातार इस मामले में सवाल उठाते रहे । इस दौरान उद्योगपति फयाद दुनिया की चकाचौंध से काफी दूर रहे। फयाद के निधन की सूचना उनके परिजनों द्वारा शुक्रवार को एक बयान जारी देकर दी गयी। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद फायद का 30 अगस्त 2023 में निधन हो गया। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने एक लंबा संतोषप्रद जीवन अपने संबंधियों के बीच बिताया। उनके परिवार में उनकी पत्नी, बच्चे और नाती पोते हैं। बीबीसी रॉयल के पूर्व संवाददाता माइकल कोल, जिन्होंने बाद में हैरोड्स में सार्वजनिक मामलों के निदेशक के रूप में फ़ायद के लिए काम किया, ने उन्हें 'एक असाधारण चरित्र' के रूप में वर्णित किया।

### दुनिया को जानें

## भारतीय मूल के थर्मन ने जीता सिंगापुर के राष्ट्रपति पद का चुनाव

**सिंगापुर (एजेंसियां)।** भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम ने सिंगापुर के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया है। शनमुगरत्नम ने 70.4 प्रतिशत वोट के साथ देश के राष्ट्रपति पद की दौड़ में जीत हासिल की है। नौवें राष्ट्रपति चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुए। इस चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला बताया जा रहा था। 2.7 मिलियन से अधिक सिंगापुर के लोगों ने 66 वर्षीय नेता शनमुगरत्नम को चुनने के लिए मतदान किया था। उन्होंने देश की संस्कृति को विकसित करके इसे दुनिया में %चमकदार स्थान% बनाए रखने की प्रतिज्ञा के साथ औपचारिक रूप से अपना राष्ट्रपति अभियान शुरू किया था। चुनाव आयोग ने बताया कि रात 10.40 बजे तक थर्मन 70 प्रतिशत वोटों के साथ आगे चल रहे थे, जबकि प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार एनजी कोक सोंग 16 प्रतिशत और टैन किन लियान 14 प्रतिशत वोटों से पीछे चल रहे थे। हालांकि, शनमुगरत्नम ने सिंगापुर के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया है।



### परेशानी

*संयुक्त राष्ट्र महासचिव के मुख्य प्रवक्ता ने दिया बयान*

# माली में लगभग 10 लाख बच्चों पर गंभीर कुपोषण का खतरा

**संयुक्त राष्ट्र, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि अफ्रीकी देश माली में जीवनरक्षक सहायता के बिना, 05 वर्ष से कम उम्र के लगभग 10 लाख बच्चों को इस साल दिसंबर तक गंभीर कुपोषण का सामना करना पड़ेगा, जबकि कम से कम 200,000 लोगों के भूख से मरने का ख़तरा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को दिये बयान में कहा कि लंबे समय तक सशस्त्र संघर्ष, आंतरिक विस्थापन और प्रतिबंधित मानवीय पहुंच की घोर समस्याओं के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने यह चेतावनी जारी की है।**

### 200,000 लोगों के भूख से मरने का खतरा

श्री डुजारिक ने कहा कि माली की लगभग एक चौथाई आबादी मध्यम या तीव्र खाद्य असुरक्षा से पीड़ित है। पहली बार, मेनका के संकट प्रभावित क्षेत्र में 2,500 से अधिक लोग अकाल के खतरे में हैं, जिनमें से कई बच्चे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि यूनिसेफ और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के वरिष्ठ मानवीय अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों और मानवीय भागीदारों के साथ सहयोग में समर्थन दोहराने के लिए इस सप्ताह देश का दौरा किया।

मानवीय कार्रवाई और आपूर्ति संचालन के लिए यूनिसेफ के उप कार्यकारी निदेशक टेड चाइबन ने कहा, माली एक जटिल मानवीय संकट से गुजर रहा है और बच्चों के लिए आपदा को टालने के लिए तत्काल सहायता की आवश्यकता है, वह फिर से उस संकट की सबसे अधिक कीमत चुका रहे हैं जो उन्होंने पैदा भी नहीं किया है। उन्होंने कहा, माली के कुछ सबसे कठिन वर्षों के दौरान यूनिसेफ, डब्ल्यूएफपी और साझेदार जमीन पर मौजूद रहे हैं, और जब तक हमारी सेवाओं की आवश्यकता होगी, हम मानवीय और विकास के मुद्दों पर काम करना जारी रखेंगे। यूनिसेफ ने कहा कि माली में लगभग पांच मिलियन बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा सेवाओं के साथ-साथ सुरक्षित पानी तक पहुंच सहित मानवीय सहायता की तत्काल आवश्यकता है।यूनिसेफ और डब्ल्यूएफपी ने इस वर्ष माली में 4.7 मिलियन बच्चों सहित 8.8 मिलियन लोगों तक पहुंचने के लिए 184.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तत्काल अपील की।



एजेंसियों ने कहा कि कमजोर आबादी को आपातकालीन खाद्य सहायता प्रदान करने और टीकों को ठंडा रखने के लिए ईंधन सहित चिकित्सा सेवाओं का समर्थन करने और कुपोषण से पीड़ित बच्चों के लिए जीवनरक्षक उपचार जैसे अधिक मानवीय आपूर्ति खरीदने के लिए वित्त पोषण आवश्यक होगा।

### वर्ग पहेली-6305

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नौ | ज | २ ला | ध्य | ३ क्ष | ■ | ४ पा | की | ५ ज | गी |
| नि | ■ | व | ■ | ६ मा | हि | र | ■ | रू | ■ |
| ७ हा | सि | ल | ■ | या | ■ | ८ प | धा | र | ९ ना |
| ल | ■ | श्क | ■ | १० च | रि | त्र | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ ब | र | १२ स | ना | ■ | ■ | १३ उ | त्क | च |
| ■ | चा | ■ | चे | ■ | १४ सं | जी | दा | ■ | ला |
| १५ न | व | १६ जा | त | ■ | प | ■ | १७ र | १८ ह | ना |
| व | ■ | दू | ■ | १९ खि | न्न | २० ता | ■ | सी | ■ |
| २१ ल | वं | ग | ■ | ल | ■ | २२ र | त | ना | २३ र |
| ता | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का निधन



नई दिल्ली। ज़िम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर हीथ स्ट्रीक का 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। हीथ की पत्नी नेडिन स्ट्रीक ने रविवार को इसकी पुष्टि की। नेडिन ने फेसबुक पर लिखा, आज सुबह के शुरुआती घंटों में रविवार, तीन सितंबर 2023 को मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता को स्वर्गदूतों के पास ले जाया गया। वह अपने अंतिम दिन घर में परिवार और निकटतम प्रियजनों के साथ बिताना चाहते थे। वह प्रेम और शांति से सराबोर थे। हमारी आत्माएं अनंतकाल के लिये एक हो गई हैं स्ट्रीकी। हम फिर मिलेंगे। साल 2000 से 2004 के बीच जिम्बाब्वे के कप्तान रहे स्ट्रीक ने अपने देश के लिये 65 टेस्ट और 189 एकदिवसीय मैच खेले। स्ट्रीक 100 टेस्ट विकेट लेने वाले ज़िम्बाब्वे के एकमात्र क्रिकेटर हैं और उन्होंने अपने 12 साल के करियर के दौरान अक्सर लड़खड़ाती गेंदबाजी इकाई को अकेले ही संभाला है।

## भारत की निगाहें जीत के साथ सुपर 4 में स्थान बनाने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ भारत की कोशिश बुमराह,शमी व हार्दिक की धार व रफ्तार का जायजा लेने की

■ नेपाल से भारत को हरा उलटफेर करने की उम्मीद बेमानी


नई दिल्ली। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम की निगाहें पालीकेल (श्रीलंका) में वन डे एशिया कप क्रिकेट में शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने के बाद अब पालीकेल (श्रीलंका) में ही नौसिखिया नेपाल से सोमवार को ग्रुप ए का मैच बड़े अंतर से जीत के साथ शीर्ष पर रह सुपर 4 में स्थान बनाने पर लगी हैं। पाकिस्तान की टीम का भारत से मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने से अंक बांटने और नेपाल पर पहले मैच में बड़ी जीत से आगाज करने से ग्रुप ए में दो मैच से चार अंकों के साथ सबसे पहले सुपर 4 में पहुंचने से अब शीर्ष के लिए संघर्ष रोचक हो गया है। नेपाल को अपने पहले मैच में पाकिस्तान के हाथों 238 की हार झेलनी पड़ी थी। भारत का यदि बारिश के चलते नेपाल के खिलाफ सोमवार का दूसरा मैच भी बेनतीजा रहता है तो भी भारत दो मैचों से दो अंकों के साथ सुपर 4 में पहुंच जाएगा लेकिन तब पाकिस्तान ग्रुप ए में चार अंकों पर शीर्ष पर रहेगा।

भारत और नेपाल के बीच यह पहला अंतर्राष्ट्रीय वन डे मैच बेमेल या कहें की ये शेर व मेमने की लड़ाई सरीखा ही दिखाई पड़ रहा है। नेपाल की ताकत उसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अकेला शतक व छह अर्द्धशतक जडने् वाले बल्लेबाज कप्तान कुशल भुरतल,गुलशन झा तेज गेंदबाज ऑलराउंडर सोमपाल कामी के साथ भारत में आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स सहित कई विदेशों में कई क्रिकेट लीग मे खेल चुके लेग स्पिनर संदीप लमिछने ही हैं। नेपाल अपनी चुस्त फील्डिंग से जरूर भारत के बल्लेबाजों का इम्तिहान ले सकती है लेकिन उससे भारत को हरा उलटफेर करने की उम्मीद बेमानी ही है। नेपाल ने पाकिस्तान को पहले मैच में मुल्तान में शुरुआती झटके जरूर दिए थे लेकिन मेजबान टीम के कप्तान बाबर आजम और निचले क्रम में इफ्तिखार अहमद के तूफानी शतकों के सामने यह चाय की प्याली में तूफान का साबित हुआ। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ नाकामी के बाद जरूर नेपाल के खिलाफ इस मैच का उपयोग आगे सुपर 4 मैच से पहले अपनी रंगत पाने के लिए करना चाहेंगे।

खासतौर पर भारत की कोशिश अगले महीने अपने घर में शुरू होने वाले आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप की तैयारियों की मद्देनजर चोट से उबर कर अब फिट हो करीब एक साल के बाद वापसी करने वाले तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों की धार-रफ्तार का जायजा लेने की होगी। बारिश की आंचमिचौनी से भारत के टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी के दौरान दो बार बाधा उसे कप्तान रोहित शर्मा के एकाग्रता खोने, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रउफ के तूफान के खिलाफ क्षणि चूक से अच्छे आगाज के बाद चार विकेट मात्र 66 रन पर गंवाने के बाद बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन (82)और ऑलराउंडर उपकप्तान हार्दिक पांडया(87) की पांचवें विकेट की बेशकीमती 138 रन की भागीदारी की बदौलत असमतल उछाल के चलते 266 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सफर रहा था। ईशान किशन ने हार्दिक के साथ मिलकर खासतौर पर नंबर पांच पर पाकिस्तान के अफरीदी, नसीम शाह और रउफ जैसे रफ्तार के सौदागर और उसके उपकप्तान लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान, सलमान आगा और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज की त्रिमूर्ति के खिलाफ जवाबी हमला बोल बड़ी शतकीय भागीदारी की उससे उन्होंने भारत टीम प्रबंधन में खासतौर पर चीफ कोच राहुल द्रविड़ के लिए एकादश के चयन को लेकर सुखद सिररर्द पैदा कर दिया। भारत के क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट के वीरेंद्र सहवाग के साथ सबसे कामयाबी सलामी जोड़ीदार कमेंटेटर गौतम गंभीर ने कहा कि अब मध्यक्रम में विकेटकीपर व बाएं हाथथ बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन अपनी मौजूदा फॉर्म के कारण अब केएल राहुल से बेहतर विकल्प हैं। हालांकि एनसीए के सूत्रों के हवाले से भारतीय टीम प्रबंधन के लिए एक सुखद %सिरदर्द' पैदा करने वाली खबर यह है कि फिटनेस टेस्ट से एक दिन पहले ही केएल राहुल को अब पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है लेकिन बड़ा सवाल यह होगा कि उन्हे सीधे सुपर 4 मैच में एकादश में स्थान दिया जाए?

भारत का दुनिया की नंबर एक टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने से उसे अपने चोट के बाद आयरलैंड के खिलाफ बतौर कप्तान व तेज गेंदबााज टी-20 सीरीज जिताने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की धार देखने का मौका फिसल गया। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ के लिए खासतौर पर सही एकादश का चयन करना सबसे बड़ा सिरदर्द बना हुआ है। बेशक पाकिस्तान के खिलाफ बारिश के कारण भारत के गेंदबाजों का नंबर ही नहीं आया लेकिन मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी और बुमराह के बतौर तेज गेंदबाज सबसे कामयाब जोड़ीदार मोहम्मद शमी को बाहर रख तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को एकादश में शामिल करना सवाल खड़े करता है। कप्तान रोहित, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, इशान किशन, हार्दिक पांडया, रवींद्र जडेजा के रूप भारत जब सात बल्लेबाजों को अपनी प्रमुख ताकत मानता है तो उसे उन्हीं पर भरोसा करना चाहिए और बल्लेबाजी को मजबूत करने के नाम पर शार्दूल को एकादश में शामिल कर बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद सिराज ,हार्दिक पांडया के रूप में चार तेज गेंदबाज और खालिस स्पिनर के रूप मे बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल करना बेहतर संयोजन है क्योंकि बाएं हाथ के लेफ्ट आर्म के रूप में सटीक व कंजूस रवींद्र जडेजा एकादश में पहले से ही हैं।

## शीर्ष क्रम के फ्लॉप होने पर गावस्कर ने कहा, रोहित व विराट अपने पैरों का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे



नई दिल्ली। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले के दौरान टीम के शीर्ष क्रम के पतन से निराश हो गए, उन्होंने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी के खिलाफ अपने पैरों का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे। भारत 15 ओवर में 66-4 पर सिमट गया, शाहीन ने रोहित और कोहली को बोल्ड आउट किया, इसके बाद हारिस रऊफ ने श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल को आउट किया। ईशान किशन (82) और हार्दिक पांड्या (87) की सूझबूझ भरी पारियों की बदौलत भारत ने 48.5 ओवर में 266 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया।

बाएं-दाएं हाथ की बल्लेबाजी जोड़ी ने दबाव की स्थिति में आगे बढ़ते हुए पांचवें विकेट के लिए 138 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, भारत की पारी के बाद लगातार बारिश आने के कारण मैच को रद्द करना पड़ा। गावस्कर ने कहा, दोनों बल्लेबाज (रोहित और विराट) अपने पैरों का थोड़ा बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे। रोहित शर्मा के बल्ले और पैड के बीच बड़ा गैप था। श्रेयस अय्यर थोड़ा बदकिस्मत थे। वह एक क्रैकिंग हुक शॉट था लेकिन यह सीधे फील्डर के पास गया। अगर फील्डर 5 मीटर बाएं या दाएं होता, तो यह एक बॉउंड्री होती। शुभमन गिल, कुछ अजीब कारण से , बहुत दबे हुए लग रहे थे।

गावस्कर ने इंडिया टुडे पर कहा, ऐसा नहीं लग रहा था कि वह अपना स्वाभाविक गेम खेल रहा था, ऐसा लग रहा था कि वह अपने आस-पास किसी तरह की अनिश्चितता में है। यही कारण है कि उसने लंबे समय तक अपना खाता नहीं खोला और वह शायद ही उस शुभमन गिल की तरह लग रहा था जिसे हम जानते हैं। किशन, जिन्होंने शुरुआत में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद पांचवें नंबर पर एक अपरिचित स्थिति में बल्लेबाजी की, ने जवाबी हमले के प्रयास में 81 गेंदों में 82 रन बनाए, जिसमें 101.23 की स्ट्राइक रेट से नौ चौके और दो छक्के शामिल थे, एक ऐसा प्रयास जिसने अर्जित की गावस्कर की तारीफ।

मुझे लगता है कि उन्होंने जो दिखाया वह यह था कि एक शुरुआती बल्लेबाज निचले क्रम में कहीं भी बल्लेबाजी कर सकता है। यह दूसरी तरह से आसान नहीं है, जहां मध्य क्रम का बल्लेबाज आकर बल्लेबाजी की शुरुआत कर सकता है। यह आसान नहीं है, लेकिन एक शुरुआती बल्लेबाज को निचले क्रम में कहीं भी समायोजित किया जा सकता है, और वह भारतीय बल्लेबाजी लाइन में बाएं हाथ का आयाम लाता है। यदि आप शीर्ष चार को देख सकते हैं, तो वे सभी दाएं हैं और फिर बाएं हाथ का बल्लेबाज आता है, इसलिए यह गेंदबाजों के लिए थोड़ा मुश्किल बना देता है। इसके अलावा, उसके पास तेजी लाने की अद्भुत क्षमता है। वह देखने में बहुत छोटा लगता है, लेकिन वह जोरदार शॉट मारता है। उसने कुछ बड़े छक्के मारे और जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की वह वास्तव में प्रभावशाली थी क्योंकि आम तौर पर वह गेंदबाजी के बाद आगे बढ़ना पसंद करता है। लेकिन जब भी जरूरत पड़ी, उन्होंने सतर्क रहकर पहचान की और महसूस किया कि स्थिति क्या है।

## पाकिस्तान की गेंदबाजी भारतीयों की तुलना में अधिक आक्रामक : दिनेश कार्तिक

**कराची**। भारतीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बने दिनेश कार्तिक भारत के मुकाबले पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों को तरजीह देते हैं। उन्होंने नसीम शाह, हारिस रऊफ और शाहीन शाह आफरीदी की पाकिस्तानी तिकड़ी को श्रीलंकाई विकेटों पर घातक बताया। क्रिकबज से बात करते हुए कार्तिक ने कहा, शाहीन, हारिस रऊफ और नसीम लगातार 90+ गेंदबाजी कर सकते हैं और तीनों बहुत अलग हैं। शाहीन शाह, जाहिर तौर पर बाएं हाथ के पास एक कोण है और गेंद को वापस लाते हैं, नसीम शाह गेंद दोनों तरफ से स्विंग करते हैं, हारिस अपनी स्किड और खतरनाक बाउंसर के कारण पारी के अंतिम छोर पर निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है। यह पूछे जाने पर कि वह इन विकेटों पर किसे बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे, उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाजों (मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह) का सामना करना सहज पाया। उन्होंने पाकिस्तानी तिकड़ी द्वारा पिच से उत्पन्न उछाल का उल्लेख करते हुए उन्हें न खेलने का कारण बताया। कार्तिक ने कहा, मेरे लिए, वे सपाट विकेटों पर कहीं अधिक शक्तिशाली आक्रमण हैं। अगर पिच में कुछ है तो दोनों आक्रमण हर समय बहुत समान हो जाते हैं, लेकिन अगर मुझे आक्रमण खेलना होता है तो मुझे एक भावना होती है। उन्होंने आगे कहा, बुमराह, सिराज और शमी को खेलने का शायद मेरे पास बेहतर मौका है क्योंकि उन्हें जो उछाल मिलेगा वह पाकिस्तान के ये तीन अन्य गेंदबाज जो कर सकते हैं उससे थोड़ा कम होगा। पाकिस्तानी तेज गेंदबाज तिकड़ी ने शनिवार रात गिरे सभी 10 विकेट झटके। हालांकि, बारिश के कारण मैच रद्द हो गया और दोनों टीमों ने एक-एक अंक बांट लिया। पाकिस्तान तीन अंकों के साथ अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर गया।

## मिराज-शान्तो के शतक, बंगलादेश ने बनाये 334 रन

**लाहौर**। मेहदी हसन मिराज़ (112) और नजमुल हुसैन शान्तो (104) के शानदार शतकों की बदौलत बंगलादेश ने एशिया कप के करो या मरो ग्रुप-बी मुकाबले में रविवार को अफगानिस्तान के सामने 335 रन का लक्ष्य रखा। बंगलादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और मिराज़ ने मोहम्मद नईम के साथ मिलकर पहले ओवर से ही मोर्चा संभाल लिया। मिराज़-नईम ने पहले विकेट के लिये 10 ओवर में 60 रन की साझेदारी की, हालांकि अफगानिस्तान ने चार गेंद के अंदर दो विकेट गिराकर मैच में वापसी की। मुजीब उर रहमान ने नईम (32 गेंद, 28 रन) को आउट कर साझेदारी तोड़ी, जबकि गुलबदिन नाइब ने तौहीद हृदोय को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया। नईम और हृदोय के विकेट हालांकि बंगलादेश को बैकफुट पर नहीं धकेल सके। मिराज़ और शान्तो ने इसके बाद अपने-अपने शतक पूरे करते हुए 195 रन की विशाल साझेदारी कर डाली। मिराज़ 119 गेंद पर सात चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाकर



रिटायर हर्ट हो गये, जबकि शान्तो ने 45वें ओवर में रनआउट होने से पहले 105 गेंद पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 104 रन बनाये। मुश्फिकुर रहीम (15 गेंद, 25 रन) और शाकिब अल हसन (18 गेंद, नाबाद 32 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी के साथ बंगलादेशी पारी को मज़बूत अंत दिया। शमीम हुसैन ने छह गेंद पर एक छक्के के साथ 11 रन बनाये। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब ने 10 ओवर में 62 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि नाइब ने आठ ओवर में 58 रन देकर एक सफलता हासिल की। फज़्लहक़ फारूक़ी छह ओवर में 53 रन देकर अफगान टीम के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए।

## सार संक्षेप

### टेस्ट में पहले तटस्थ अंपायरों में से एक, पीलू रिपोर्टर का 84 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में पहले दो तटस्थ अंपायरों में से एक पीलू रिपोर्टर का रविवार को बीमारी के कारण मुंबई में निधन हो गया। 84 वर्षीय रिपोर्टर सेरेब्रल कन्फ्यूजन बीमारी से पीड़ित थे और उनके घर पर उनकी पत्नी और दो बेटियां उनकी देखभाल कर रही थीं। 1992 विश्व कप, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेला गया था, 14 टेस्ट मैचों और 22 एकदिवसीय मैचों के अलावा उन टूर्नामेंटों में से एक था जिसमें रिपोर्टर ने अंपायरिंग की थी। रिपोर्टर, 1992 विश्व कप में एकमात्र भारतीय अंपायर था, जो अपने फुर्तीले संकेत के लिए जाना जाता था। 1986 में लाहौर में पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया टेस्ट मैच रिपोर्टर के लिए एक बड़ा अवसर था - यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तटस्थ अंपायर के लिए पहला उदाहरण था। उन्होंने साथी भारतीय वीके रामास्वामी के साथ उस मैच में अंपायरिंग की थी। पाकिस्तान के कप्तान इमरान खान ने घरेलू अंपायरों के कथित पूर्वाग्रह के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए बदलाव का सुझाव दिया। आईसीसी ने दो साल बाद इसे औपचारिक रूप देने से पहले 1992 में टेस्ट क्रिकेट में एक तटस्थ अंपायर का प्रयोग किया था।

### ताकतवर भारतीय चौकड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में अमेरिकियों को चौंका दिया

**नई दिल्ली।** पिछले रविवार को हंगरी के बुडापेस्ट में एक सुखद शाम को, भारत ने इतिहास रचा जब मोहम्मद अनस, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वरियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4×400 मीटर रिले रेस फाइनल में 2:59:92 सेकंड का समय लेकर विश्वसनीय पांचवें स्थान पर रही। चैंपियनशिप के इतिहास में यह पहली बार था कि भारत ने प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई, जिसे अंततः अमेरिका (2:57:31) ने जीता, जबकि फ्रांस (2:58:45) और ग्रेट ब्रिटेन (2:58:71) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## डब्ल्यूबीबीएल : रेनेगेड्स में बनी रहेंगी हरमनप्रीत

**मेलबर्न**। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के विदेशी ड्राफ्ट में चुनी जाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थीं, जिन्हें रविवार को मेलबर्न रेनेगेड्स ने अपने पास बरकरार रखा। यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा सहित कुल 18 भारतीय खिलाड़ियों का नाम डब्ल्यूबीबीएल के विदेशी ड्राफ्ट में शामिल था, लेकिन हरमनप्रीत के अलावा किसी को भी फ्रेंचाइजी नहीं मिली।



रेनेगेड्स ने प्लैटिनम श्रेणी में मौजूद हरमनप्रीत और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को अपने पास बरकरार रखा। हरमनप्रीत ने 2021-22 सीज़न के दौरान रेनेगेड्स के लिये 12 पारियों में 58.00 की औसत और 130.96 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए, जिसमें तीन अर्धशतक और नाबाद 81 रन का शीर्ष स्कोर शामिल रहा। उन्होंने पूरे सीज़न में 7.45 की इकॉनमी से रन देते हुए 15 विकेट भी चटकाये।

उल्लेखनीय है कि हरमनप्रीत ने 2016-17 सीज़न में सिडनी थंडर के साथ डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण किया था। रेनेगेड्स के मुख्य कोच साइमन हेल्मोट ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि हमें वे दोनों (हरमनप्रीत और हेली) मिलीं। मैं इस साल फिर से उनके साथ काम करने के लिये उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, यह निर्णय कठिन था। क्या हम तीसरे नंबर पर हरमनप्रीत को लें, या हम हेली को लें? सौभाग्य से, यह हमारे लिये कारगर साबित हुआ कि हरमनप्रीत अभी भी दूसरे दौर में उपलब्ध थीं, इसलिए हम उसे अभी भी प्लैटिनम श्रेणी के तहत प्राप्त कर सकते थे।

हरमनप्रीत डब्ल्यूबीबीएल के अलावा द हंड्रेड में लंकाशर थंडर्स, सुपरनोवाज़, मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स और ट्रेंट रॉकेट्स का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। भारत की विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में वह मुंबई इंडियन्स के लिये खेलती हैं।

## बाएज का विजय रथ रोक आगे बढ़े मेदवेदेव, अल्काराज, ज़्वेरेव भी जीते

**न्यूयॉर्क**। रूस के दानिल मेदवेदेव ने अर्जेंटीना के सेबैस्टियन बाएज़ का विजय रथ रोकते हुए उन्हें अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में करारी शिकस्त दी। बाएज़ पिछले 12 मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में आ रहे थे लेकिन पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने शनिवार को उन्हें 6-2, 6-1 7-6(6) से हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।



शुरुआती दो सेट एकतरफा रूप से जीतने के बाद मेदवेदेव को तीसरे सेट में बाएज़ से कड़ी टक्कर मिली। बाएज़ ने मेदवेदेव के फोरहैंड का मज़बूती से जवाब देते हुए तीसरे सेट में 5-2 की बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाल दिया। मेदवेदेव ने खेल दोबारा शुरू होने के बाद वापसी करते हुए 4-5 पर सर्विस हासिल की। बाएज़ के लिये लगातार अप्रत्याशित गलतियां करना भारी पड़ा और वह टाईब्रेकर में 6/6 पर गलती करके मुकाबला हार गये।

मेदवेदेव ने जीत के बाद कहा, मुझे ऐसा लगा कि हम दोनों अच्छा खेल रहे थे, यहां तक कि पहले दो सेटों में भी। मैं सही मौकों पर थोड़ा बेहतर खेला, सब कुछ मेरे हिसाब से हो रहा था। थोड़ा भाग्य का भी साथ रहा और मेरे अच्छे खेल ने भी मुझे सेट में बनाए रखा। अगले दौर में मेदवेदेव का सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा। इस बीच, रूस के आंद्रे रुबलेव, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज़्वेरेव और स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टरफाइनल में कदम रखा।

रुबलेव ने फ्रांस के आर्थर रिंडरनेक को 3-6, 6-3, 6-1, 7-5 से हराया। गत चैंपियन अल्काराज़ ने ब्रिटेन के डैन इवान्स को 6-2, 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। ज़्वेरेव ने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-7(2), 7-6(8), 6-1, 6-1 से मात दी।

## भारत ने पाक को पुरुष एशिया कप हॉकी 5 के फाइनल में शूटआउट में हरा खिताब जीता

■ स्ट्राइकर रहील और गोलरक्षक सूरज करकेरा रहे भारत की जीत के हीरो

**नई दिल्ली।** उपकप्तान मोहम्मद रहील के दूसरे हाफ के आखिर में दागे दो मैदानी गोल की बदौलत भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फाइनल में सलाला(ओमान) में 2-4 से पिछडने् के बाद चार -चार की बराबरी पाने के बाद शूटआउट में गोलरक्षक सूरज करकेरा को दो बेहतरीन बचाव से 2-0 से हरा कर पहला पुरुष हॉकी 5 एशिया कप 2023 खिताब जीत लिया। सूरज करकेरा की तारीफ करनी होग कि निर्धारित समय में दो बेहतरीन बचाव किए। मनदीप मोर की अगुआई वाली भारतीय टीम के लिए शूटआउट में मनिंदर सिंह और गुरजोत ने एक-एक गोल किया ।पाकिस्तान के लियाकत अरशद और मुहम्मद मुतर्जा के गोल के प्रयास को भारत के गोलरक्षक सूरज करकेरा ने रोक कर बेकार कर दिया। भारत ने पाकिस्तान से फाइनल जीत कर उससे इलीट पूल मैच की 4-5 से हार का हिसाब चुकाया। भारत और पाकिस्तान ने फाइनल में स्थान बनाने के साथ इसमें खेलने उतरने से पहले एफआईएच 2024 पुरुष हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई कर लिया। सेमीफाइनल में भारत ने मलयेशिया को 10-4 से तथा पाकिस्तान ने ओमान को 7-5 से हराया।

पाकिस्तान ने फाइनल में भारत के खिलाफ आक्रामक अंदाज में आगाज किया। अब्दुल रहमान ने पांचवें मिनट



में गोल कर पाकिस्तान का खाता खोला। जुगराज सिंह ने दो मिनट बाद और मनिंदर सिंह ने तीन बाद मैदानी गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। अब्दुल राणा ने 13 वें तथा जिकिरिया हयात ने अगले मिनट गोल कर पाकिस्तान को 3-2 से आगे कर दिया। अरशद लियाकत ने दूसरे हाफ के चौथे मिनट में गोल जब पाकिस्तान की बढ़त 4-2 कर दी तो तब फाइनल भारत की पहुंच से खिसकता लगा। उपकप्तान मोहम्मद रहील ने 19 वें और फिर खेल खत्म होने से चार मिनट पहले गोल कर भारत को चार-चार की बराबरी दिला दी और निर्धारित समय की समाप्ति पर स्कोर यह रहने से फाइनल शूटआउट में खिंच गया। भारत ने शूटआउट 2-0 से जीत कर खिताब अपने नाम किया। उपकप्तान मोहम्मद रहील के हैट्रिक सहित चार तथा मनिंदर सिंह, पवन राजभर, सुखविंदर सिंह, डिप्सन टिर्र्की , जुगराज सिंह और गुरजोत सिंह के एक -एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को पहले सेमीफाइनल में भी शनिवार को 10-4 से शिकस्त दी। मलयेशिया के लिए कप्तान अकीमुल्लाह ने दो तथा अबू इस्माइल व मुहम्मद दिन ने एक-एक गोल किया। भारत ने मलयेशिया को इलीट पूल मैच में 7-5 से हराया।

हॉकी इंडिया ने खिताब जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के हर सदस्य को दो-दो लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को एक-एक रुपये का इनाम देने की घोषणा की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन दिलीप टिर्की ने भारतीय टीम को हॉकी 5 एशिया कप में स्वर्ण जीत सीधे एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 5 ओमान के लिए क्वॉलिफाई करने पर बधाई देते हुए कहा, हमारी भारतीय टीम ने हरफनमौला प्रदर्शन किया। हमारी महीनों की मेहनत रंग लाई। मैं अपनी भारतीय टीम से अब एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 5 ओमान 2024 में भी यही बढ़िया प्रदर्शन जारी रखने की आस करता हूं।'

## सुडोकू 6306 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 |

## मेरा दिल रियलिटी टीवी से जुड़ा है, मैं ऐसे शो और करना चाहता हूं : बसीर अली

**मुंबई।** 'स्प्लिट्सविला 10', 'रोडीज राइजिंग' और 'ऐस ऑफ स्पेस 2' जीतने वाले मॉडल से अभिनेता बने बसीर अली वर्तमान में पारिवारिक ड्रामा 'कुंडली भाग्य' में शौर्य लूथरा की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, उनका कहना है कि वह और अधिक रियलिटी शो करने की उम्मीद कर रहे हैं। बसीर ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरा दिल रियलिटी टीवी से जुड़ा है। मैं ऐसे और शोज का इंतजार कर रहा हूं जो मैंने पहले नहीं किए हैं। ऐसे कई और शो अभी बाकी हैं, जिन पर काम किया जाना बाकी है। रियलिटी शो के साथ मेरी यात्रा अद्भुत थी, मैंने अपना करियर रियलिटी टीवी से शुरू किया और अब अभिनय की ओर बढ़ रहा हूं, जिसके बारे में मुझे बहुत अच्छा लगता है।

# 'यात्री' में उनका किरदार अधूरे जुनून और सपनों की भावना है : सीमा पाहवा



**मुंबई।** दिग्गज अभिनेत्री-निर्देशक सीमा पाहवा ने शेयर किया है कि आने वाली फिल्म 'यात्री' में उनका मां का किरदार अधूरे जुनून और सपनों की भावना लेकर आता है। सीमा पाहवा 'बरेली की बर्फी', 'रामप्रसाद की तेरहवीं', 'बाला', 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। हरीश व्यास द्वारा निर्देशित फिल्म में अभिनेत्री रघुबीर यादव, जेमी लीवर, अनुराग मल्हान और चाहत खन्ना के साथ अभिनय करेंगी। सीमा ने बताया कि मुझे पर्दे पर मां की भूमिका निभाने में बहुत मजा आता है। यही वजह है कि मैंने यह किरदार निभाने का फैसला किया। यह अवधारणा अत्यधिक आकर्षक है, और मैं वास्तव में इसकी कहानी का शौकीन हूं। इसके अतिरिक्त एक निर्देशक के रूप में मेरे मन में हरीश के प्रति बहुत सम्मान है। यह उनकी विशेषज्ञता ही थी, जिसने मुझे यह भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। एक्ट्रेस ने आगे उल्लेख किया कि अपने पूरे करियर में, उन्होंने कई प्रकार के मातृ चरित्रों को चित्रित किया है, जिनमें से प्रत्येक अद्वितीय और आत्मनिर्भर है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में मैं जिस किरदार की खोज कर रही हूं, वह अपने साथ अधूरे जुनून और सपनों की भावना लेकर आता है। वह खुद को अनिश्चित पाती हैं कि अपनी आकांक्षाओं को कैसे हासिल किया जाए, जिससे एक निश्चित स्तर की भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है। यह विशेष भूमिका मुझे एक समर्पित मां की विशिष्ट अपेक्षाओं से परे, उनकी व्यक्तिगत यात्रा को प्रदर्शित करने की अनुमति देती है, जिसकी एकमात्र इच्छा अपने परिवार और बच्चों की खुशी और सफलता है। उन्होंने आगे कहा कि वह एक मध्यमवर्गीय महिला है, जिसने निस्वार्थ भाव से अपने सपनों को अधूरा छोड़कर अपने परिवार के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उसकी प्राथमिक इच्छाओं में से एक अपनी दुकान स्थापित करना और वित्तीय सुरक्षा हासिल करना है। जबकि, फिल्म रोजमर्रा के क्षणों में खुशी खोजने की अवधारणा की पड़ताल करती है, उसकी खुशी भौतिकवादी लक्ष्यों और उसके जीवन के अधूरे पहलुओं से जुड़ी है। अकिओन एंटरटेनमेंट के कुकू मोहनका द्वारा निर्मित यात्री 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली है।



# आने वाले दशकों में भूजल की कमी की दर तीन गुना

- शोधकर्ता का एक नए अध्ययन में चेतावनी
- खाद्य और जल सुरक्षा को और खतरा
- गर्म तापमान से तनावग्रस्त फसलों के लिए पानी की मांग बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में किसानों ने सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले भूजल की निकासी तेज करके बढ़ते तापमान को अनुकूलित कर लिया है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो 2080 तक भूजल के नुकसान की दर तीन गुना हो सकती है, जिससे भारत की खाद्य और जल सुरक्षा को और खतरा होगा, भारतीय मूल के एक शोधकर्ता के नेतृत्व में एक नए अध्ययन में चेतावनी दी गई है। अमेरिका में मिशिगन विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए अध्ययन के अनुसार, भूजल की कमी और जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में पानी की उपलब्धता में कमी से देश के 1.4 अरब निवासियों में से एक तिहाई से अधिक की आजीविका को खतरा हो सकता है और इसके वैश्विक प्रभाव होंगे। भारत चावल और गेहूं सहित सामान्य अनाज का दूसरा सबसे बड़ा वैश्विक उत्पादक है। विश्वविद्यालय के पर्यावरण और स्थिरता स्कूल में सहायक प्रोफेसर, वरिष्ठ लेखिका मेहा जैन ने कहा कि हमने पाया है कि किसान पहले से ही बढ़ते तापमान के जवाब में सिंचाई का उपयोग बढ़ा रहे हैं, एक अनुकूलन रणनीति जिसे भारत में भूजल की कमी के पिछले अनुमानों में शामिल नहीं किया गया है। साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है, यह देखते हुए कि भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपभोक्ता है और क्षेत्रीय और वैश्विक खाद्य आपूर्ति के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। मुख्य लेखक ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय में भूगोल और पर्यावरण स्थिरता विभाग के निशान भट्टाराई हैं, जो पहले जैन की प्रयोगशाला में पोस्टडॉक्टरल शोधकर्ता थे।

शोध में वार्मिंग के कारण निकासी दरों में हाल के बदलावों को देखने के लिए भूजल स्तर, जलवायु और फसल जल तनाव पर ऐतिहासिक डेटा का विश्लेषण किया गया। शोधकर्ताओं ने पूरे भारत में भूजल हानि की भविष्य की दरों का अनुमान लगाने के लिए 10 जलवायु मॉडलों के तापमान और वर्षा अनुमानों का भी उपयोग किया। पिछले अध्ययनों ने भारत में फसल उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन और भूजल की कमी के व्यक्तिगत प्रभावों पर ध्यान केंद्रित किया है। लेखकों के अनुसार, उन अध्ययनों में किसानों के निर्णय लेने की बात शामिल नहीं थी, जिसमें यह भी शामिल था कि किसान सिंचाई निर्णयों में बदलाव के माध्यम से बदलती जलवायु को कैसे अपना सकते हैं। नया अध्ययन इस तथ्य को ध्यान में रखता है कि गर्म तापमान से तनावग्रस्त फसलों के लिए पानी की मांग बढ़ सकती है, जिसके चलते किसानों को सिंचाई में वृद्धि करनी पड़ सकती है।

# अब जूम पर वीडियो कॉल के दौरान टेक्स्ट में कर सकेंगे बदलाव

**नई दिल्ली।** वर्चुअल मीटिंग प्लेटफॉर्म जूम ने नोट्स नामक एक फीचर पेश किया है जो यूजर को वीडियो कॉल के दौरान टेक्स्ट डॉक्यूमेंट बनाने, साझा करने और संपादित करने की अनुमति देता है। नोट्स उपयोगकर्ताओं को जूम मीटिंग के भीतर सामग्री बनाने और साझा करने तथा रियल टाइम में इनपुट के लिए कॉल पर दूसरों के साथ सहयोग करने की अनुमति देता है। इससे कॉल के दौरान यूजर को डॉक्यूमेंट से जुड़ी जरूरतों के लिए बार-बार विंडो बदलने की जरूरत नहीं रहेगी। यूजर ऑनलाइन मीटिंग समाप्त होने के बाद भी एसिंक्रोनस रूप से नोट्स पर काम करना जारी रख सकता है और उसे कभी भी, कहीं भी सहयोग के लिए साझा कर सकता है।



जूम में प्रोडक्टिविटी एप्लिकेशन के प्रमुख डारिन ब्राउन ने कहा कि हम यूजर को ऐसा अनुभव प्रदान करना चाहते हैं जो उन्हें दूसरे कंटेंट मैनेजमेंट टूल पर जाने की बजाय जूम प्लेटफ़ॉर्म के भीतर रहते हुए एजेंडा और नोट्स बनाने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि नोट्स के साथ, मीटिंग के दौरान और बाद में व्यक्तिगत और सहयोगात्मक नोट्स बनाना और साझा करना सहज है। यूजर नोट बना सकते हैं, एजेंडा बना सकते हैं, और इसे बैठक से पहले और बैठक के दौरान उपस्थित लोगों के साथ साझा कर सकते हैं। वे नोट खोल सकते हैं और इसे दूसरों के साथ साझा कर सकते हैं ताकि वे बैठक के दौरान सहयोग कर सकें। यूजर इन-मीटिंग नेविगेशन बार से मौजूदा नोट्स तक आसानी से पहुंच सकेंगे या मीटिंग के दौरान एक नया नोट शुरू कर सकेंगे। कंपनी ने कहा कि नोट क्रिएटर्स के पास ज़ूम व्हाइटबोर्ड की तरह ही वास्तविक समय में सहयोग करने के लिए मीटिंग के दौरान एक साझा सत्र शुरू करने की क्षमता होगी।

# रजनीकांत की 'जेलर' की ओटीटी रिलीज शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' से टकराएगी



**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' 7 सितम्बर को शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'जवान' के साथ डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। जवान 7 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। लेखक और निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार ने कहा कि जेलर के साथ हम एक मनोरंजक फिल्म बनाना चाहते थे जो थलाइवर को एक जबरदस्त एक्शन भूमिका में दिखाए। हम दर्शकों के अद्भुत प्यार और मीडिया के अनुकरणीय शब्दों से अभिभूत हैं। उन्होंने आगे कहा कि जेलर मेरे लिए बेहद खास है, मेरे पास अपनी विशिष्ट अभिनय शैली के साथ कहानी को ऊंचा उठाने के लिए रजनीकांत सर थे, और इस सामूहिक मनोरंजन में अपना जादुई स्पर्श जोड़ने के लिए भारतीय फिल्म उद्योग के सुपरस्टार मोहनलाल सर, शिव राजकुमार सर और जैकी श्रॉफ सर थे। हम दुनिया भर के दर्शकों के लिए उत्साहित हैं कि वे अब अपने घरों से, किसी भी समय और कहीं भी इस एक्शन ड्रामा का आनंद ले सकते हैं। प्राइम वीडियो ने शनिवार को 7 सितंबर को रजनीकांत अभिनीत %जेलर% के वैश्विक स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की। यह तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में प्राइम मेंबरशिप का लेटेस्ट एडिशन है। यह ब्लॉकबस्टर एक सेवानिवृत्त जेलर टाइगर मुथुवेल पांडियन (रजनीकांत) के बारे में है, जो अपने बेटे के हत्यारों से बदला लेता है। सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित, फिल्म में रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही राम्या कृष्णन, योगी बाबू, विनायकन, तमन्ना भाटिया और मास्टर ऋत्विक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं और मोहनलाल, शिव राजकुमार और जैकी श्रॉफ ने विशेष भूमिका निभाई है।

# इस सावन नहीं सुनाई दीं कजरी की स्वर लहरी



**मिर्जापुर** (एजेंसियां)। 'मिर्जापुरी कजली' उदास है। इस बार भले दो सावन का योग था मगर कजली के स्वर लहरियां नहीं सुनाई पड़ी। जिले के चौपालों पर अजब सन्नाटा है। शुक्रवार को कजली का मुख्य उत्सव जगरन था। महिलाओं का न ढुनमुनिया कजली नृत्य दिखा न ही अखाड़ों के कजली दंगल। कभी मिर्जापुर में कजली उत्सव के रूप में मनाई जाती थी। लोगों की भारी भीड़ इस उत्सव में जुटती रही हैं। पूरे सावन माह रोज कही न कही मेला का आयोजन होता रहा है।

लीला रामनगर सब पर भारी, कजली मिर्जापुर सरनाम की कहावत कजली की महत्ता का वर्णन करता है। तथा इस लोक परम्परा को स्वयं सिद्ध करता हैं। वर्षा गीत के रूप में देश विदेश में मशहूर कजली अपने जन्म स्थान पर ही अपना स्वर खो रही है। कजली कभी जन जन कंठहार बन जाती थी। पर आज यह लोक संगीत युवक और युवतियों की उपेक्षा का शिकार हो गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार की संस्कृति विभाग द्वारा इस लोक परम्परा को पुनर्स्थापित करने के लिए कजली महोत्सव आयोजन शनिवार को कर रहा है। कुछ स्वयं सेवी संस्थाएं भी आगे आ रही है। पर यह प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। स्व स्फूर्ति वाला यह उत्सव में आम का जुटना अति आवश्यक है। जिसमें महिलाओं की सहभागिता सबसे आवश्यक है। केन्द्री सरकार ने स्थानीय कजली गायिका अजीता श्रीवास्तव को पद्मश्री सम्मान देकर इस लोक परम्परा को बढ़ावा देने का संदेश दिया है।अजीता श्रीवास्तव ने कहा कि कजली का स्वर्ण युग फिर आएगा।

कजली के ऐतिहासिक महत्व के अनुसार विंध्यवासिनी देवी का एक नाम कजला भी है। जगरन का दिन मां विंध्यवासिनी देवी का जन्म दिन माना जाता है। कजली को देवी के जन्मोत्सव के रूप में साक्षी गीत माना जाता है। बाद में कजली प्रेम गीत जिसमें संयोग एवं वियोग दोनों कथ्य बने। अखाड़ों के प्रादुर्भाव से राष्ट्रीय, सामाजिक एवं अन्य विषयों पर कजली गायी जाने लगी।

# बारिश के लिए नाबालिग लड़कों का विवाह समारोह आयोजित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पर मंडरा रहे सूखे के खतरे के बीच, लोग विभिन्न मान्यताओं का सहारा ले रहे हैं। लोग बारिश के देवता से प्रार्थना करते हुए विशेष पूजा कर रहे हैं। कर्नाटक में बेंगलुरु के आसपास के जिलों में बारिश के देवता का आह्वान करके नाबालिग लड़कों की शादी कराने की कई घटनाएं सामने आई हैं। नाबालिग लड़कों की शादी की परंपरा बड़े पैमाने पर बेंगलुरु ग्रामीण, चिक्कबल्लापुर और कोलार जिलों में प्रचलित है। चिंतामणि तालुक के हिरेकाट्टीगेहल्ली और चिक्का बल्लापुर तालुक और जिले के मोगलाकुप्पे गांव के ग्रामीणों ने नाबालिग लड़कों की शादी कराई। गांवों के लोग एकत्र हुए और नाबालिग लड़कों की शादी में हिस्सा लिया। इस काम के लिए कक्षा पांच के छात्रों को चुना गया और उन्हें दूल्हा-दुल्हन की ड्रेस पहनाई गई। मंगलसूत्र के साथ गांठ बांधने समेत सभी रस्में निभाई गईं। लोगों ने आशीर्वाद देने के लिए वर्षा देवताओं को आमंत्रित करके विवाह अनुष्ठान में भाग लिया और आरती की। उन्हें पैसे भी उपहार में दिए गए। समारोह के बाद लड़के अपने सामान्य जीवन में लौट आए। ये घटनाएं गुरुवार और बुधवार को सामने आईं। संयोगवश, बेंगलुरु शहर सहित आसपास के जिलों में पिछले तीन दिनों से बारिश हो रही है। किसानों को चिंता थी कि मानसून असफल होने के कारण पूरी फसल नष्ट हो जाएगी, अब उन्हें उम्मीद है कि उन्हें कम से कम मुख्य रागी की फसल मिल सकेगी।

# जैकलीन फर्नांडीज वेनिस फिल्म फेस्ट में इटालियन पवेलियन के पैनल चर्चा में शामिल



**मुंबई,।** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने हाल ही में वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के चल रहे संस्करण में इटालियन पवेलियन के पैनल चर्चा में भाग लिया। यह चर्चा 'नए मीडिया समय में नई छवि, नई जीवनशैली और सिनेमा' विषय पर केंद्रित थी। इटालियन पवेलियन कार्यस्थल उद्योग के रुझानों की पहचान करने और वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ पारिस्थितिकी तंत्र का कुशलतापूर्वक समर्थन करने के उद्देश्य से सम्मेलनों और व्यावसायिक बैठकों की मेजबानी करता है। अपने अनुभव को साझा करते हुए 'हाउसफुल 3' अभिनेत्री ने कहा कि मैं इटालियन पवेलियन के पैनल चर्चा का हिस्सा बनकर अभिभूत हूं। यह सिनेमा, जीवनशैली और डिजिटल युग के मिश्रण को समझने का एक शानदार मौका है। उन्होंने आगे उल्लेख किया मेरा मानना है कि आज की दुनिया में हर किसी के पास अपनी कहानी को कैद करने की क्षमता है, और प्रौद्योगिकी ने इस क्षमता को कैसे बढ़ाया है, इस पर अपने विचार साझा करने में मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं।

# माधुरी पटले को मिसेज यूनिवर्स इंडिया 2023 का मिला ताज



**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। शी इज इंडिया द्वारा मिसेज यूनिवर्स इंडिया 2023 के रूप में सम्मानित होने के बाद, महाराष्ट्र के नागपुर की माधुरी पटले ने फिलीपींस के मनीला में 1 से 10 अक्टूबर तक होने वाली आगामी मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान अर्जित किया है। अपनी जीत के बारे में बोलते हुए पटले ने कहा कि उनकी जीत दृढ़ता की शक्ति और हममें से प्रत्येक के भीतर मौजूद अदम्य भावना का प्रमाण है। मुझे इस सम्मान का प्राप्तकर्ता होने और इस संदेश को आगे बढ़ाने पर बेहद गर्व है कि वह वास्तव में भारत को मजबूत, आत्मविश्वासी और अजेय बनाती है। जैसे ही मैं यह ताज पहनती हूं, मैं न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल करने वाली महिला के रूप में खड़ी होती हूं, बल्कि हर उस महिला के प्रतिनिधि के रूप में खड़ी होती हूं जो सपने देखने और बाधाओं को तोड़ने का साहस करती है।

मिसेज इंडिया - शी इज इंडिया 2023 का आठवां एडिशन, जुल्फेन द्वारा सह-संचालित, सौंदर्य और प्रतिभा के चमकदार प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ, जिसने एक अमिट छाप छोड़ी। 27 से 30 अगस्त तक, यह कार्यक्रम नई दिल्ली के प्रतिष्ठित स्थल, द उमराव में आयोजित किया गया, जिसमें भारत की सर्वोत्तम सुंदरता और सुंदरता का प्रदर्शन किया गया।

30 अगस्त की शाम को, चकाचौंध और ग्लैमर की पृष्ठभूमि के बीच, मिसेज इंडिया - शी इज इंडिया 2023 पेजेंट अपने चरम पर पहुंचा। अदिति शर्मा द्वारा औपचारिक रूप से ताज उनके सिर पर रखा गया और श्रुति कावेरी अय्यर और नोयोनिता लोध द्वारा पहना गया, एक ऐसा क्षण जिसने न केवल प्रतियोगिता की परिणति का संकेत दिया, बल्कि सशक्तिकरण और परिवर्तन की एक उल्लेखनीय यात्रा का भी संकेत दिया। शानदार मिसेज इंडिया शी इज इंडिया 2023 पेजेंट 9 असाधारण फाइनलिस्टों की उल्लेखनीय यात्रा का गवाह बना, जो वास्तव में सशक्तिकरण और अनुग्रह की भावना का प्रतीक हैं।


ऐश्वर्या देशमुख, तान्या पुरी, कंचन शिंदे मुजुमदार, तनिष्क रूपचंदानी, माधुरी पटले, शिवानी बागड़िया, नेहा ब्रेव, यापोली, प्रिया सिंह शुक्ला गुप्ता प्रत्येक ने मंच पर प्रतिभा, लचीलापन और करिश्मा का अपना अनूठा मिश्रण पेश किया। मिसेज इंडिया - शी इज इंडिया 2023 की फाइनलिस्ट न केवल सुंदरता, बल्कि करुणा की भी मिसाल हैं। उन्होंने समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए मानव तस्करी के पीड़ितों को बचाने और पुनर्वास के लिए समर्पित एक गैर सरकारी संगठन का समर्थन करने का बीड़ा उठाया है।


# चंबल अंचल की नई छवि गढ़ेगा चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

■ ओम प्रकाश सिंह











- 32 देशों से 184 फिल्मों का आवेदन, चुनिंदा फिल्मों का होगा प्रदर्शन
- 'चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-7' में मिलेगा नई प्रतिभाओं को मौका

**पंचनद।** कभी गोलियों की गूंज से थर्राने वाला चंबल नए रास्ते पर चल पड़ा है। चंबल अंचल की नई छवि गढ़ने को बेताब घाटी का पहला फिल्म समारोह 'चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' धीरे-धीरे समाज में जगह बनाने के साथ अब देश-विदेश के फिल्मकारों के बीच खासा लोकप्रिय होता जा रहा है। यही वजह है कि धौलपुर में होने जा रहे चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के सातवें संस्करण के लिए इस बार भारत, ताइवान, अमेरिका, ब्रिटेन, वियतनाम, मिस्र, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, स्पेन, पुर्तगाल, सेरबिया, तुर्की सहित 32 देशों से विभिन्न श्रेणियों में कुल 184 फिल्में प्राप्त हुईं। इनमें फीचर फिल्म, शार्ट फिल्म, डाक्युमेंट्री, वेब सीरिज और मोबाइल फिल्में शामिल हैं।

चंबल अंचल की सकारात्मक पहचान को उभारने के लिए चल रही मुहिम और आगे बढ़ने जा रही है। इसका नया ठिकाना धौलपुर है। धौलपुर में पहली बार 'चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-7' होने जा रहा है। इसका पोस्टर भी जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने रिलीज कर दिया है। 'चंबल परिवार' के बैनर तले चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का सातवां संस्करण इस बार 9-10 सितम्बर को धौलपुर के नगर परिषद सभागार में भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तमाम सरोकारी देशी-विदेशी फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

ज्यूरी सदस्यों ने सभी फिल्मों के गहन परीक्षण के बाद 103 फिल्मों का ऑफिशियली चयन किया है। इनमें से कुछ बेहतरीन और चुनिंदा फिल्में दो दिवसीय फिल्म समारोह में प्रदर्शित की जाएंगी। इस वर्ष की ज्यूरी में पांच दिग्गज हस्तियां शामिल हैं। जिनमें डॉ. अनुषा श्रीनिवासन अय्यर जो कि सरोकारी पत्रकार के रूप में मशहूर वैश्विक पुरस्कार विजेता लेखिका-निर्देशिका हैं। बाल श्रम, आशा और खुशी पर आधारित उनकी फिल्म 'सारे सपने अपने हैं' ने 128 से अधिक पुरस्कार जीते और 150 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित की गई। ज्यूरी में दूसरा नाम अभिनेत्री और मॉडल मान्या पाठक का है जो जीटीवी के रियलिटी शो 'दिल्ली डार्लिंग्स', 'एसिड आक्रमण' में अभिनय के साथ संगीत वीडियो 'तौबा मेरी तौबा', 'ये रास्ते' में काम कर चुकी लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। ज्यूरी में तीसरा नाम अल्बानिया निवासी फिल्म निर्देशक, लेखक एवं व्याख्याता वाल्मिर टर्टिनी हैं। उनकी बनाई फिल्में दुनिया भर के सैकड़ों फिल्म समारोहों का हिस्सा रही हैं। उन्हें 19 अंतरराष्ट्रीय और 3 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। वह तिराना विश्वविद्यालय में फिल्म और जनसंचार पढ़ाने के साथ कोसोवो, अल्बानिया और मैसेडोनिया के समाचार पत्रों में टीवी और फिल्मों के लिए निरंततर लिखते रहें हैं।

### रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता भी होगी

9 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से जूनियर/सीनियर वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए एक घंटे 'चंबल में जन-जीवन' विषय पर रंगोली प्रतियोगिता और 'चंबल घाटी में प्रवासी पक्षी' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। इसी दिन 1 बजे अतिथियों द्वारा साझा तौर पर फिल्म समारोह का विधिवत उद्घाटन समारोह शुरु होगा। साहित्य और सिनेमा में दिलचस्पी रखने वालों से दो दिनी आयोजन में हिस्सेदारी की अपील की गई है। आयोजन समिति में बॉबी सिंह गुर्जर, संजय शर्मा, ज्योति लवानिया, कर्नल नीलेश इंगले, सुबोध गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. शाह अयाज सिद्दीकी, अभि प्रताप चौधरी, माधव शर्मा, अजय प्रताप सिंह सिकरवार, शंकर देव तिवारी, अर्पित शर्मा, अंशुल यादव, जयंत ध्रुव, शिव कुमार आदि शामिल हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# बदले मौसम ने शहर में वायरल फीवर ने पसारे पैर




## जिला अस्पताल पहुंच रहे सैकड़ों मरीज में पहुंच रहे मरीज

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में मौसम का मिजाज बदलते ही वायरल फीवर ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। जिसका परिणाम यह हुआ है कि अस्पतालों व क्लिनिक में मरीजों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। आलम यह है कि हर तीसरे घर में वायरल बुखार की चपेट में मरीज मिल रहा है। शासकीय और गैर शासकीय अस्पतालों में हर दिन सैकड़ों वायरल फीवर के शिकार मरीज पहुंच रहे हैं। कमोवेश हर घर में एक से ज्यादा मरीज हैं।

वायरल फीवर तेजी से फै ल रहा है। घर में जैसे ही किसी भी एक सदस्य को वायरल फीवर होता है, उसके अगले दिन ही दूसरे सदस्य को अपनी पकड़ में ले रहा है। इसकी विकरालता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अकेले जिला अस्पताल में प्रतिदिन हजार से %यादा मरीज पहुंच रहे हैं। आम तौर पर यहां पर पांच सौ से सात सौ के बीच मरीज आते थे। इससे बुरा हाल ग्रामीण अंचल और शहर के दूसरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का है। जिसमें रांझी और मनमोहन नगर शामिल हैं। चिकित्सकों की माने तो इस बीमारी से बचने के लिये लोगों को खूब पानी पीने के साथ खान-पान पर खास ध्यान रखने की आवश्यकता है। इससे काफी हद तक मौसमी बीमारी से बचा जा सकता है। इधर जबलपुर और आस-पास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर बूंदा-बांदी की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार अभी मानसून की सक्रियता वैसी देखने को नहीं मिलेगी जैसे कि पूर्व में देखने को मिली थी। जबलपुर में बारिश का आंकड़ा 44.5 इंच के पास पहुंचकर थम गया है। गौरतलब है कि जबलपुर के आसमान में मानसून के बादल गायब रहे हैं। इससे मौसम के मिजाज में बुरी तरह बदलाव आया है। जिसका खामियाजा आम जनों को मौसमी बीमारी की मार के रूप में उठाना पड़ रहा है। स्थानीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नगर का रविवार को न्यूनतम तापमान 25.8 और अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से क्रमश: दो से तीन डिग्री अधिक माना गया है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता है वैसे-वैसे तापमान का ग्राफ भी उपर की तरफ बढ़ रहा है। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी और धूप से दो चार होना पड़ रहा है।

### जरूरी इंतजाम किये जा रहे

जिस तरह मौसम का मिजाज बना हुआ है उसके बाद वायरल फीवर ने अपने पांव तेजी से पसार लिये हैं। इन दिनों हर दूसरे घर में वायरल फीवर के शिकार मरीज मिल रहे हैं। इस तरह की बीमारी का असर तीन से पांच दिनों तक बना रहता है। जिला अस्पताल में रोज की ओपीडी में र हजार से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। इनकी संख्या को देखते हुये जिला अस्पताल और दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में दवाईयों का पर्याप्त स्टॉक और जरूरी इंतजाम किये गये हैं।

**- डॉ. संजय मिश्रा,**
सीएमएचओ जबलपुर



# संजीवनी नगर में युवक की हत्या : आरोपियों ने नाले में फेंकी लाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के नब्बे क्वाटर से लगी रेलवे लाइन के पास एक युवक की हत्या कर शव को नाले में फैंक दिया। रविवार की दोपहर को स्थानीय लोगों की सूचना पर संजीवनी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवा कर उसकी पतासाजी शुरू कर दी है। शव के आसपास पुलिस को शराब की बोतल और खून भी मिला है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने पहले तो युवक के साथ शराब पी और फिर उसके सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी।

आरोपियों ने इसके बाद शव को नाले में फैंक दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर संजीवनी नगर थाना पुलिस के स्टाफ के साथ ष्टस्क्क एचआर पांडे भी मौके पर पहुंचे। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है, अभी इसकी जानकारी नही लग पाई है। मौके पर पड़ी शराब की बोतलों को देखते हुए अंदेशा जताया जा है कि मृतक के साथ आरोपियों ने पहले शराब पी और फिर उसके सिर पर पत्थर पटक कर हत्या कर दी। आरोपियों ने हत्या को अंजाम देने के बाद शव को नाले में फैंक दिया। और फरार हो गए। नाले में शव मिलने की सूचना के बाद एफएसएल की टीम और पुलिस मौके पर पहुंच सबूतों को इकट्टा किया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेजा है। पुलिस मृतक की फोटो को सभी थाने में भेज कर उसकी पतासाजी कर रही है।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हथिनी लक्ष्मी की मौत



**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हथिनी की मौत से हड़कंप मच गया है। जंगली हाथी के हमले में हथिनी लक्ष्मी घायल हो गई थी, जिसकी शनिवार को मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उमरिया जिले के प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में लगातार वन्यजीवों की मौत का सिलसिला जारी है। बीते दिनों यहां एक तेंदुआ शावक मृत मिला था, वहीं शनिवार को बांधवगढ़ में एक हथिनी मृत पाई गई है। हथिनी की मौत की वजह से प्रबंधन में अफरा-तफरी का माहौल है। वन अधिकार सुधीर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि जंगली हाथी ने हाथी के बच्चे (लक्ष्मी) के ऊपर दांतों से हमला किया था, जिसकी वजह से (लक्ष्मी)हथनी की मौत हुई है। उसकी उम्र करीब पांच साल थी। हथिनी को देखने के लिए दूर-दूर से सैलानी बांधवगढ़ आया करते थे। अचानक उसकी मौत से रिजर्व प्रबंधन सवालों के घेरे में है। बीते कुछ दिनों से बांधवगढ़ में लगातार वन्यजीवों की मौत हो रही है। बीते दिनों तेंदुआ शावक की मौत से पहले जंगली सुअरों की मौत हुई थी।

# बारिश ने मुंह मोड़ा और बिजली कर रही परेशान, ग्रामीणों का मंत्री के घर के सामने धरना

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले की कैबिनेट मंत्री मीना सिंह के निवास पर ग्रामीणों ने धरना दिया। मानपुर से सटे कई गांवों के किसानों ने बिजली की समस्या को लेकर चक्काजाम किया। फिर सड़क पर ही धरना दे दिया। धरने में मानपुर जनपद पंचायत से जुड़े हुए ग्राम बचहा, ग्राम टीकुरी (गड़रिया टोला), ग्राम रायपुर के डोंगरी टोला, अमरपुर (इंदिरा नगर) के सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। किसानों का कहना था कि बिजली विभाग की लापरवाही से पिछले कई माह से क्षेत्र में बिजली नही है। इस कारण से कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। जिले में इन ग्रामों के अलावा भी कई क्षेत्रों में बिजली नहीं है। इन क्षेत्रों में ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

# बकरामुंडी में नक्सली पर्चे मिलने से हड़कंप, पुलिस ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ाई सर्चिंग

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले के बकरामुंडी में शनिवार को नक्सली पर्चे मिले हैं। पर्चों में सीएम शिवराज और पीएम मोदी के बारे में लिखा गया है। वहीं, पर्चे मिलने के बाद पुलिस ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सर्चिंग बढ़ दी है। बालाघाट में शनिवार को लांजी अनुविभागीय मुख्यालय के वार्ड नंबर 1 बकरामुंडी में नक्सली पर्चे मिले हैं। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने पर्चे मिलने की पुष्टि की है।





उन्होंने बताया कि पर्चों को बरामद कर लिया गया है और पुलिस द्वारा संघन चौकसी की जा रही है। पर्चों में भाजपा सरकार को पूंजीपतियों की कठपुतली बताते हुए आगामी 21 सितंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी संगठन की स्थापना के 19 साल पूर्ण होने पर धूमधाम के साथ वर्षगांठ मनाने का उल्लेख है। नक्सलियों ने शोषित और वछिंतों की आवाज शीर्षक से मौजूद केन्द्र सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए गुजराती में लिखा है कि मोदी ना राजमा अम्बानी अदानी मजा मा और जनता जीये सजा मा। पर्चे में अदानी और अंबानी के साथ प्रधानमंत्री की फोटो भी चस्पा की गई है। पर्चे में भाकापा की स्थापना सरकारी तंत्र और देश में फैली आर्थिक असमानता के संबंध में उल्लेख किया गया हैं।

गौरतलब है कि बकरामुंडी गांव के निवासियों में शासन और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी है। एक सप्ताह पूर्व बकरामुंडी के लगभग 25 परिवारों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं की मांग की थी। 2007 में बकरामुंडी बस्ती स्थापित किए जाने के बाद उन्हें आवश्यक सुविधाओं से वंछित रखा गया है। इसके पहले वे घोर नक्सली प्रभावित इलाके में रह रहे थे। विस्थापित परिवारों को आज तक भूमि भी प्रदान नहीं की गई है ताकि वे आवास बना सके।

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि पर्चों को जब्त कर लिया गया है। विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए नक्सल प्रभावित एवं वन क्षेत्रों में पुलिस की सर्चिंग बढ़ा दी गई है। नक्सली गतिविधियों पर पुलिस ने अंकुश लगा रखा है। किसी व्यक्ति के माध्यम से पर्चे फेंके गये होंगे।

# पश्चिम बंगाल से पकड़े गए ठग, गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर करते रहे ठगी

जबलपुर, देशबन्धु। जबलपुर की सायबर सेल पुलिस ने ठगी करने वाले दो युवकों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। दोनों युवक गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला के पास फोन आया, जिसमें गैस एजेंसी देने के लिए कहा गया. यहां तक कि 16 जनवरी 2020 को वेबसाइट पर जाकर गैस एजेंसी लेने के लिये फार्म भराए गए। 19 जनवरी को एजेंसी डीलरशिप में रजिस्ट्रेशन सफल होने का ईमेल प्राप्त हुआ। इसके बाद महिला को एप्रूवल फार्म भेजा गया। इसके बाद ठगों ने मोबाइल फोन पर बातचीत करना शुरु कर दिया। इसके बाद ठगों ने रजिस्ट्रेशन फीस, केवायसी फीस, एनओसी, एग्रीमेन्ट, लाईसेन्स, सिलेन्डर स्टोरेज के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों पर राशि जमा कराई। इसके तरह से 4 लाख 90 हजार रुपए की ठगी की गई। मामले की शिकायत मिलने पर जबलपुर में स्टेट सायबर सेल पुलिस ने मामले की जांच करते हुए एक टीम पश्चिम बंगाल भेजी। जहां से अनिरबन मैती उम्र 30 वर्ष निवासी भगवनपुर पुरवा मेदनीपुर व रिपी सिंह आर सरानी जिला कोलकाता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 हजार रुपए नगद, दो मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज बरामद किए है।



### किराए पर लेते थे बैंक खाते

पुलिस को जांच में पता चला कि दोनों आरोपी अलग अलग मोबाइल नम्बरों से फोन करते थे। यहां तक कि जिन खातों में वे रुपए डलवाते थे, वे खाते भी ठगों द्वारा किराए से लिए जाते रहे। पुलिस अब इस बात का कर रही है कि दोनों आरोपियों ने और किन किन लोगों को अपना शिकार बनाया है।



# वॉटर शेड तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत, गांव में मातम का माहौल

**अनूपपुर, देशबन्धु।** राजेन्द्रग्राम पुलिस के अनुसार 2 सितम्बर की शाम ग्राम पंचायत बसनिहा में 10 वर्षीय स्वाती पुत्री प्रमोद सिंह एवं 11 वर्षीय निशा पुत्री गंगू सिंह स्कूल से वापस आकर वहीं खेल रही थी और खेलते खेलते वॉटर शेड के तालाब तक पहुँच गई जहां खेल के दौरान तालाब की मेढ़ से फिसलकर सीधा पानी में जा गिरी और डूब गई। इस दौरान एक अन्य सहेली साथ थी जिसने दोनों को बचाने की कोशिश की परंतु नाकाम होने पर इसकी जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजनों के साथ ग्रामीण जब तक वहां पहुंचते तब तक दोनों मासूम गहरे पानी की आगोश में समा चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शवों को बाहर निकलवाकर मौका पंचनामा बनाने की कार्यवाही कर शव को सुरक्षित रखा रविवार 3 सितम्बर को पोस्टमार्टम उपरांत अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बसनिहा के बरटोला में बने वॉटरशेड तालाब में सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नही हैं, जिस स्थल पर तालाब बना है वहां की मेढ़ से फिसलने से इस तरह से हादसे और हो सकते है।

# हत्या करने की फिराक से ससुराल गए एएफ जवान ने की थी अंधाधुंध फायरिंग, सभी आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी के लोनिया गांव स्थित अपने ससुराल में जाकर फायरिंग करने के बाद फरार हुए सनकी दामाद एसएफ जवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के सहयोगी को भी गिरफ्तार किया है और आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए हैं। फिलहाल, आरोपी को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया है। सिवनी के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लोनिया गांव में गत दिवस एक सनकी एसएफ जवान विशाल बघेल ने अपने ही ससुराल में जाकर अंधाधुंध फायरिंग की थी।

फायरिंग की घटना में ससुराल पक्ष की बुआ, सास और साला गम्भीर रूप से घायल हुए थे। जो फिलहाल खतरे से बाहर हैं। वहीं ससुराल में अंधाधुंध फायरिंग करने की वारदात को अंजाम देकर मुख्य आरोपी एसएफ जवान अपने अन्य साथियों के साथ फरार हो गया था। पुलिस ने दबिश देकर सभी चार आरोपियों को कान्हीवाड़ा के जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास एक पिस्टल और अन्य हथियार भी बरामद किए हैं।



### पत्नी को मारने ससुराल पहुंचा था जवान

सिवनी एसपी राकेश कुमार सिंह ने इस मामले का खुलासा करते हुए जानकारी दी कि पुलिस पूछताछ में आरोपी एसएफ जवान विशाल बघेल ने बताया है कि वह लंबे समय से चले आ रहे घरेलू विवाद पर अपनी आरक्षक पत्नी उपासना बघेल का कत्ल करने की फिराक में अपने ससुराल गया था। लेकिन ससुराल में पत्नी नहीं मिली तो उसने ससुराल वालों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। फिलहाल, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसपी ने यह भी बताया, कि जिस व्यक्ति ने आरोपियों को पिस्टल उपलब्ध कराई है, विवेचना में उस व्यक्ति को भी इस प्रकरण में आरोपी बनाया जाएगा।

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
FREE FREE FREE FREE
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

# उमरिया में छह साल की मासूम के साथ किया दुष्कर्म

**उमरिया, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में एक छह साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। मामला 15 दिन पहले का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत छह साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म होने की घटना सामने आयी है। जिसकी रविवार को लिखायी गई है।

जहां स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना वाले दिन उन्होंने पुष्पराज उर्फ बेटू पिता फूल सिंह गोंड़ उम्र 20 साल को भागते देखा, जिसके पीछे बच्ची भी रोते-रोते निकली। वहीं, इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने घटना के 15 दिन बाद शिकायत दर्ज कराई है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 130
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 132
छोटा ब्रॉयलर - रु. 134
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 138
मुर्गा मीडियम - रु. 136
मुर्गा बड़ा - रु. 134
मुर्गा जम्बो - रु. 134
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITIONS APPLY)
ADVANCE TICKET IS OPEN FOR MOVIE OF JAWAN
LOVE ALL 05:30 PM
DREAM GIRL 2 10:00 AM 12:30 PM 03:00 PM 05:45 PM 08:15 PM 10:55 PM
GADAR-2 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 04:15 PM 07:30 PM 10:45 PM
JAILER IN HINDI 08:00 PM
OMG-2 10:30 AM 04:30 PM 10:30 PM
KHUSHI IN HINDI 01:30 PM IN TELUGU 07:30 PM
THE EQUILIZER- 3 IN HINDI 10:00 AM 03:15 PM 11:00 PM